आश्विन कृष्ण पक्ष तृतीया उपरांत 09:15 चतुर्थी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 20 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 31, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वैज्ञानिकों ने खोज निकाला सबसे बड़ा ब्लैकहोल जेट 16

अपने बेटों को जब वी मेट दिखाना चाहती हैं करीना 15

# बिहार में दबंगों ने दलितों के 80 घर जलाए

## पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी सहित 15 को किया गिरफ्तार

नवादा/पटना, एजेंसी

बिहार के नवादा जिले में बुधवार शाम को दबंगों ने दलित बस्ती के करीब 80 घरों में आग लगा दी। इस दौरान फायरिंग भी की गई। घटना के पीछे जमीन का विवाद कारण बताया जा रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से 34 घरों के आग के चपेट में आने की बात कही जा रही है।

कृष्ण नगर माझी टोले में हुई इस घटना में पुलिस ने अभी तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना की निंदा करते हुए सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। नवादा



बिहार के नवादा में दबंगों द्वारा दलित बस्ती में लगाई गई आग में जलते घर।

- **मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की घटना की निंदा**

के जिलाधिकारी (डीएम) आशुतोष कुमार वर्मा ने बताया कि माझी टोला में एक समूह ने करीब 34 घरों को नष्ट कर दिया। आगजनी से प्रभावित ज्यादातर घर एससी/एसटी समुदाय के लोगों के थे। डीएम ने कहा कि यह आशंका भी जताई जा रही कि आरोपियों ने घरों में आग लगाने से पहले हवा में गोलियां चलाईं।

# बबुआ के राज में माफिया चलाते थे समानांतर सरकार

## योगी ने कहा-जनता पिसती थी, बबुआ 12 बजे सोकर उठता था, 1005 करोड़ की 93 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव पर कड़े प्रहार किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार के समय हर जिले का बड़ा माफिया व गुंडा सीधे सपा से जुड़ा था। पदाधिकारी या शागिर्द भी उसी पार्टी का था।

कहा कि बबुआ 12 बजे तक सोता था। बबुआ घर से बाहर नहीं निकलता था। माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। अराजकता व गुंडागर्दी करते थे। वह मिल्कीपुर में विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 1005 करोड़ की 93 परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण समारोह पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के



समय में संगठित अपराध था। पशु, वन, खनन और भू-माफिया थे। मुस्लिम तुष्टिकरण की हद थी। पर्व व त्योहारों में इन लोगों ने अराजकता फैलाई थी। सारा काला चिट्ठा सामने आएगा तो मुंह दिखाने लायक नहीं बचेंगे। होली, दिवाली, रक्षाबंधन-शिवरात्रि, रामनवमी-जन्माष्टमी को प्रतिबंधित कर दिया था। जन्माष्टमी के आयोजनों पर थाना, पुलिस लाइन, जेलों में रोक लगा दी थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह इनके संस्कार हैं। कहते थे कि जन्माष्टमी में भजन न गाओ। हरे रामा, हरे कृष्णा की धुन कुछ लोगों को पसंद नहीं है। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाती थी। दुर्गा पूजा में अयोध्या का दंगा हर किसी ने देखा। सपा सरकार में अयोध्या के देवकाली मंदिर में मूर्ति चोरी हो गई थी। बतौर सांसद गोरखपुर से आकर मैंने आंदोलन किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में कोई जमीन घोटाला नहीं हुआ। गुर्गों पर कार्रवाई की तो सरगना को तकलीफ हो रही है। उन्होंने अयोध्या के विकास कार्यों की फेहरिस्त गिनाई। उनके साथ प्रदेश सरकार के कई मंत्री, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी मंच पर मौजूद थे।

### समाजवादी पार्टी को डकैती डालने के लिए अंधेरा ही चाहिए

योगी ने कहा कि दीपोत्सव पर अयोध्या के मंदिरों पर जब दीप जलते हैं तो सिर्फ सपा मुखिया और पाकिस्तान को परेशानी होती है। इन्हें मालूम है कि अयोध्या में जलने वाला एक-एक दीप अयोध्या, प्रदेश व देश को रोशन करेगा। पाकिस्तान भारत का दुश्मन है, उसे तो परेशानी होती है, लेकिन हिंदू विरोधी मानसिकता के कारण समाजवादी पार्टी को भी दिक्कत होती है। सपा को डकैती डालने के लिए अंधेरा ही चाहिए।

## एक नजर

### महंत नृत्य गोपालदास की फिर बिगड़ी तबीयत



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की फिर से तबियत बिगड़ने के बाद गुरुवार को उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि फिर उन्हें यूरिन की समस्या हुई है। भोजन-पानी भी नहीं ले रहे थे। उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि कुछ जांच भी होनी है, जिसके लिए दो दिन भर्ती रहना होगा।

### सलमान के काफिले में घुसे युवक पर मामला दर्ज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के सुरक्षा काफिले में घुसे मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि यह घटना बीती रात बांद्रा में महबूब स्टूडियो और गैलेक्सी अपार्टमेंट के बीच हुई, जहां अभिनेता का घर है। अभिनेता को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से कई धमकियां मिली हैं और उन्हें मुंबई पुलिस द्वारा वाई-प्लस सुरक्षा दी गई है। घटना के समय सलमान अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि रात लगभग 12.15 बजे जब काफिला महबूब स्टूडियो से गुजरा तो मोटरसाइकिल पर सवार उजैर फैज मोहिउद्दीन (21) ने सलमान की कार के पास जाने की कोशिश की।

# कश्मीर में नहीं लागू होने देंगे खून बहाने का पाकिस्तानी एजेंडा : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा-पड़ोसी मुल्क के इशारे पर खेल रहे नेकां और कांग्रेस

- **दावा-दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में 370 वापस नहीं ला सकती**
- **भरोसा : जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा और भाजपा ही इसे पूरा करेगी**



श्रीनगर/जम्मू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधाते हुए आरोप लगाया कि यह गठबंधन आतंक के आका पाकिस्तान के उसी एजेंडे को जम्मू-कश्मीर में लागू करना चाहता है, जिसने यहां पीढ़ियां बर्बाद की और खून बहाया। अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे और दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती है। मोदी जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

इससे पहले, उन्होंने दिन में श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक रैली को संबोधित किया। दोनों ही जनसभाओं में प्रधानमंत्री ने इस पूर्ववर्ती प्रदेश के लोगों को भरोसा दिलाया कि जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा और भाजपा ही इस प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। कटरा की रैली में मोदी ने कहा कि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस को लेकर जम्मू-कश्मीर में भले ही उत्साह न हो, लेकिन पड़ोसी देश इन्हें लेकर बहुत उत्साह में है। पाकिस्तान में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन की बल्ले बल्ले हो रही है। इनके घोषणापत्र से पाकिस्तान बहुत खुश नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का खुलकर समर्थन किया है, जिन्होंने कहा है कि अनुच्छेद 370 और 35 ए को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का एजेंडा वही है जो पाकिस्तान का है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस ने यहां वही काम किया जो आतंक के आका पाकिस्तान को फायदा पहुंचाता था। उन्होंने कहा कि आज भी यह आतंकी आका के उसी एजेंडे को लागू करना चाहते हैं। लेकिन मोदी आज कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस को डंके की चोट पर कह रहा है कि हम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे। दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती। ज्ञात हो कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक पाकिस्तानी समाचार चैनल से बातचीत में कहा है कि उनका देश कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के विचारों से सहमत है कि अनुच्छेद 370 को बहाल किया जाना चाहिए।

### कांग्रेस-पाकिस्तान के इरादे और एजेंडा एक : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तानी मंत्री ख्वाजा आसिफ की टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि इससे फिर से यह स्पष्ट हो गया है कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। शाह ने 'एक्स' पर कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री द्वारा अनुच्छेद 370 और 35ए पर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का समर्थन करने की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है। इस बयान ने पुन: यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देशवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए हर एक भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं।

# केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू पर एफआईआर



- **राहुल गांधी पर की थी टिप्पणी**

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए बयानों को लेकर उनके खिलाफ टिप्पणी के लिए केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के विरुद्ध यहां एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। गुरुवार को पुलिस ने बताया कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक पदाधिकारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। बिट्टू ने रविवार को कहा था कि जब बम बनाने में माहिर लोग राहुल गांधी का समर्थन कर रहे हैं, तो वह देश के नंबर एक आतंकवादी हैं।'इस बयान की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की थी।

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद बिट्टू ने कहा कि वह अपनी टिप्पणी पर कायम हैं और पुलिस शिकायतों से नहीं डरते। प्राथमिकी दर्ज होने पर रेल राज्य मंत्री बिट्टू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा प्राथमिकी और पुलिस मामले दर्ज करके डराने की कोशिश करती है। मैं बिल्कुल भी चिंतित नहीं हूं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत में सिखों की स्थिति के बारे में जो भी कहा है, मैं उस विचार से कैसे सहमत हो सकता हूं।

# अब रामपुर में ट्रैक पर खंभा रख ट्रेन पलटाने की साजिश

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

- **बिलासपुर में शरारती तत्वों की करतूत, लोको पायलट की सूझबूझ से टला हादसा**

**अमृत विचार :** रामपुर में रेलवे लाइन पर शरारती तत्वों ने लोहे का खंभा रखकर उधर से गुजर रही देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस को बेपटरी करने की कोशिश की लेकिन लोको पायलट की सजगता हादसा टल गया। पायलट ने वक्त रहते खंभे को देखकर ट्रेन को रोक लिया। जानकारी मिलने पर रेल अधिकारियों में खलबली मच गई। खंभे को हटाने के बाद ट्रेन आगे रवाना हुई।

सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र तथा जीआरपी के पुलिस अधीक्षक ने मौका मुआयना किया। जीआरपी रामपुर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रुद्रपुर बॉर्डर से सटी क्षेत्र की बलवंत एनक्लेव कालोनी के पीछे पिलर संख्या 45/10 तथा 45/11 के बीच रेलवे लाइन पर शरारती तत्वों ने टेलीफोन लाइन बिछाने में इस्तेमाल होने वाला लोहे का खंभा रख दिया। देहरादून-काठगोदाम जन शताब्दी एक्सप्रेस (12091) बुधवार की रात को करीब 10 बजे देहरादून से काठगोदाम जा रही थी। लोको पायलट ने ट्रैक पर लोहे का खंभा रखा देखकर ट्रेन रोक ली और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इसके बाद लोको पायलट ने खंभे को रेलवे लाइन से हटाकर ट्रेन को रवाना किया। ट्रेन को 9:45 पर रुद्रपुर पहुंचना था। घटना के चलते वह ट्रेन 10:15 बजे रुद्रपुर स्टेशन पहुंची। हाल ही में ट्रेन पलटाने की कई साजिशें हुई हैं। 17 अगस्त को साबरमती एक्सप्रेस ट्रैक पर रखे लोहे के टुकड़े के कारण डीरेल हो गई थी। 8 सितंबर को कालिंदी एक्सप्रेस तथा 24 अगस्त को फर्रुखाबाद पैसेंजर को पलटाने की साजिश की गई थी।



> बिलासपुर क्षेत्र में रेलवे लाइन पर लोहे का खंभा पड़ा होने की जानकारी पर मैंने मौके का निरीक्षण किया। रामपुर जीआरपी में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। -**आशुतोष शुक्ला**, एसपी रेलवे, मुरादाबाद मंडल

# दुष्कर्म पीड़िता को गोली से उड़ाया

## मां तथा भाई के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रही थी छात्रा

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

- **कार सवार हमलावरों ने बाइक से खींचकर छात्रा को मार दी गोली**
- **कैलादेवी थाना क्षेत्र की वारदात आरोपी व मामा के खिलाफ रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में मां और भाई के साथ बाइक से घर लौट रही दुष्कर्म पीड़िता कक्षा नौ की छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मां और भाई का आरोप है कि कार में सवार दुष्कर्म के आरोपी ने अपने मामा के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस दूसरे पहलू पर भी जांच कर रही है।

कैला देवी थाना क्षेत्र के भमोरी पट्टी गांव निवासी किसान गाजियाबाद के साहिबाबाद मंडी में ट्रैक्टर चलाता है। उसकी पत्नी बुधवार को बेटी के साथ गाजियाबाद से गांव लौट रही थी। सौंधन पहुंचने पर उन्हें लेने के लिए बेटा बाइक लेकर आ गया। बारिश की वजह से रात 10 बजे तक सौंधन में ही रहे। इसके बाद तीनों बाइक से गांव को रवाना हुए। छात्रा की मां का आरोप है कि रास्ते में सरकारी स्कूल के सामने कार सवार लोगों ने बाइक रोक ली। उनकी बेटी से दुष्कर्म करने का आरोपी रिंकू पुत्र राकेश निवासी भमौरी पट्टी अपने मामा पप्पू पुत्र जुगली निवासी सेतुआ थाना रजपुरा के साथ कार से उतरा और बाइक पर बैठी बेटी को खींच लिया और उसे गोली मार दी।

सूचना पर थाना पुलिस के साथ एएसपी श्रीशचंद और सीओ अनुज चौधरी मौके पर पहुंचे। सीओ अनुज चौधरी ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिंकू और उसके मामा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने रिंकू को जेल भेजा था, वह 20 दिन पहले ही जमानत पर छूटा है।

# आतिशी 21 को लेंगी मुख्यमंत्री पद की शपथ

नई दिल्ली, एजेंसी



- **पांच कैबिनेट मंत्री भी होंगे, एक नया चेहरा शामिल**

दिल्ली की नामित मुख्यमंत्री आतिशी के नेतृत्व में नया मंत्रिमंडल 21 सितंबर को शपथ लेगा। मंत्रिमंडल में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे जबकि चार मंत्री बरकरार रहेंगे।

'आप' ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दिल्ली की मुख्यमंत्री नामित की गईं आतिशी और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी 21 सितंबर को पद की शपथ लेंगे। आप ने कहा कि निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मंत्रीमंडल का हिस्सा रहे गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत और इमरान हुसैन को पुनः मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक के विश्वासपात्र सहयोगियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन द्वारा पिछले साल फरवरी में इस्तीफा देने के बाद आतिशी और भारद्वाज को केजरीवाल के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद आतिशी ने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।

# बेनतीजा रही वार्ता, डॉक्टरों की हड़ताल जारी

**आरजी कर अस्पताल मामला**

कोलकाता, एजेंसी

आरजी कर अस्पताल मुद्दे पर गतिरोध को हल करने के लिए प्रदर्शनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों और पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों के बीच दूसरे दौर की वार्ता बुधवार रात को बेनतीजा रही जिसके कारण चिकित्सक हड़ताल जारी रखेंगे।

चिकित्सकों का आरोप है कि राज्य सरकार ने बैठक का लिखित विवरण देने से इनकार कर दिया। बैठक के बाद चिकित्सकों ने घोषणा की कि वे अपना आंदोलन और 'काम रोको' अभियान तब तक जारी रखेंगे जब तक सरकार बैठक में हुई सहमति के अनुसार सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की सुरक्षा के संबंध में लिखित निर्देश जारी नहीं कर देती। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों में शामिल डॉ. अनिकेत महतो ने कहा कि बातचीत तो सुचारू रूप से हुई लेकिन सरकार ने उन मुद्दों का हस्ताक्षरित और लिखित विवरण सौंपने से इनकार कर दिया जिन पर चर्चा हुई। महतो ने कहा कि हम अपनी मांगों की विस्तृत जानकारी देते हुए कल एक ईमेल भेजेंगे। स्वास्थ्य सचिव एन एस. निगम के खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने की मांग को भी सरकार ने नहीं माना।

### पूर्व प्राचार्य संदीप घोष का चिकित्सा पंजीकरण रद



पश्चिम बंगाल चिकित्सा परिषद (डब्ल्यूबीएमसी) ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष का पंजीकरण गुरुवार को रद कर दिया। घोष आरजी .कर अस्पताल में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामलें में इस समय सीबीआई की हिरासत में हैं। डब्ल्यूबीएमसी द्वारा तैयार की जाने वाली पंजीकृत चिकित्सकों की सूची से घोष का नाम 19 सितंबर को हटा दिया गया।

# भाजपा विधायक के मामा की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)



- **हसनपुर के घंसूरपुर खालसा गांव में हुई घटना**

**अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव घंसूरपुर खालसा में बुधवार रात गोशाला में सो रहे हसनपुर विधानसभा से भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के मामा सत्यप्रकाश (72) की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

परिजन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां से उन्हें मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। देर शाम डीआईजी मुनिराज जी ने गांव में पहुंचे। हसनपुर कोतवाली के गांव घंसूरपुर खालसा में सत्यप्रकाश खड़गवंशी (70) परिवार सहित रहते हैं। सत्यप्रकाश के भांजे महेंद्र सिंह खड़गवंशी हसनपुर से विधायक हैं। उनके भतीजे महेश खड़गवंशी भाजपा में मंडल महामंत्री हैं। भतीजे महेश खड़गवंशी का कहना है कि पशुओं की रखवाली के लिए बुधवार रात सत्यप्रकाश घर के पास ही पशुशाला में चारपाई पर सो रहे थे। रात में गोली की आवाज सुनकर वह पशुशाला में पहुंचे तो सत्यप्रकाश लहूलुहान मिले।

# शफी पंडित के निधन पर मोदी ने जताया शोक

**श्रीनगर।** कश्मीर के पहले मुस्लिम आईएएस अधिकारी मोहम्मद शफी पंडित का गुरुवार को निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पंडित के निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने पंडित की प्रशंसा की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने श्रीनगर में एक रैली के दौरान कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि कश्मीर के पहले आईएएस अधिकारियों में से एक और क्षेत्र के लिए गौरव का स्रोत पंडित का कल रात निधन हो गया। अपनी सेवानिवृत्ति के बाद भी, उन्होंने समाज के कल्याण के लिए काम करना जारी रखा। इस दुख की घड़ी में, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

# हरिद्वार में नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## देहरादून में किराए के मकान से चला रहे थे नकली नोटों का कारोबार, 2 लाख 25 हजार रुपये के नकली नोट बरामद

ब्यूरो, हरिद्वार

**अमृत विचार :** हरिद्वार पुलिस ने जाली नोट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के चार सदस्य हरिद्वार और दो देहरादून में पकड़े गए हैं। नकली नोटों का यह धंधा देहरादून में किराए के मकान से चल रहा था। इनके कब्जे से 2 लाख 25 हजार रुपये कीमत के 500-500 के नकली नोट बरामद किए गए हैं।

रानीपुर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो मोटर साइकिलों पर सवार चार लोगों को रोका। तलाशी में उनके पास से 500-500 के 44 नोट मिले।



बरामद नकली नोट बनाने के उपकरण।

नोटों की गहनता से जांच की तो वे नकली पाए गए। इसके बाद पुलिस इन चारों आरोपियों सौरभ निवासी देवबंद (सहारनपुर), निखिल निवासी सरसावा (सहारनपुर), अनंतबीर बाबूगढ छावनी (हापुड़) और नीरज निवासी गांधी कॉलोनी देवबंद को कोतवाली ले आई। वहां पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनके दो अन्य साथी मोहित और विशाल देहरादून के सुद्धोवाला में मकान किराए पर लेकर रहते हैं। वहां लैपटॉप व प्रिंटर की मदद से नकली नोट बनाने का काम करते हैं। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोभाल ने तत्काल एक पुलिस टीम को देहरादून भेजा। टीम ने प्रेमनगर थाना क्षेत्र के सुद्धोवाला में एक मकान में दबिश देकर मोहित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 500-500 के 200 नकली नोट यानी कुल एक लाख रुपये बरामद हुए। वहीं कमरे से लैपटॉप, प्रिंटर, दो ब्लेड कटर, दो चमकीली ग्रीन टेप और नोट छापने का सामान भी मिला। इसके बाद टीम ने पटेलनगर थाना क्षेत्र के दून एनक्लेव से विशाल को भी पकड़ लिया। उसके पास 500-500 के 207 नकली नोट यानी कुल एक लाख तीन हजार रुपये बरामद हुए।

### यूट्यूब से सीख बनाने लगे नकली नोट

मोहित गिरोह का सरगना है और वह नकली नोट बनाने में माहिर है। यूट्यूब देखकर उसने नकली नोट छापना शुरू कर दिया। यह सब काम इतनी सफाई से करता था कि पहली नजर से नोट में असली-नकली का अंतर कर पाना मुश्किल है। मोहित और निखिल कुमार इससे पहले भी नकली नोट छापने और बाजार में चलाने के आरोपी में हिमाचल प्रदेश के नहान में जेल जा चुके हैं।

### असली नोट स्कैन कर बनाते थे नकली

आरोपियों ने 500 के असली नोट स्कैन कर रखे थे। उसी से नकली नोट प्रिंट करते थे। नकली नोटों को आरोपी देहरादून और हरिद्वार के बाजारों में बड़ी चालाकी से चलाते थे। नकली नोट ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाकों और बुजुर्ग दुकानदारों के पास चलाते थे। दुकानदार को 500 का नोट देकर 100 या 150 रुपये का सामान लेते थे।

# हाईटेंशन करंट से झुलसे चार परिवारों के 44 लोग

## घरों में करंट उतरते ही मची चीख पुकार, निजी अस्पतालों में चल रहा इलाज, घरों में लगे बिजली के उपकरण फुंके

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज


घर में झुलसे लोगों को देखने के लिए लगी भीड। अमृत विचार


घर में लेटे झुलसे लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला सीमांत नगर में देर शाम टूटी एचटी लाइन की चपेट में चार परिवार आ गए। इससे घरों में मौजूद करीब 44 लोग झुलस गए। सभी को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। घरों में हाईटेंशन करंट दौड़ने से परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। करंट के डर से मोहल्ले के लोग किसी को बचाने आगे नहीं आ सके। आनन फानन बिजली घर फोन कर लाइन को कटवाया गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

स्थानीय विद्युत उपकेंद्र से मिरगांवा, डुंडवाबुजुर्ग, गांधी नगर आदि स्थानों को जाने वाली मोहल्ला सीमांत नगर स्थित घरों के ऊपर से गुजर हाईटेंशन लाइन बुधवार की देर शाम बारिश के दौरान अचानक टूट कर गिर गई। इससे मोहल्ले के रियाज मिस्त्री, हसीब अली, हनीफ अली व मो. सादिक खान के घर में हाईटेंशन करंट दौड गया। घरों में मौजूद लोग भी करंट की चपेट में आ गए। तेज धमाके के साथ बिजली के उपकरण फुंक गए। हादसे में बूढे, युवा, बच्चे व महिलाओं सहित लगभग 44 लोग चपेट में आ गए। इसमें हसीब अली, भाई हनीफ अली के परिवार में मौजूद लगभग 17 लोग जबकि सादिक के घर महिला सहित 04 बच्चे झुलस गए। रियाज मिस्त्री के घर महिलाओं और पुरुषों, बच्चों सहित 21 लोग घायल हुए है। इनमें से अख्तर, हस्सान, आलिया रूकसाना बेगम की हालत गंभीर है। इनका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। जबकि अन्य को उपचार के बाद घर भेज दिया। करंट से झुलसे लोगों को देखने के लिए लोगों की भीड़ घरों में लगी हुई है। हादसे के शिकार हुए परिवार के लोग रात की घटना के बाद से दहशतजदा हैं। गुरुवार को हाईटेंशन लाइन जोड़ने पहुंचे एसडीओ ब्रजेश कुमार सरोज, जेई विकास कुमार व कर्मियों को मोहल्ले के लोगों ने वापस लौटा दिया। लाइन बंद होने से गांव सहित मोहल्ला गांधी नगर की बिजली गुल है। हादसे की सूचना पर देर रात ही पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने मोहल्ले में पहुंच कर लोगों का हाल जाना और मदद का भरोसा दिलाया।

- लाइन जोड़ने आई बिजली विभाग की टीम को लौटाया
- लाइन बंद होने से गांव सहित गांधी नगर की बिजली गुल

### ये लोग हुए हादसे के शिकार

- मोहल्ला सीमांत नगर निवासी रियाज मिस्त्री (40), सिराज मिस्त्री (35), मेराज मिस्त्री (30), निशा (32), उवैश (08), अब्बास (10), इकरा (04), गुड़िया (36), कासिम (15), हस्सान (10), रूबी (30), बिलाल (06 माह), खैरून्निशा (60), शबाना (25), नगमा (22), राजिया (20), फरीन (18), अंजुम (20), आलिया (08), फरान (15), अख्तर (55), हसीब अली (40), फरीदा बानो (18), आरजू (16), आयशा बेगम (30), अमन (16), सूफियान (13), रिजवान अली (10), साफिया (05), इमरान (13), रूकसाना बेगम (37), हनीफ अली (38), चमन (17), जीशान (18), तौहीद (17), निहाल (10), सीमा बेगम (35), रानी (16), जैनब (18), साहिदा बेगम (32), शमरीन (14), अयान खान (12), रिहान खान (09), अल्सिफा बानो (06) करंट की चपेट में आकर झुलसने से घायल हो गये।

# एचटी लाइन हटाने के लिए लोगों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज


कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते सीमांत नगर के लोग। अमृत विचार


अधीक्षण अभियंता से वार्ता करते सभासद व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक दिन पहले देर शाम हादसे का शिकार हुए लोगों सहित नागरिकों ने एसडीओ कार्यालय पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सभासदों सहित स्थानीय लोगों ने अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपकर लाइन हटाए जाने की मांग की।

गुरुवार की दोपहर नगर के विद्युत उपकेन्द्र पहुंचे सीमांत नगर के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर घनी आबादी से गुजरी हाईटेंशन लाइन हटाए जाने की मांग की। इसके बाद अधीक्षण अभियंता नंद लाल को ज्ञापन सौंपा। बताया कि सीमांत नगर में बुधवार शाम हुए बड़े हादसे के बाद भी विभाग संज्ञान नहीं ले रहा है। इस अनदेखी से लोगों की जानें भी जा सकतीं हैं। इस दौरान छिबरामऊ उपजिलाधिकारी उमाकान्त तिवारी, एक्सईएन आरके भारती, एसडीओ ब्रजेश कुमार, जेई विकास ने लोगों को शांत कराया। उन्होंने स्थानीय सर्वे कराने के बाद छह माह समय मांगते हुए जर्जर तारों को बदलवाने या लाइन शिफ्ट कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान सुमित सक्सेना, सपा नगर अध्यक्ष मुकीम खान, सभासद प्रतिनिधि आजम सिद्दीकी, सभासद प्रतिनिधि धर्मेंद्र गुप्ता, पूर्व सभासद नफीस खान, सपा नेता उत्कर्ष गुप्ता, सपा नेता शाहनवाज खान, मेराज अहमद, अंसार खान, शोएब सिद्दीकी, टिंकू, शाहरुख रहे।


नहर के किनारे अधेड़ के पड़े कपड़े। अमृत विचार


नहर के किनारे खड़े परिजन व गांव के लोग। अमृत विचार

# अधेड़ की तलाश कर रही पुलिस सीमा विवाद में उलझी

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** मामा के घर जाने के लिए निकले अधेड़ के कपड़े व डायरी निचली गंग नहर के किनारे पड़े मिले। परिजन मौके पर पहुंचे। नहर के गहरे पानी में खोज की पर कोई पता नहीं चला। परिजन पुलिस से खोजने की गुहार लगाई। सौरिख, सकरावा थाना पुलिस सीमा विबाद में पुलिस उलझी रही। गुरुवार की शाम को पुलिस ने गोताखोरों को बुला कर खोज कराई।

इटावा जनपद के थाना चौबिया के गांव मूंझ निवासी संतोष कुमार सविता (55) पुत्र श्रीराम 17 सितंबर को इटावा जनपद से ननिहाल के लिये सौरिख थाना क्षेत्र के गांव निवादा जाने का बात कह कर निकला था। बुधवार को सौरिख थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर के सामने निचली गंग नहर के किनारे उसके कपड़े पड़े मिले। लोगों ने तलाशी ली तो उसमें एक डायरी मिली। इसमें लिखे मोबाइल नंबर पर जब फोन लगाया गया तो पता चला कि डायरी व कपड़े संतोष कुमार के हैं। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। इस के बाद निवादा गांव में उनकी ननिहाल फोन किया गया। ननिहाल से भी लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों व गांव के लोगों ने नहर के गहरे पानी में खोज की। इसके बाद परिजन सकरावा थाने पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। सकरावा पुलिस ने घटना का क्षेत्र सौरिख थाने में होने की बात कहते हुए लौटा दिया। जब परिजन सौरिख थाने पहुंचे तो पुलिस ने घटना स्थल सकरावा थाना का कह दिया। इससे परिजन सीमा विवाद के चलते इस थाने से उस थाने के चक्कर काटते रहे। उधर, पुलिस ने परिजनों से कहा था कि वह कन्नौज से गोताखोरों को बुलाकर खोज करायेंगे। करीब 24 घंटे बीत जाने के बाद पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। गुरुवार की शाम चार बजे सौरिख व सकरावा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस के बाद कन्नौज से गोताखोरों की टीम को बुलाया गया। देर शाम तक संतोष कुमार का कोई पता नहीं चल सका। परिजनों का आरोप है कि इस मामले में पुलिस ने लापरवाही बरती। यदि बुधवार को गोताखोरों को बुला कर खोज कराती तो शायद संतोष मिल जाते।

# इंस्टीट्यूट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप संस्था की गई ब्लैक लिस्टेड

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- प्रशिक्षण न देने पर जिलाधिकारी ने की कार्रवाई
- पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना की हुई समीक्षा

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की समीक्षा बैठक हुई। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के प्रशिक्षण में रुचि न लेने पर पीआईए इंस्टीट्यूट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट यूपी को ब्लैक लिस्टेड घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि त्योहारों का समय आ रहा है इसमें एलईडी वल्ब और झालर की मांग होगी। जेल के जो बंदी प्रशिक्षित हैं उनसे झोला, एलईडी वल्ब, झालर आदि प्रोडक्ट बनाए जाने का कार्य शुरू कराया जाए।

डीएम ने कहा कि तकनीकी शिक्षा की क्वॉलिटी केंद्रों पर अच्छी होनी चाहिए। ट्रेनिंग कोर्स देने के बाद अधिक से अधिक युवाओं को नौकरी भी दिलाई जाए। जो ट्रेनिंग ले चुके हैं इसमें कितने लोग नौकरी व स्वयं रोजगार कर रहे हैं उसका डाटा तैयार किया जाए। पीएम सूर्य घर योजना के तहत आईटीआई (इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल पावर सप्लाई एवं वायर मैन) पास अभ्यर्थी को पांच दिन का प्रशिक्षण दिया जाए। दूसरी ओर 18 संस्थाओं को 3331 अभ्यर्थियों को पं. दीनदयाल योजना के तहत प्रशिक्षण का लक्ष्य दिया गया है। इसी तरह प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 में आठ संस्थाओं को 1130 का टारगेट मिला है। डीएम ने एक जनपद एक उत्पाद योजना, आरसेटी आदि बिन्दुओं की समीक्षा कर लक्ष्य पूरा करने को कहा। इस मौके पर सीडीओ राम कृपाल चौधरी, डीसी एनआरएलएम राज कुमार लोधी, प्रधानाचार्य आईटीआई दीपक यादव रहे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## सार-संक्षेप



रैली को हरी झंडी दिखाते पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी मो .रईस।

### स्वच्छता रैली निकालकर किया जागरूक

**कन्नौज।** स्वच्छता ही सेवा पखवारा के तहत नगर पालिका की तरफ से स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। बोर्डिंग ग्राउंड से प्रारंभ हुई रैली को नगर पालिका अध्यक्ष कौसर जहां अंसारी के प्रतिनिधि हाजी रईस अंसारी तथा अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कोतवाली, ग्वाल मैदान, लाखन तिराहा होते हुए एसबीएस ग्राउंड पर समाप्त हुई। रैली में 105 स्वच्छता वालंटियर, 32 कर्मचारी डोर टु डोर वाहन समेत और गणमान्य नागरिक शामिल रहे। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीपर कुमार, जेई राजकुमार राज के नेतृत्व में निकाली गई रैली में जिला कार्यक्रम प्रबंधकर रक्षा चौहान, सफाई अनुभाग लिपिक लोकेश प्रताप सिंह, सचिन कुशवाहा, रंजीत दिवाकर, अजय कुमार, दयाराम, वीरेंद्र यादव, अजीत कुमार, राजेंद्र कुमार आदि रहे।

### अब वीडीएच की लैब भी हाईटेक, मोबाइल पर मिलेगी रिपोर्ट


विनोद दीक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आधुनिक लैब में मौजूद मरीज व टेक्नोलाजिस्ट संजीव मिश्र। अमृत विचार

**कन्नौज।** जिला अस्पताल के बाद मकरंदनगर स्थित विनोद दीक्षित चिकित्सालय में स्थापित पैथोलॉजी लैब भी हाईटेक हो गई है। जल्द ही मरीजों का डाटा ऑनलाइन होने के साथ ही रिपोर्ट उनके मोबाइल पर मिलने लगेगी। यह जानकारी देते हुए लैब टेक्नालॉजिस्ट संजीव कुमार मिश्र ने बताया कि अस्पताल की प्रयोगशाला उच्चीकृत होने की प्रक्रिया में है। आधुनिक मशीनों के लगने से अब दुर्लभ जांचें भी होने लगीं हैं। बताया कि यहां सीबीसी, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड, ब्लड ग्रुप आदि जांचें पहले से हो रहीं हैं जबकि अब लिवर व किडनी फंक्शन, कोलेस्ट्राल जांचें भी शुरू हो गईं है। कहा कि जल्द ही मरीजों का डाटा ऑनलाइन होने लगेगा और उनकी सुविधा के लिए जांच रिपोर्ट मोबाइल पर ही प्राप्त हो जाएगी।

# वाहन की नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करने पर काटे जा रहे चालान



ग्रीस लगी ट्रक की नंबर प्लेट देखते यातायात प्रभारी आफाक खां

**कन्नौज।** यातायात पुलिस ने वाहनों की नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। चेकिंग में नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करने वाले वाहन के चालान काटे जा रहे हैं।

वाहनों की नंबर प्लेट से छेड़छाड़ कर ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों की यातायात पुलिस ने चेकिंग शुरू की है। यातायात प्रभारी ने बताया कि चेकिंग में पाया कि डंपर के चालक नंबर प्लेट कर कालिख लगा कर ट्रक का संचालन कर रहे हैं। इस तरह के ट्रक व डंपर मिल रहे हैं, जिनके चालकों ने नंबर प्लेट पर ग्रीस लगा रखी थी। इससे जांच के दौरान जीटी रोड या अन्य मार्गों पर लगे कैमरे इनके नंबर को पढ़ न सकें। वह यातायात नियमों को तोड़ते हुए चुपके से निकल जायें। यातायात प्रभारी आफाक खां ने बताया कि नंबर प्लेट पर कालिख लगा कर अंकों को छिपाने वाले वाहनों के चालान काटे जा रहे हैं। दिन ही नहीं देर शाम को भी वाहनों की चेकिंग की जायेगी। शराब के नशे में वाहन चलाते मिले तो भी कार्रवाई की जायेगी।

# बारिश के बाद जिला अस्पताल में बढ़े मरीज

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती मरीज व मौजूद तीमारदार। अमृत विचार

- इमरजेंसी में पूरे दिन लगी रही मरीजों की भीड़

**अमृत विचार।** लगातार बदल रहे मौसम व बारिश के बाद गर्मी के चलते उल्टी, दस्त व बुखार के रोगियों में इजाफा हो रहा है। गुरुवार को जिला अस्पताल की इमरजेंसी में मरीजों की खासी भीड़ रही।

आये दिन हो रही बारिश और इस के बाद गर्मी से मौसम में लगातार बदलाव आ रहा हैं। इस के चलते लोग बीमार हो रहे हैं। उल्टी, दस्त व बुखार का इस समय प्रकोप जोरों पर हैं। गुरुवार को जिला अस्पताल में जहां ओपीडी 498 मरीजों ने उपचार लिया वहां इमरजेंसी में मरीजों की भीड उमड़ी। कोई उल्टी व दस्त तो कोई बुखार के चलते इमरजेंसी में भर्ती हुआ। हाल जानने के लिये मरीजों के परिजन जिला अस्पताल की इमरजेंसी में प्रवेश करते रहे। इससे पैरामेडिकल स्टाफ को उपचार देने में दिक्कत हुई। बारिश के मौसम में उल्टी, दस्त व बुखार आने का मुख्य कारण बताते हुए इमरजेंसी के डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार का कहना है कि इस मौसम में मच्छरों से पूरी तरह बचाव करें। फुल आस्तीन के कपडे पहने। ताजा खाना खाये। गरिष्ट भोजन न करें। खास कर रात के समय हल्का भोजन करें। खाने के बाद कुछ देर तक टहले जरुर। इससे पाचन क्रिया ठीक रहती है। रात के समय अरहर व चने का दाल खाने से परहेज करना चाहिये। उल्टी, दस्त होने पर ओआरएस घोल का प्रयोग करते रहें। लाभ न हो तो डाक्टर से उपचार लें।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरा बीए प्रथम वर्ष 2018–19, द्वितीय वर्ष 2019–20 और तृतीय वर्ष 2020–21 जिसका अनुक्रमांक 1940970011305 का अंकपत्र कहीं खो गया है। **तुषार पांडेय, निवासी जगदीशपुर, डीह, जिला रायबरेली**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **शिवरतन पुत्र चेतराम, निवासी– मो0 पुराना बोर्डिंग हाउस, हरदोई,** मेरा पुत्र श्रीधर शराबी तथा विकलांग है तथा मानसिक रूप से परेशान है वह सभी से विवाद तथा मारपीट करता है उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज से मेरा उसका कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि **रामकेवल पुत्र मुल्क राज, निवासी– गौसपुर पोस्ट अकबरपुर, परगना तहसील– अकबरपुर जनपद अम्बेडकर नगर,** यह कि कैलाश पुत्र सुग्रीव व जयसिंह पुत्र सुग्रीव एक ही व्यक्ति के दो नाम है। इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति है

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सबाना अली पत्नी शहीद अली, निवासिनी–170/355, जहाँगीरपुर, पो.– शाहजहाँपुर परगना व तहसील भोगनीपुर, जिला– कानपुर देहात।** मेरे पासपोर्ट नम्बर एल. 9620715 में नाम सबाना बेगम व पता इलाहाबाद व जन्मतिथि 10–02–1981 दर्ज हैं। जो कि गलत हैं। जबकि मेरा सही नाम सबाना अली व पता– ग्राम जहाँगीरपुर पोस्ट शाहजहाँपुर परगना व तहसील भोगनीपुर जिला कानपुर देहात व जन्मतिथि 30–09–1977 हैं। जो कि सत्य व सही हैं। तथा यह नाम पता तथा जन्मतिथि आधार कार्ड संख्या 4288 5968 2800 में अंकित है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं आकृति अग्रवाल पुत्री राकेश अग्रवाल मोहल्ला घसियारीपुरा निकट सिटी मांटेसरी स्कूल कोतवाली देहात की निवासी हूं। मेरा सही नाम akriti agrawal है। मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। **आकृति अग्रवाल पुत्री राकेश अग्रवाल, मोहल्ला घसियारीपुरा, कोतवाली देहात बहराइच।**

**सूचना**

सूचित हो कि **मो0 फईम पुत्र मो0 नईम, निवासी– 572 निराला नगर रायबरेली उ0प्र0 229001,** मेरे बैंक एकाउण्ट में मेरा नाम मो0 फईम वारिस दर्ज है, जोकि पूर्णतः गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मो0 फईम पुत्र मो0 नईम है जो कि सत्य व सही है। मेरा नाम मो0 फईम तथा मो0 फईम वारिस जोकि दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है।

**सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है,कि प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0,ग्राम पंचायत अटवा कटैया वि0ख0 अहिरोरी जनपद हरदोई की प्रथम बैठक 20 सितंबर 2024 को प्रात: 11:00 बजे ग्रा0 पं0 अटवा कटैया स्थित पानी की टंकी के पास आहूत की जानी है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**प्रस्तावित सचिव**
**प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0, ग्राम पंचायत अटवा कटैया वि0ख0 अहिरोरी, हरदोई**

**जानकारी** पूर्णकालिक शिक्षिका विज्ञान, गणित, सामाजिक विषय के लिए कर सकते आवेदन

# कस्तूरबा विद्यालयों में रिक्त 20 पदों को भरने की कवायद शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



**अमृत विचार।** जिले में चल रहे पांच कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में संविदा के तहत 20 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए विज्ञापन जारी हो चुका है। महिलाएं अभ्यर्थी ही पांच अक्टूबर तक पंजीकृत डाक से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन कर सकतीं हैं। रिक्त पदों पर पूर्णकालिक, अंशकालिक शिक्षिका, मुख्य रसोइया व सहायक रसोइया शामिल हैं।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि वर्ष 2020 के शासनादेश के तहत पूर्णकालिक शिक्षिका के लिए विज्ञान के तीन, गणित के दो व सामाजिक विषय के एक पद पर आवेदन मांगे गए हैं।

अंशकालिक में शारीरिक शिक्षा व कंप्यूटर के लिए तीन-तीन पद, कला/ संगीत के लिए दो पद खाली हैं जिस पर आवेदन करने का समय शुरू हो गया है। इसके अलावा एक पूर्णकालिक लेखाकार, एक मुख्य रसोइया व चार सहायक रसोइया के पदों को भरने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीएसए का कहना है कि पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के लिए उच्च प्राथमिक स्तर की टीईटी व प्रशिक्षित स्नातक होना जरूरी है।

प्रशिक्षण उपाधि के लिए एनसीटीई से मान्य बीएड/ समकक्ष एलटी आदि को शामिल किया गया है। आयु पहली अप्रैल 2024 को न्यूनतम 25 से अधिकतम 45 साल तक होनी चाहिए।

जिन शिक्षिकाओं का नवीनीकरण 2020-21 में नहीं हुआ है उनको आवेदन करने के लिए उम्र में अधिकतम 15 साल की छूट दी गई है।

### कल लगेगी माध्यमिक की टीएलएम प्रदर्शनी

- **कन्नौज।** डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि 21 सितंबर को सुबह 10 बजे से राजकीय अभिनव इंटर कॉलेज गंगधरापुर में जिला स्तरीय शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) की प्रदर्शनी लगेगी। इसको लेकर सभी राजकीय माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्य व प्रधानाध्यापक को पत्र जारी कर दिया गया है। प्रदर्शनी में कक्षा नौ से 12 तक के हिंदी, अंग्रेजी, गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र व नागरिक शास्त्र के शिक्षक इसमें शामिल होंगे।

- अंशकालिक में शारीरिक, कंप्यूटर, कला/ संगीत शिक्षिका के भी रिक्त पद भरेंगे
- मुख्य रसोइया के अलावा चार सहायक रसोइया की भी भर्ती की जाएंगी
- पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के लिए उच्च प्राथमिक स्तर की टीईटी व प्रशिक्षित स्नातक होना जरूरी

### सुभाना रफी का रोका वेतन, मांगा स्पष्टीकरण

**कन्नौज।** डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि उन्होंने गुरुवार को छिबरामऊ के अनवरी बेगम बालिका हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यवाहक प्रधानाध्यापक व पूर्व पालिकाध्यक्ष सुभाना रफी अनुपस्थित मिलीं। बाद में सूचना मिलने पर कार्यवाहक प्रधानाध्यापक आ गईं। विद्यालय संचालन, परख पोर्टल व विभिन्न क्लबों के गठन के बारे में वह ठीक तरह से नहीं बता सकीं। डीआईओएस का कहना है कि इससे प्रतीत होता है कि विद्यालय संचालन में कोई रुचि नहीं ली जा रही है। उनका वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने व स्पष्टीकरण तीन दिन में देने को कहा गया है। कक्षा छह में तीन, सात में चार, आठ में पांच, नौ में तीन और 10 में छह विद्यार्थी ही उपस्थित मिले। पिछले महीने की छात्र उपस्थिति अपूर्ण मिली।

**आज का मौसम**

शुक्रवार को बादल छाए रहने की संभावना है।

| | |
|---|---|
| 32.0⁰ अधिकतम तापमान | 24.0⁰ न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 58 | सूर्यास्त 06 : 09 |

# अब खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा गंगा का जलस्तर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


कासिमपुर गांव में बाढ़ जैसे हालात होने के बाद खड़ी महिला व बच्चे। अमृत विचार


पानी में घुसकर कासिमपुर गांव की ओर जाते ग्रामीण व नाव से बाहर आता परिवार।

- तेजी से बढ़ रहे पानी ने कासिमपुर समेत अन्य इलाकों में तबाही मचाना शुरू किया
- प्रशासन का दावा, गंगा किनारे बसे गांव से 56 परिवार व्यवस्थित किए गए

**अमृत विचार।** दो दिन पहले चेतावनी बिंदु पार कर चुका गंगा का जलस्तर अब तेजी से खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा है। नरौरा बांध से पानी छोड़े जाने की वजह से जलस्तर खतरे के निशान से महज नौ सेंटीमीटर ही दूर रह गया है। गंगा किनारे बसे कासिमपुर समेत अन्य गांव में तबाही मचना शुरू हो गई है। हालांकि प्रशासनिक अफसरों का दावा है कि 56 परिवारों को व्यवस्थित कर दिया गया है।

गुरुवार को गांव खाली करने में ग्रामीण जुटे रहे। उन्होंने नाव से गृहस्थी का सामान लाकर सड़क किनारे एकत्र किया। पशुओं के लिए रखा भूसा भी सुरक्षित किया गया। गांव में जाने व बाहर आने के लिए महिलाएं, पुरुष व किशोर पानी में घुसकर पहुंचे। हालांकि कुछ लोग अब भी गांव की झोपड़ियों व आवासों में देखे गए हैं। दूसरी ओर फसलें पहले ही बाढ़ के पानी से डूब चुकी हैं। जैसे-जैसे जलस्तर बढ़ रहा है वैसे-वैसे पानी हरदोई की ओर भी तेजी से फैल रहा है। इससे खेतों में भी पानी भर रहा है। गुरुवार को डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र कटरी कासिमपुर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया। ग्राम पंचायत कटरी गंगपुर में राहत शिविर पर जाकर व्यवस्थाएं देखीं। डीएम ने कहा कि गंगा के जल स्तर की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। अब जलस्तर खतरे के निशान से दूर है। बाढ़ से प्रभावित 56 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर व्यवस्थित कर दिया गया है। बाढ़ पीड़ितों की हर सम्भव मदद के लिए जिला प्रशासन तैयार है। गर्म भोजन बाढ़ प्रभावित परिवारों को बांटा जा रहा है। जल्द ही राहत सामग्री वितरित करा दी जाएगी। कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम चिकित्सा परीक्षण कर रही है। पशुपालन विभाग की टीम पशुओं का टीकाकरण आदि कर रही है। डीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए जिससे बीमारियां न हों। शुद्ध पेयजल, अस्थाई शौचालय एवं प्रकाश की अच्छी व्यवस्था कराई जाए। इस मौके पर एडीएम (वित्त/राजस्व) आशीष सिंह, एसडीएम रामकेश व नायब तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर मौजूद रहे।

**कुछ जरूरी तथ्य**

| | |
|---|---|
| खतरा का निशान | 125.970 मीटर |
| वर्तमान जलस्तर | 125.880 मीटर |
| हाई फ्लड लेवल | 126.240 मीटर |
| छोड़ा गया पानी | 1,15,180 क्यूसेक |

## बारिश से एक दिन बाद शुरू हुई सत्रीय परीक्षाएं

**कन्नौज।** जनपद में 1459 प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालय हैं। इसमें 18 सितंबर से सत्रीय परीक्षाएं शुरू होने को थीं लेकिन बारिश की वजह से छात्र-छात्राओं का अवकाश रहा। गुरुवार से निर्धारित कार्यक्रम के तहत परीक्षाएं हुईं। पहले ही दिन बीएसए समेत कई अधिकारी व जिला समन्वयक स्कूलों का निरीक्षण करने भी पहुंचे।बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि सत्रीय परीक्षाएं दो पालियों में शुरू हुई हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े आठ से साढ़े 10 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा सुबह साढ़े 11 से दोपहर डेढ़ बजे तक हुई। बेसिक शिक्षा परिषद के नियम के तहत परिषदीय विद्यालयों के अलावा मान्यता प्राप्त स्कूलों में भी परीक्षाएं कराई जाएं।

## एक नजर

### गृह कलह में महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**जलालाबाद, कन्नौज।** गृहकलह से आजिज विवाहिता ने साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। बुधवार की दोपहर लगभग 03 बजे गृहकलह से आजिज आकर तेरारागी मजरा माया नगर निवासी कुसमा देवी (27) पत्नी मनोज दोहरे ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की शादी लगभग 07 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके पुत्र अंकुश (6) व पुत्री शिवन्या (3) के सिर से मां का साया उठ गया। सूचना पर पहुंचे जसोदा चौकी प्रभारी सुनील चौधरी ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दंपति को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने रंजिश को लेकर गालीगलौज की और दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम जहांगीरपुर महोना निवासी गंगा प्रसाद प्रसाद पुत्र दीनदयाल वर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 14 सितंबर की शाम लगभग 09 .30 बजे गांव के संतप्रकाश पुत्र दीनदयाल, रामू पुत्र राधेश्याम, बब्लू पुत्र विशुन दयाल, सचिन पुत्र संतप्रकाश रंजिश को लेकर उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसकी पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना सौरिख के भटपुरी गांव निवासी रनवीर सिंह पुत्र मानसिंह ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि उसका पुत्र रोहित कुमार (20), 18 सितंबर की शाम कन्नौज से बाइक द्वारा घर वापस आ रहा था। जैसे ही वह थाना इंदरगढ़ के अगौस गांव के पास पहुंचा उसी समय अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरुवार को शव गांव पहुंचते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

# बारिश से सड़क दो हिस्सों में कटी, कई गांवों का संपर्क टूटा

## तीन दिन से समस्या से जूझ रहे हैं ग्रामीण, आवागमन में हो रही दिक्कत

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज


बारिश के चलते कटी पड़ी सड़क। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारिश के चलते कई गांव के बीच का संपर्क मार्ग दो भागों में बंट गया। इससे कई गांवों में रहने वाले लोगों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

ठठिया थाना क्षेत्र के भगतपुर्वा गांव से जवाहरपुर्वा गांव तक आवागमन के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा डामरीकरण सड़क का निर्माण कराया गया था। इससे कोठीपुरवा, घनेपुरवा, खरगापुर समेत अन्य गांव के लोग भी मार्ग का प्रयोग करते हैं। लगातार चार दिन से हो रही बारिश के दौरान सड़क दो भागों में कट गई है। सड़क कटने से कई गांवों का आवागमन बाधित हो गया है। तीन दिन से छात्र स्कूल भी नहीं जा पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कुछ बच्चे बाहर पढ़ने जाते हैं जिनको लेने और भेजने के लिए स्कूल वैन आती है। रोड अवरुद्ध होने के कारण स्कूल वैन भी नहीं आ पा रही हैं। दो दिन पूर्व गांव की एक व्यक्ति की तबीयत खराब होने पर एंबुलेंस को बुलाया गया लेकिन मार्ग कटा होने से एंबुलेंस आकर वापस चली गई। ग्रामीणों ने फिलहाल हल्के वाहन समेत आम आदमी को निकलने के लिए गिट्टी और मिट्टी से भरकर बोरियों को बीच में रख दिया है।

# परीक्षा के दौरान स्कूल के कक्ष की फर्श धंसी

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

- शिक्षकों ने बच्चो को सुरक्षित बाहर निकाला, हादसा बचा
- बीडीओ व बीईओ ने किया स्कूल का स्थलीय निरीक्षण


कमरे का निरीक्षण करते बीडीओ व बीईओ। अमृत विचार


कच्चे मकान के बाहर खड़ा पीड़ित परिवार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीते कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश की चपेट में आने से जहां कच्चे मकान गिर रहे है तो वहीं परिषदीय विद्यालय भी अछूते नहीं रहे। बारिश के बाद पूर्व माध्यमिक विद्यालय जलालाबाद में कमरे की फर्श अचानक धंस गई। इससे कमरे की दीवारों में दरारें आ गईं। घटना के दौरान बच्चे कमरे में बैठ कर परीक्षा दे रहे थे।

गुरुवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय जलालाबाद में सत्र परीक्षा चल रही थीं। कक्षा 8 के छात्र-छात्राएं कक्षा कक्ष में बैठ कर परीक्षा दे रहे थे। तभी अचानक टाइल्स सहित फर्श धंस गई। इससे कमरे में लगभग 3 फिट से भी अधिक गहरा गड्ढा हो गया। कमरे की दीवार में भी दरारें आ गईं। घटना के बाद शिक्षक ने सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला।

इसकी सूचना इंचार्ज प्रधानाध्यापक जावेद अहमद ने बीईओ शिवेंद्र वर्मा व बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव को दी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने कमरे का स्थलीय निरीक्षण किया और छात्र-छात्राओं का हाल जाना। उन्होने छात्र-छात्राओं को जर्जर कक्षा कक्ष में बैठने से मना कर दिया व विभागीय करवाई करने के निर्देश दिए। बताया कि विद्यालय में कुल 88 छात्र छात्राएं पंजीकृत है। इसमें कक्षा 8 के 27 छात्र-छात्राएं हैं। जो कक्षा कक्ष में परीक्षा के लिए बैठे थे। इस दौरान शिक्षक रमाकांत पाल, विनीत पांडे, ब्रजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### बारिश से गिरा कच्चा मकान दबा गृहस्थी का सामान

**जलालाबाद, कन्नौज।** बारिश के बाद घर गिरने का सिलसिला जारी है। इस क्रम में एक मकान गिर गया जिसके मलबे में गृहस्थी का सामान दब गया। घर गिरने से परिवार के लोग खुले में रात गुजारने को मजबूर है। गुरुवार को ब्लॉक के ग्राम पंचायत तिलपई-डिगसरा के मजरा तरपुरवा निवासी रेशमा पत्नी वेद कुमार ने बताया कि बीते दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से उसका कच्चा मकान गिर गया। इससे घर के अंदर रखा घरेलू सामान मिट्टी के मलबे में दब गया। परिवार खुले में रात गुजारने को मजबूर है। पीड़ित रेशमा ने बताया कि बुधवार की शाम लगभग 7 .30 बजे कच्चे कमरे में खाना बना रही थी। तभी कच्ची छत भरभराकर गिर गई। परिजन बाल बाल बच गए। पीड़ित के पांच बच्चे हैं। अब तक कोई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है।


मौके पर अभिलेख देखते नायब तहसीलदार। अमृत विचार

## विवादित जमीन पर कार्यक्रम को मंजूरी लें

**छिबरामऊ।** शहर में बाल्मीकि बस्ती में खाली पड़ी जमीन को लेकर दो समुदाय के लोगों के बीच विवाद है। नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम ने जमीन की पैमाइश की। दोनों ही समुदाय के लोगों से बिना अनुमति के यहां कोई कार्यक्रम न करने को कहा।

मोहल्ला कस्सावान में कई बीघा जमीन खाली पड़ी है। इस पर बाल्मीकि के साथ ही एक विशेष समुदाय के लोग हक जता रहे हैं। इसीको लेकर कई दिन पहले दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। गुरुवार को अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह व नायब तहसीलदार भरत कुमार मौर्य, राजस्व निरीक्षक प्रेमकिशन मिश्रा व लेखपाल प्रशांत त्रिपाठी ने गाटा संख्या 372 की पैमाइश की। समुदाय विशेष के लोगों ने विवादित जमीन के दस्तावेज दिखाये। इस पर नायब तहसीलदार ने कहा कि जब तक मामले का निस्तारण न हो कोई भी पक्ष इस जमीन पर निर्माण कार्य नहीं करेगा।

## सिपाही का मारपीट करते वीडियो वायरल

**कन्नौज।** किसी विवाद में पुलिस पकड़ कर थाने लाई। युवक के साथ सिपाही ने मारपीट की। किसी ने इस का वीडियो बना कर वायरल कर दिया। ठठिया थाना क्षेत्र के गांव में विवाद हो जाने के बाद एक पक्ष के युवक को पुलिस पकड़ कर थाने ले गई। युवक को छुडाने उसकी पत्नी भी थाने पहुंच गई। थाने में एक सिविल वर्दी में सिपाही ने थाने में बैठे युवक को थप्पड़ मार दिया। पास में खड़ी युवक की पत्नी ने जब विरोध किया तो सिपाही ने महिला की भी लताड़ लगा दी। इसी दौरान वहां खड़े किसी ने घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अरुण चौधरी ने बताया कि यह मामला अगस्त का है जिसमें एक पक्ष ने लूट की झूठी सूचना दी थी। दोनों पक्ष थाने में आए थे। इस दौरान एक महिला से अभद्रता किये जाने पर सिपाही ने उसे डांटा था।

# डीएफओ ने भेड़िया होने से किया इंकार

कार्यालय संवाददाता, छिबरामऊ


ग्रामीणों से बात करते डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. हेमंत सेठ का कहना है कि बीते दिनों जनपद के कुछ स्थानों पर भेड़िया होने की अफवाह फैली है। जब कि वर्तमान में भेड़िया नहीं है। कहा कि छिबरामऊ रेंज के ग्राम विशुनगढ़ में सियार होने के साक्ष्य मिले हैं। डीएफओ ने गुरुवार को मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। तिर्वा क्षेत्र में भी भेड़िया होने से इनकार किया है।

डीएफओ ने बताया कि जंगली जानवर के बकरियों पर हमला करने की घटना प्रकाश में आ रही हैं। सूचना पाते ही छिबरामऊ रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी को सतर्क कर दिया गया। साथ ही गश्त एवं जांच की जा रही है। विशुनगढ़ क्षेत्र एवं आस-पास के गांव में जांच के बाद क्षेत्रीय वन अधिकारी ने सियार द्वारा हमले किए जाने की रिपोर्ट दी है। तहसील तिर्वा क्षेत्र के ग्राम कांकरकुई में मंगलवार रात किसी वन्य जीव ने रूबी देवी पर हमला कर दिया। इस मामले की जांच व चिकित्सकों की रिपोर्ट के आधार पर बताया गया है कि कांकरकुई में सियार होने के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं। स्थानीय लोगों ने अक्सर बंदर एवं कुत्तों की ओर से हमला करने की बात कही है। डीएफओ ने बताया कि वह छिबरामऊ इलाके में निरीक्षण करके आए हैं। सभी नागरिकों तथा मीडियाजनों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करें। इस जनपद में भेड़िए वर्तमान तक नहीं पाए गए हैं। किसी भी वन्य जीव की सूचना मिलने पर प्रभागीय वनाधिकारी के मोबाइल नंबर 7839435382, क्षेत्रीय वन अधिकारी, कन्नौज के 7839434427, छिबरामऊ के 9838980638, गुरसहायगंज के 9761468428, प्रभागीय कार्यालय वरिष्ठ सहायक 8858351292, 9889976917 व प्रभागीय कार्यालय आशुलिपिक के 7839435302 के नंबरों पर जानकारी दी जा सकती है।

## सार-संक्षेप


आवास न मिलने से झोपड़ी में रह रहा परिवार। अमृत विचार

### आवास न मिलने से झोपड़ी में रहने को मजबूर परिवार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विकास खंड की ग्राम पंचायत अहिरूआ राजारामपुर के गांव नगला टीका के रहने वाले राम मिलन का पुश्तैनी कच्चा मकान जर्जर होने से बरसात में कई साल पहले गिर गया था। परिवार की माली हालत ठीक न होने से वह उसी मकान की जमीन पर झोपड़ी डाल कर रहने लगा। बारिश होने पर पालीथिन तान ली। पीड़िता सरिता देवी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के लिए कई बार अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। काली नदी के किनारे बसे होने के चलते बाढ़ का खतरा भी बढ़ रहा है। महिला ने बताया कि झोपड़ी के चारो तरफ पानी भरा हुआ है। रात में कई बार सर्प भी आ जाता है, जिससे बच्चे भयभीत रहते हैं। सरकारी आवास न मिलने से वह मायूस है।



चेयरमैन के साथ रैली निकालते स्कूली बच्चे।

### सिकन्दरपुर में नगर पंचायत ने शुरू किया स्वच्छता अभियान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पंचायत के चेयरमैन हरिहर सिंह ने गुरूवार को नगर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए स्वच्छता ही सेवा मिशन के तहत जागरूकता रैली का शुभारम्भ किया। भारतीय शिक्षा सदन इंटर कालेज के छात्र- छात्राओं ने जागरूकता रैली नगर में निकाली। इस मौके पर नगर पंचायत के सभासद सईद अहमद, सत्यपाल यादव, छोटू ठाकुर, सुरेष चन्द्र बाबा के साथ ही कालेज के प्रधानाचार्य योगेन्द्र कुमार, अंजना बाजपेई, अंजना भारतीय, प्रवेश कुमार व अन्य शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

### दो दिन से लापता किसान का खेत में मिला शव

**छिबरामऊ, कन्नौज।** खेत पर चारा लेने गये एक किसान का शव तीसरे दिन बाद खेत में मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। कोतवाली क्षेत्र के गांव हाथिन के रहने वाले किसान रामरतन पुत्र अनूप कुमार 17 सितम्बर की शाम को पशुओं के लिए चारा लेने के लिए खेत पर गये थे। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की। तक सुराग न मिलने पर पत्नी रानी देवी ने पुलिस को सूचना दी। गुरुवार को पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की। देर शाम गांव के युवक खेतों पर मवेशी चरा रहे थे। गांव के प्रधान विनोद सिंह चौहान के खेत से बदबू आने पर ग्रामीण अंदर घुसे तो शव देख शोर मचाने लगे। किसान का शव देख कर परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया।

**पहल** पहली बार बेसिक शिक्षा महकमा प्रकाशित कर रहा है कन्नौज की मासिक पत्रिका

# पत्रिका में विभाग की खुशबू फैलाएंगे शिक्षक-विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग में बीएसए संदीप कुमार ने कुछ नए प्रयोग शुरू किए हैं। इससे महकमे का नाम होगा और जानकारियां भी साझा हो सकेंगी। पहली बार कन्नौज का विभाग मासिक पत्रिका प्रकाशित कर रहा है। इससे प्रदेश स्तर पर जनपद की पहचान बन सकेगी। साथ ही अध्यापकों व विद्यार्थियों की मेहनत भी रंग लाएगी।

जनपद नोडल शिक्षक आशुतोष दुबे ने बताया कि कई सालों से बेसिक शिक्षा विभाग के तहत संचालित विद्यालयों के अध्यापक विशेष एवं अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं। इससे स्कूलों में पढ़ाई का बेहतर माहौल बन रहा है। छात्र-छात्राएं उच्च गुणवत्ता की शिक्षा पाकर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन प्रदेश स्तर तक कर रहे हैं। जिला, मंडल व राज्य स्तर तक उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर प्रतिभागी अपना, जनपद का और विभाग का नाम रोशन कर रहे हैं। कई शिक्षक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, निपुण भारत मिशन अभियान के तहत विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने में अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं। ऐसे विशेष प्रयासों एवं उपलब्धियों का संकलन कर पहली बार विभाग मासिक पत्रिका प्रकाशित कर रहा है। जिससे इन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को एक नई पहचान मिल सकेगी। अन्य शिक्षक, विद्यार्थी व अभिभावक भी उनके प्रयासों एवं उपलब्धियों को जान सकेंगे। साथ ही प्रेरित होकर आगे बढ़ेंगे।

### शिक्षा के प्रति समर्पित शिक्षकों और विद्यार्थियों की सफलता होगी प्रकाशित



विद्यालयों के निरीक्षण और शिक्षकों से संवाद करने पर मैंने यह अनुभव किया है कि अनेक शिक्षक पूरे समर्पण के साथ शिक्षण कार्य कर रहे हैं। ऐसे ही शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सफलता की कहानियों को इस पत्रिका में प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा। इस पर लेख व कविताएं भी आमंत्रित किए गए हैं।

संदीप कुमार, बीएसए

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटती टीम। अमृत विचार

### बकायेदारों की काटे कनेक्शन, पांच पर रिपोर्ट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शहरी इलाके में बिजलेंस टीम ने बिजली चोरी पकड़ने व बड़े बकायेदारों के घरों पर छापा मारा। बकाया बिल मिलने पर टीम ने कनेक्शन काटे। इसके साथ ही बिजली चोरी में पांच लोगों के खिलाफ चोरी में रिपोर्ट दर्ज कराई। बिजलेंस टीम के प्रभारी शौर्य प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने गुरूवार को शहर के हनुमानगढ़ी मोहल्ले के साथ ही बहवलपुर के कई मोहल्लों में बिजली बिल बकाये को लेकर छापा मारा। इस दौरान टीम ने बड़े बकायेदारों के बिल भुगतान न करने पर कनेक्शन काट दिए। इसके साथ ही संदिग्ध बिजली केबिलें हटवाकर नई केबिलें लगवाईं। बिजली चोरी करने के आरोप में टीम ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इस दौरान टीम में बिजलेंस के जेई अजय अवस्थी व 33 केबी सब स्टेशन के जेई करन जायसवाल कर्मचारियों के साथ मौजूद रहे। टीम की इस कार्रवाई से मोहल्ले में हड़कम्प मचा रहा।


मुख्य मार्ग पर चल रही गंगा की तेज धार। अमृत विचार


जलस्तर दर्शाता मीटरगेज। अमृत विचार


गांव में भरा पानी। अमृत विचार

# घरों में भरा बाढ़ का पानी, लोग छतों पर रहने को मजबूर

## खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं गंगा और रामगंगा, गंगापार क्षेत्र में मचा हाहाकार

संवाददाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगा और रामगंगा नदी के जलस्तर में तेजी से इजाफा होने से गंगापार की स्थिति काफी भयावह हो गई है। जनजीवन पूरी तरह पटरी से उतर गया है। घरो और शौचालयों में पानी भरने से लोग छतों पर रहने को मजबूर हैं। सड़कों पर बाढ़ का पानी आने से सैकड़ों गांवों में आवागमन बाधित हो गया है। गुरुवार की शाम गंगा नदी मे नरौरा बांध से 107417 क्यूसेक, बिजनौर बांध से 75000 क्यूसेक, हरिद्वार बांध से 68000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गुरुवार शाम को पांचालघाट पर गंगा नदी का जलस्तर 137.20 मीटर दर्ज किया गया। वहीं रामगंगा नदी मे 12000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। रामगंगा नदी का जलस्तर 137.40 मीटर दर्ज किया गया है। दोनों नदियां खतरे के निशान 137.10 मीटर से क्रमशः 10 और 30 सेंटीमीटर ऊपर बह रही हैं। नदियों की बाढ़ की वजह से खेतों मे खड़ी फसलें डूबकर नष्ट हो रही हैं। दोनो नदियों के एक साथ बढ़ने से ग्रामीणों की नींद उड़ी हुई है।

अमृतपुर तहसील के लगभग एक सैकड़ा गांव बाढ़ की चपेट मे हैं। क्षेत्र के अधिकतर संपर्क मार्गों पर पानी बहने लगा है। घरों में पानी भर जाने से लोग छतों पर रहने को मजबूर हैं।


ब्लॉक मुख्यालय राजेपुर की सड़कों पर चल रहा पानी। अमृत विचार

| 137.10 | 137.20 | 137.40 |
|---|---|---|
| मीटर पर है नदियों में खतरे का निशान | मीटर पर है गंगा नदी का जलस्तर | मीटर पर है रामगंगा का जलस्तर |

गंगा नदी की तलहटी में बसे गांवों के लोगों ने अपनी रिश्तेदारियों मे पलायन शुरू कर दिया है। चित्रकूट डिप पर आवागमन बंद होने से लोग राजेपुर निविया मार्ग से जिला मुख्यालय पहुंच रहे हैं। पानी की तेज धार से अमृतपुर माखन नगला रोड कट गई है जिससे लोगों को आवागमन बंद होने का डर सता रहा है। ग्रामीण बालू की बोरी भरकर लगा रहे हैं जिससे सड़क को और कटने से बचाया जा सके। भरखा रोड पर पानी चलने से एक दर्जन गांवों के लोगों को मुख्यालय आने मे मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। माखन नगला, फखरपुर, हमीरपुर परतापुर, बनारसीपुर, कुबेरपुर, रतनपुर, कुतुलूपुर, रतनपुर जगतपुर, चाचूपुर जटपुरा, जसूपुर, जसूपुर गढ़िया, भरखा, भुसेरा आदि गांवों मे पानी भर गया है। दो दर्जन से अधिक विद्यालयों में बाढ़ का पानी घुस गया है। बाढ़ प्रभावित गांवों मे इज्जत घरों मे पानी भर जाने से लोगों को शौच क्रिया करने की समस्या उत्पन्न हो गई है। गंगा और रामगंगा नदियों का पानी एक साथ लोगों के सामने दिक्कतें और बढ़ गईं हैं। वहीं रामगंगा नदी का जलस्तर काफी तेजी के साथ बढ़ रहा है जिससे अमैयापुर पुलिया पर चार फुट पानी तेजी के साथ बहने लगा है। इससे दर्जनों गांवों के लोगों का आवागमन प्रभावित हो गया है। रामगंगा नदी की बाढ़ का पानी हीरानगर, गुड़ेरा, चपरा, भावन, रूलापुर, बेंचेपट्टी, मियांपट्टी, आलादपुर, भटौली, वीरपुर, खरगपुर, निसवी, नहरैया आदि गांवों मे भरने लगा है जिससे ग्रामीण परेशान नजर आ रहे हैं। तहसील में राहत एवम् बचाव कार्य के लिए फ्लड यूनिट ने डेरा डाल रखा है। अमैयापुर क्षेत्र का जायजा लेने पहुंची फ्लड यूनिट टीम का मोटरबोट खराब हो गई जिसे टीम के लोगों ने सही किया।

फ्लड यूनिट की टीम के साथ थानाध्यक्ष मिनेश पचौरी ने भी रामगंगा क्षेत्र का जायजा लिया। यदि गंगा और रामगंगा दोनों नदियों का जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो गंगापार क्षेत्र के लिए और भी मुश्किलें पैदा हो सकतीं हैं। दोनों नदियों के एक हो जाने पर स्थिति काफी भयावह हो गई है। सन् 2010 मे दोनों नदियों ने आपस में मिलकर गंगापार में भीषण तबाही मचाई थी जिससे अमृतपुर तहसील के शत् प्रतिशत गांव बाढ़ से प्रभावित हो गए थे।


खाली पड़ी पुलिस चौकी। अमृत विचार

# संवेदनशील काली नदी पुल पर पुलिस नदारद

**फर्रुखाबाद।** थाना मेरापुर की संवेदनशील पुलिस पिकेट का काली नदी पर न होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। लोगों का कहना है कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी थाने से लगाई जाती है, वह अक्सर गायब रहते है। अमृत विचार की पड़ताल में गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे कोई भी पुलिसकर्मी उक्त स्थल पर ड्यूटी पर नहीं था। स्वर्ग उद्यान, श्योगनपुर मोड़ पर दोनों जगहों पर पिकेट पर पुलिस कर्मी, होमगार्ड नदारद थे। जबकि थानास्तर पर सुबह 8 से शाम 8 बजे तक होमगार्ड, 8 बजे शाम से रात दो बजे तक होमगार्ड तथा एक सिपाही एवम दो बजे रात से सुबह आठ बजे तक होमगार्ड तथा एक सिपाही को बाकायदा जीडी में ड्यूटी पर रवाना किया जाता है। गौरतलब है कि नदी पार तथा नदी के इस तरफ तमाम बौद्ध मठ हैं जिनमे बौद्ध तीर्थ यात्री पूजा पाठ करने के लिए आते जाते हैं। पूर्व में इस स्थल पर कई बार लूट जैसी वारदातें भी हो चुकी हैं। फिर भी पुलिस पिकेट ड्यूटी बीच में ही छोड़कर संकिसा तिराहे पर चाय पानी करने चले जाते है। विदेशी मेहमानों की बसें काली नदी पुल से गुजरती रहती हैं।

## सार-संक्षेप

### ग्रामीण के साथ की मारपीट, गंभीर रूप से घायल

**कंपिल फर्रुखाबाद।** ग्रामीण के साथ दंबगों ने मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र के गांव खेतलपुर सौरियां के मजरा अंदरतला निवासी नीलेश ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि सोमवार की दोपहर में वह कोटेदार की झोपड़ी में था तभी गांव के दो लोग उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों आरोपित हमलावर हो गए। आरोपितों ने उसके साथ लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया।

### मार्ग दुर्घटना में चार घायल, दो की हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग स्थानों पर नगर से सटे गांव पितौरा निवासी धर्मेन्द्र, गांव गढी निवासी आसिम, कंपिल क्षेत्र के गांव कमरुद्दीन नगर निवासी सर्वेश व गांव पहाडी मऊ रशीदाबाद निवासी कौशल राजपूत मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां आसिम व सर्वेश को प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### बुजुर्ग पर किया जंगली जानवर ने हमला

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव नरैनामऊ निवासी बुजुर्ग महेश चन्द्र पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद जानवर को भगाया और परिजन आनन फानन में सीएचसी लेकर आए। जहां उसका इलाज किया गया।

### महिला ने पीया कीटनाशक, हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कंपिल क्षेत्र के गांव खैतलपुर सौरियां निवासी सोनम ने संदिग्ध परिस्थितियों मं कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई। परिजन सीएचसी उसे लेकर दौड़े जहां उसका इलाज किया गया।

### युवक को नेवले ने काटा, हालत गंभीर

**कायमगंज।** नगर से सटे गांव जौंरा निवासी आदेश को नेवले ने काट लिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज किया गया।

### धोखाधड़ी कर बैंक से निकाले दो लाख रुपये, तीन पर रिपोर्ट

**फर्रुखाबाद।** आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अंशुल गुप्ता ने सर्वेश, सुशील और सुमित के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर फतेहगढ़ कोतवाली में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि आरोपितों ने फर्जी पैन कार्ड और आधार कार्ड के जरिए शाखा में खाता खुलवा दिया। उसके बाद धोखाधड़ी कर दो लाख रुपये निकाल लिए।

### चीनू एडवोकेट की बसें पुलिस के कब्जे में

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा के प्रभारी निरीक्षक भोलेद्र चतुर्वेदी की टीम ने गैंगस्टर आरोपी शिव प्रताप सिंह उर्फ चीनू एडवोकेट की 2 बसें नंबर UP76T0512 व UP76T0513 को पांचाल घाट क्षेत्र से कब्जे में ले ली। पुलिस ने इन बसों को चौकी मेडिकल क्षेत्र में खड़ा कराया है। मालूम हो कि पुलिस ने बीते दिनों चीनू के 14 वाहनों को कुर्क किया था। इस दौरान 7 करोड़ 20 लाख 80 हजार रुपए कीमती संपत्ति कुर्क की गई थी।

### डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी ने फांसी लगाई

**फर्रुखाबाद।** थाना व कस्बा राजेपुर निवासी अरविंद ने अपनी 17 वर्षीय पुत्री अंजली को किसी बात को लेकर डांट दिया तभी अंजलि क्षुब्ध होकर कमरे में जाकर दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटक गई। घर वालों ने आनन फानन में जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर नीरज कुमार वर्मा ने उसे मृत घोषित कर पुलिस को सूचना भेज दी है। परिजन किशोरी के शव को बिना बताए घर ले गए हैं। परिजन कुछ भी बताने को तैयार नहीं है।

### दुकान पर खड़े युवक को दूसरे सम्प्रदाय के युवकों ने पीटा

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में बीयर की दुकान पर खड़े युवक को विशेष सम्प्रदाय के युवकों ने पीट दिया। पुलिस ने आधा दर्जन युवकों को हिरासत में ले लिया है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी बिजेंद्र पाल बियर शराब के ठेके पर खड़ा था। इस समय विशेष समुदाय के 10-15 लड़के आए तथा विजेंद्र के साथ मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर 5-6 युवकों को हिरासत में लिया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार भाटी ने बताया कि मारपीट करने वाले लड़कों को चिह्नित किया गया है। तहरीर नहीं मिली है कार्रवाई की जाएगी।

### प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान पथराव में 7 दबोचे

**शमसाबाद फर्रुखाबाद।** श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा और जुलूस ए मोहम्मदी के बाद दो समुदायों के बीच पथराव को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों से 7 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों ने मौके पर पहुंचे दरोगा और पुलिस कर्मियों पर भी जान से मारने की नीयत से पथराव कर दिया था। इस मामले में दरोगा ने दोनों पक्षों से 8 नामजद और 60 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं पुलिस पांच को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सोमवार दोपहर को शमसाबाद कस्बा क्षेत्र में श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई थी। शाम को जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। उसके बाद दो समुदायों में जमकर पथराव हो गया था। मौके पर पहुंचे थाने के दरोगा अमित कुमार व पुलिस कर्मियों पर भी पथराव किया गया था। इस पर दरोगा ने कस्बा क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया निवासी साहिल, मोहल्ला बाजार मंडी निवासी अकरम, मोहल्ला फतेहचंद निवासी अमन, सिकंदरपुर महमूद निवासी राजा, मोहल्ला दलवीर खान निवासी रेहान, यूनुस खान तथा श्री सिद्धिविनायक समिति के अध्यक्ष जोग राज राजपूत उनके पुत्र मोहित राजपूत और 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


छत गिरने से मलबे में दबा सामान। अमृत विचार

### कमरे की छत गिरी, सामान दबा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** गुरुवार को नगर के मोहल्ला पाठक निवासी अमिता देवी के घर के कमरे की छत भारी बारिश के चलते गिर गई। कमरे में रखा सारा समाना दब गया। हादसा उस वक्त हुआ गृहस्वामी मकान के दूसरे हिस्से में थी। गृहस्वामी ने बताया कि कुछ समय पहले ही छत की मरम्मत कराई थी लेकिन भारी बारिश के चलते छत गिर गई। छत गिरने की सूचना पर आसपास लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों का कहना है कि अगर उस समय कमरे में कोई होता तो किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था।


मीटर चेक करती विद्युत विभाग की टीम। अमृत विचार

### मीटर में शंट पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** बिजली चोरी पर काबू पाने के लिए विद्युत विभाग ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान विभाग ने 30 मीटर चेक किए। इस दौरान एक मीटर में शंट मिला वहीं विभाग ने एक मीटर में लोड भी बढ़ाया गया। विद्युत विभाग की टीम ने नगर व आसपास के गांव में बिजली चोरी पकड़ने के लिए छापेमार कार्रवाई की। इससे वहां हड़कंप मच गया। विद्युत विभाग ने संदेह के आधार पर 30 मीटर चेक किए जिसमें क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी कल्लू यादव के मीटर में शंट पाया गया जिसके चलते विभाग ने मीटर को सीज कर दिया। नगर के मोहल्ला कुकी खेल में विघुत विभाग की टीम ने शक के आधार पर एक उपभोक्ता का मीटर खोला। मीटर ठीक पाया गया लेकिन मीटर पर लोड ज्यादा होने पर उसे 5 किलोवाट कर दिया। विद्युत विभाग के एसडीओ विनोद कनौजिया ने बताया कि जिस किसी उपभोक्ता के मीटर में शंट है तो वह विभाग को अवगत कराए। पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सहायक अभियंता मीटर वसीम रजा, जेई राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# एचटी लाइन की चपेट में आने से महिला झुलसी

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

- गांव पितौरा का है मामला बचाने में पति भी झुलसा

**अमृत विचार।** गांव पितौरा में घर के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से झुलस गई। बचाने आया पति भी झुलस गया।

नगर से सटे गांव पितौरा निवासी नन्ही देवी के घर के उपर से एचटी लाइन गुजर रही है। गुरुवार की सुबह नन्ही देवी छत पर कपड़े सुखाने की गई थी। तभी अचानक कपड़े डालते वक्त वह एचटी लाइन की चपेट में आ गई।

करंट की चपेट में आने वह गंभीर रूप से झुलस गई। बचाने गया उसका पति ननकू भी चपेट में आ गया। आनन फानन में परिजन नन्ही देवी के सीएचसी लेकर दौड़े जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### ग्रामीण को लगा करंट

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कंपिल क्षेत्र के गांव निजामुद्दीनपुर निवासी भरत सिंह को करंट लग गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी लेकर आए, जहां उसका इलाज किया गया।


सीएचसी में झुलसी महिला का इलाज करते डॉक्टर। अमृत विचार


जय वीर सिंह को पकड़ कर ले जाती पुलिस। अमृत विचार


मौके पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

# बाइक खड़ी करने पर विवाद, पुलिस से धक्का-मुक्की

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बाइक खड़ी करनें के विवाद में महाभारत हो गया। वेदांता हॉस्पिटल में दंबग मेडिकल स्टोर संचालक ने दूसरे पड़ोसी मेडिकल स्टोर संचालक और उसके परिजनों को जमकर पीट दिया। मौके पर पकड़नें गयी पुलिस के साथ भी आरोपी और उसके गुर्गों नें जमकर धक्का-मुक्की कर दी। फिलहाल पुलिस कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को थानें ले आयी है।

थाना कादरी गेट क्षेत्र के कादरी गेट निवासी पंकज अवस्थी का श्रीराम मेडिकल स्टोर है। पंकज ने बताया कि कादरीगेट पर उनके पड़ोस में डा. विपुल अग्रवाल का वेदांता अस्पताल है जिसके मेडिकल स्टोर पर आवास विकास कालोनी निवासी जयवीर सिंह बैठता है। गुरुवार को अस्पताल आये एक व्यक्ति ने पंकज के मेडिकल स्टोर के सामने बाइक खड़ी कर दी। पंकज ने आपत्ति जताई तो वेदांता अस्पताल से जयवीर सिंह बाहर आ गया और पंकज के साथ मारपीट की। पंकज का आरोप है कि जयवीर ने उस पर पिस्टल तान दी। मामले की तहरीर पंकज ने थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर गई तो जयवीर ने पंकज के भाई मनोज व भाभी विमलेश को भी मारापीटा। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पाण्डेय भारी पुलिस बल के साथ वेदांता अस्पताल पंहुचे और दबिश दी। आरोपी जयवीर को चलने के लिए कहा तो वह पुलिस के साथ लड़ने और धक्का-मुक्की करने लगा। बमुश्किल पुलिस आरोपी जयवीर को थाने ला पायी। पंकज ने तहरीर में डा. विपुल अग्रवाल पर भी आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि डा. विपुल की शह पर ही जयवीर ने मारपीट की है। इस संबंध में डा. विपुल अग्रवाल का पक्ष जानने के लिए उन्हें फोन किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा। प्रभारी निरीक्षक अबध नारायण पाण्डेय नें बताया कि मामले की जांच कर दोनों पक्षों से जयवीर सिंह और पंकज अवस्थी का चालान कर दिया गया है।

### पीड़ित की भाभी ने भी दी तहरीर

पीड़ित पंकज अवस्थी जब अपना मेडिकल परीक्षण कराने लोहिया अस्पताल पहुंचे तो उस दौरान जयवीर और उसके साथियों ने दुकान पर बैठे भाई मनोज के साथ जमकर मारपीट की। इस संबंध में मनोज की पत्नी मिथलेश ने थाने में तहरीर दी है। इसमें कहा गया है कि वह अपने पति के साथ दुकान पर बैठी थी तभी वेदांता हॉस्पिटल का मेडिकल स्टोर संचालक जयवीर अपने 8 साथियों के साथ पहुंचा और गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर रिवॉल्वर निकाल कर तान दिया तथा बुरी नीयत से साड़ी और ब्लाउज फाड़ दिए। उन लोगों गोलक में रखे करीब 5000 रुपये निकाल लिए।

**आयोजन** जिलाधिकारी ने नि :शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का फीता काटकर किया उद्घाटन

# दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाते हैं सहायता शिविर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने गुरुवार को डॉ. रजनी सरीन के संयोजन में एसएन साध ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया। यह शिविर 19 सितंबर से 21 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायता और उपकरण प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के सहायता शिविर दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उद्घाटन समारोह के दौरान जिलाधिकारी ने शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित किए और ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर दिव्यांगजनों के जीवन को आसान बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह शिविर दिव्यांगजनों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। जहां उन्हें मुफ्त में उपकरण और चिकित्सा सहायता दी जाएगी, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन और उनके परिजन उपस्थित थे, और सभी को आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम संयोजक डॉ रजनी सरीन, राकेश साध, चमकेश साध, मधु साध, गुंजा जैन, सुवोध साध, रोहित गर्ग, उदय पाल, समाज सेवी संजय गर्ग, सुजीत उर्फ छोटू, रजत बाथम, अनुभव सारस्वत, रॉबिन साध, अभिषेक त्रिवेदी आदि ने सेवा कार्य मे सहयोग किया।


शिविर का उद्घाटन करते जिलाधकारी वीके सिंह। अमृत विचार


समीक्षा बैठक में मौजूद जिलाधिकारी। अमृत विचार

### डीएम ने 50 लाख से अधिक के विकास कार्यों की समीक्षा की

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीकेसिंह की अध्यक्षता मे 50 लाख से अधिक के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जनपद में चल रही 61 योजनाओं की समीक्षा की गई, जिनमे 15 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है। 46 निर्माणाधीन है, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी कार्यदायी संस्थाए सभी साइडों पर अपने साइड ऑफिस बनाये, निर्माण कार्यो में मानक व गुडवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाए व सभी कार्यों को ससमय पूर्ण किया जाये। समीक्षा में उप्र राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ व सिडको का कार्य सबसे खराब पाया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## धोखाधड़ी कर बैंक खातों से उड़ाए लाखों रुपये

**फर्रुखाबाद।** फर्जी खातेदारों ने धोखाधड़ी कर कई खातों से लाखों रुपए निकालकर बैंक को चूना लगाया है। भोलेपुर आर्यावर्त बैंक के शाखा प्रबंधक अंशुल गुप्ता ने सर्वेश यादव पुत्र रामवीर निवासी बेवर रोड सुशील चंद्र मिश्रा एवं सुमित कुमार के विरुद्ध 6.40 लाख रुपये की धोखाधड़ी की रिपोर्ट अदालत के आदेश पर दर्ज कराई है।

सर्वेश यादव ने फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड के आधार पर भोलेपुर आर्यावर्त बैंक में 23 जनवरी 24 को बचत खाता खुलवाया था। डेढ़ हजार रुपए जमा कर चेक बुक व एटीएम हासिल किया। सर्वेश ने 10 अप्रैल को खिमसेपुर शाखा में गोविंद कुमार के नाम से 2.70 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कराये। 12 अप्रैल को सुशील मिश्रा के नाम से 2.20 लाख रुपए बियरर चेक के माध्यम से बैंक से भुगतान लिया।

# मुठभेड़ में थाना प्रभारी व बदमाश को लगी गोली

## दिल्ली से चुराई बाइक, असलहे सहित आगरा का शातिर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा



पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश एवं जानकारी देते एसएसपी संजय कुमार।

- बदमाश का एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा

**अमृत विचार।** मैनपुरी इटावा स्टेट हाईवे पर आधी रात को थाना वैदपुरा क्षेत्र में छिमारा तिराहा पर वाहन चेकिंग के दौरान आगरा के शातिर बदमाश से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई फायरिंग में थाना प्रभारी विपिन मलिक घायल हो गए । शातिर बदमाश को पैर में लगनी के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया । उसे असलहे, दिल्ली से चुराई गई बाइक सहित गिरफ्तार किया गया। वहीं उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। एसएसपी संजय वर्मा ने पुलिस टीम को 15 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि सीओ सैफई शैलेंद्र प्रताप गौतम के नेतृत्व में वैदपुरा थाना प्रभारी विपिन कुमार मलिक फोर्स के साथ छिमारा तिराहा पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। रात सवा बजे आ रहे एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया तो वह बाइक घुमाकर भागने लगा। उसे भागता देख पुलिस ने की घेराबंदी कर उसे पकड़ने का प्रयास किया । अपने को घिरता देखकर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी,जिसमें एक गोली थाना प्रभारी के दाहिने हाथ में लगी। वहीं पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तो बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गई और वह गिर गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजेश निवासी आगरा बताया। उसके खिलाफ जालौन, फीरोजाबाद, आगरा सहित अन्य थानों में 13 अभियोग पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने बताया किऔर भी तमामजानकारियां दी हैं, इसके फरार साथी की तलाश की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि शातिर अपराधी को पकड़ने वाली टीम को 15 हजार रुपये का इनाम दिया गया है।

### 15 हजार इनाम पाने वाली पुलिस टीम का ये हैं हिस्सा

मुठभेड़ करके शातिर को गिरफ्तार करने में वैदपुरा थाना प्रभारी विपिन मलिक, एसआई सुबोध सहाय, हेका आविद खां, कानि जानी कुमार, उमेश कटारा, रजत, अनुज कुमार व अमित कुमार शामिल हैं ।इनको 15 हजार रुपये इनाम दिया गया है।

# मासूम को पटककर जान लेने वाला पिता गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- दूसरी पत्नी से भी बेटी होने पर घटना को दिया अंजाम
- गैर इरादतन हत्या में दर्ज किया गया मुकदमा

**अमृत विचार।** दूसरी पत्नी से भी लगातार चौथी बेटी होने से गुस्साए आरोपी ने शराब के नशे में एक महीने की नवजात बेटी को पांच दिन पहले फर्श पर पटक दिया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि थाना भरथना क्षेत्र में गांव चंद्रपुरा में 14 सितंबर की शाम शराब के नशे में बबलू उर्फ रंजीत कुमार ने पत्नी दीपू से झगड़ा करके उसकी गोद से एक महीने की नवजात बेटी तान्या को छीनकर घर में फर्श पर पटक दिया था, हालत गंभीर होने पर उसकी सैफई मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। शुरुआत में परिजन पति पत्नी में झगड़ा होने के दौरान गोद से बेटी के गिर जाने से घायल होने की बात कहते रहे। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने गहनता से छानबीन की तो पता चला कि बबलू की पहली पत्नी से दो बेटियां हैं, उसका निधन होने पर उसने दीपू से दूसरी शादी की। उसके भी दूसरी बेटी हुई तो यह शराब के नशे में आकर पत्नी से झगड़ा करने लगा। इसकी पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, दूसरी ओर पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा हुआ है जोर से पटकने से चोटें आईं। इसके आधार पर मामला गैर इरादतन हत्या दर्ज करके सटीक सूचना पर पुलिस ने गुरुवार सुबह सवा दस बजे बबलू को ऊसराहार मार्ग पर गांव नगला जलाल की मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# 21 सितंबर को होगा रोजगार मेला

**इटावा।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि 21 सितंबर को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें तमाम कम्पनियां आवश्कताओं के साथ रोजगार मेला में प्रतिभाग कर रही हैं। मेले में हाईस्कूल से स्नातक एवं आईटीआई योग्यताधारी बेरोजगार अभ्यर्थी भाग लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही कहा कि आने वाले अभ्यर्थी अपने अपने मूल प्रमाण पत्र साथ अवश्य लेकर आयें ।

मेले में भाग लेने के इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह ऑनलाईन पंजीकृत अभ्यर्थी सेवायोजन कार्यालय की वेबसाईट rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन कर प्रातः 10 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय इटावा में अपने शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को कोई मार्ग व्यय आदि देय नहीं होगा।

# बिजली चोरी करते हुए 11 उपभोक्ता पकड़े गये

कार्यालय संवाददाता, इटावा



**अमृत विचार।** कम खपत वाले उपभोक्ताओं की सूची के आधार पर चेकिंग के दौरान 11 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। इन सभी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। अधिशाषी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा के निर्देशन में कम खपत वाले उपभोक्ताओं के मीटरों की जांच की गई। उपखंड अधिकारी गगन अग्निहोत्री के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की तो यह उपभोक्ता चोरी करते हुए पकड़े गए।

**36 घंटे बाद बहाल हुई बिजली आपूर्ति : बकेवर, इटावा।** लखना क्षेत्र के गांवों को 36 घंटे बाद गुरुवार सुबह दस बजे बिजली आपूर्ति मिल सकी। बकेवर बिजली घर में पांच ग्रामीण फीडर हैं। जिसे करीब एक सैकड़ा गांव को बिजली की आपूर्ति होती है। लखना बिजली घर से करीब 50 और बहादुरपुर फीडर से 45 गांव को बिजली आपूर्ति होती है। बारिश के कारण लाइनों में फाल्ट हो जाने से बिजली बाधित हुई थी। मंगलवार देर रात्रि बारिश शुरू होने पर ही करीब दस बजे लाइट गुल हो गई। बुधवार पूरे दिन व रात में एक भी फीडर की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी थी। गुरुवार सुबह करीब बिजली आपूर्ति फीडरों पर शुरू हो सकी।

### दो घंटे बाधित रहेगी बिजली

**इटावा।** 20 सितम्बर को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र इन्जिनारिंग कालेज तथा काली वाहन 33 केवी लाइन पर गार्डिंग का कार्य कराया जाएगा। इसके कारण संबंधित समस्त क्षेत्रों पुरबिया टोला, बराही टोला, तिकोनिया, सरैया, लुहन्ना छैराहा, पचराहा की बिजली आपूर्ति दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी ।

# खामियां मिलने पर भड़के सीडीओ

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- टीकाकरण के बारे में जानकारी नहीं दे सकी एएनएम व आंगनबाड़ी
- 4 लोगों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए , किताब नहीं पढ़ सके छात्र



प्राथमिक विद्यालय में बच्चे से सवाल पूछते सीडीओ अजय कुमार गौतम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव धरबार में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने निरीक्षण किया। जिसमें सचिवालय, आंगनबाड़ी केंद्र, आरआरसी सेंटर, स्कूल और तालाब, खरंजे आदि का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान 4 लोगों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम सबसे पहले पंचायत घर पहुंचे। जहां पर टूटी टाइल्स देखते ही उनका पारा चढ़ गया। आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे जहां पर गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण हो रहा था । कौन से माह में कौन सा टीका लगाया जाता है इसका जवाब एएनएम और आंगनबाड़ी नहीं दे सकीं। उसके बाद प्राथमिक विद्यालय धरबार में पहुंचे जहां पर कक्षा में पढ़ा रहे अध्यापक बृजेन्द्र से सवाल पूछने पर संतोषजनक जवाब न मिलने के कारण कक्षा में पढ़ रहे छात्रों से जब किताब पढ़वाई गई तो छात्र किताब पढ़ने में असमर्थ रहे। अध्यापक के खिलाफ विभागीय पत्र जारी कर जांच के आदेश दिए। ग्रामीणों ने तालाब में जल भराव की शिकायत की। जिससे घरों में पानी जा रहा है। इस दौरान बीडीओ श्वेता गर्ग, पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# 30 फीट गहरे गड्ढे में गिरी गाय, मौत

**जसवंतनगर, इटावा।** बुधवार को हुई मूसलाधार बारिश के चलते नगला केशो कुरसेना के जगदीश यादव के निजी ट्यूबवेल की बोरिंग की कोठरी के नीचे 30 फीट गहरा गड्ढा हो गया। वहां बंधी गाय उसी में जमींदोज हो गई। जेसीबी से कुआं को काट कर रास्ता बनाया गया और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गाय बाहर निकाली गई लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि घर गृहस्थी का सामान भी जमीन में समा गया। गनीमत रही जब ये घटना घटित हुई उस समय जगदीश और उनकी पत्नी मौके पर नहीं थे। वरना बड़ी घटना हो सकती थी। तहसीलदार दिलीप कुमार,थाना निरीक्षक राम सहाय सिंह जेसीबी मशीन सहित मौके पर पहुंचे ।

# सपाइयों ने की पुतला फूंकने वालों पर कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला फूंकने वालो भाजपाइयों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराये जाने की मांग को लेकर सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल एसएसपी से मिला। सपा नेताओं ने रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।

सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने बताया कि सपा नेताओं ने जब इसके प्रतिशोध में उत्तर प्रदेश सरकार का विरोध किया गया तो सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट तुरंत दर्ज हो गई। सपा जिला अध्यक्ष ने पत्र के माध्यम इटावा पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई एवं सत्ता के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। मांग की है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला जलाने वाले नामजदों के विरुद्ध कार्रवाई हो।

जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने बताया है एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने हमें निष्पक्ष जांच करवाकर कल शाम तक का आश्वासन दिया है। शुक्रवार दोपहर बाद हम लोगों को बुलाया भी है। ज्ञापन में मुख्य रूप से विधायक राघवेंद्र गौतम, जिला महासचिव वीरू भदौरिया, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत , अनवार हुसैन, कोषाध्यक्ष ब्रजेन्द्र यादव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, उदयभान सिंह यादव, राजपाल यादव, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, जिलाध्यक्ष महिला सभा सीमा यादव, राकेश यादव, राजकुमार यादव, लईक अहमद, देवेंद्र यादव, रामबाबू प्रधान, अभिनय यादव, राजू यादव, पप्पू यादव, कमलेश आदि साथ रहे।

## सार-संक्षेप

### सपा नेता आलोक के बयान से पार्टी ने झाड़ा पल्ला

**इटावा।** जैन समाज के पर्यूषण पर्व के दौरान की गई टिप्पणी के मामले में सपा के जिला उपाध्यक्ष आलोक दीक्षित अलग थलग पड़ गये हैं। वहीं जैन समाज के नेताओं ने सपा के जिला नेतृत्व के समक्ष भी संचार माध्यमों के जरिये आपत्ति जताई। आलोक दीक्षित ने फेसबुक पर जैन समाज के क्षमा वाणी पर्व को लेकर व्यंगात्मक टिप्पणी की थी हालांकि अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता है। जैन समाज के कड़े रुख को देखते हुए आखिरकार समाजवादी पार्टी ने अपना अधिकृत रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि आलोक दीक्षित का बयान उनका व्यक्तिगत है, उनके इस बयान से सपा का कोई लेना-देना नहीं है। उधर आलोक दीक्षित ने अमृत विचार से बातचीत में कहा कि उन्होंने अपनी टिप्पणी में किसी धर्म विशेष का उल्लेख नहीं किया है। एक सामान्य बात बगैर किसी धर्म का नाम लिए लिखी है। उनके कुछ राजनैतिक विरोधी पर्दे के पीछे से उनकी छवि को धूमिल करने का षडयंत्र कर रहे हैं।

### 47 मरीजों का होगा मोतियाबिंद का आपरेशन

**भरथना,इटावा।** शंकरा आई हॉस्पीटल चौबेपुर कानपुर के सहयोग से संस्कृति इण्टरनेशनल स्कूल में नि :शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर, लेंस प्रत्यारोपण विधि का आयोजन किया गया। 47 मरीजों को ऑपरेशन के लिए कानपुर ले जाया गया। मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान ने विद्यालय संस्थापक व चेयरमैन अजय कुमार यादव गुल्लू के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ प्रतीश माथुर, गौरव सिंह, अभय यादव, प्रिया अग्निहोत्री, शिवानी पाल, शरद पाण्डे, मो. इकलाक की देखरेख में कुल पंजीकृत 210 मरीजों ने नेत्र रोगों से सम्बन्धित परीक्षण करवाकर उचित सलाह ली। निदेशक अंकित यादव, राजेश यादव पंडा, पवन यादव, दीक्षा चौहान आदि का विशेष सहयोग रहा।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का न करें उपयोग

**इटावा।** श्री तिरुपति बालाजी महाविद्यालय सैफई रोड छिमारा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक का एकत्रीकरण एवं जल भराव की साफ सफाई अभियान चलाया। सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता कार्यक्रमों के साथ-साथ सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम एकत्रीकरण व निस्तारण के लिए विशेष रूप से प्रयास किये जा रहे हैं । कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि गुप्ता ने स्वयं सेवक और सेविकाओं से चर्चा की। मुख्य अतिथि अजय कुमार मार्केटिंग एक्सपर्ट ने स्वच्छता पखवाड़े के कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान किया । आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कुंवर उदयवीर सिंह पवार, प्रवक्ता पुनीत मिश्रा, सत्येंद्र प्रताप सिंह, वैशाली शर्मा, नरसी लाल, प्रमोद कुमार पांडे, सत्यम मिश्रा, मनोज मिश्रा, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे ।

### घर में घुसकर महिला के साथ की मारपीट

**बकेवर, इटावा।** बकेवर थाना क्षेत्र के गांव में युवक ने घर में घुसकर महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए छेड़छाड़ की। जब महिला ने छेड़छाड़ करने का विरोध किया तो युवक ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर महिला को घायल कर दिया। पुलिस ने महिला के प्रार्थना पत्र पर फुंदी लाल के विरुद्ध मामला दर्ज किया।

### अज्ञात शव की नहीं हुई शिनाख्त

**बकेवर, इटावा।** हाईवे के किनारे मिले अज्ञात शव की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। 14 सितंबर को बकेवर थाना क्षेत्र के तहत आगरा कानपुर सिक्सलेन हाईवे पर उझियानी गांव के पास एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला था। युवक के चेहरे पर एक साइड में चोट का निशान था। जिससे उसकी किसी वाहन के टक्कर मारने से मौत होने की आशंका पुलिस ने जताई थी। 72 घंटे बीतने के बाद शव का पोस्टमार्टम पुलिस ने कराया। सोशल मीडिया के कई ग्रुपों पर शव की फोटो डालने के बाद भी आज तक युवक के शव की पहचान नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम में उसकी मौत चोट लगने से होना बताया गया।



एसडीएम श्वेता मिश्रा को ज्ञापन देते किसान नेता। अमृत विचार

# समस्याओं के निस्तारण की रखी मांग

**ऊसराहार,इटावा।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर ताखा एसडीएम श्वेता मिश्रा को किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

तहसील अध्यक्ष संदीप यादव और लालू ने तहसील बम्बे के पानी के कटान को रोकने के साथ ही बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास जमा कंक्रीट को हटाने की मांग की है। कुछ किसान जो राशन कार्ड के लिए वांछित हैं, उनके राशन कार्ड को भी बनवाया जाए। ग्राम पंचायत वार सर्वे करवाकर छुट्टा गोवंश को पकड़कर संरक्षित किया जाए। ताखा एसडीएम श्वेता मिश्रा से बताया कि दो से तीन दिन के भीतर समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

# अब रेलवे प्रशासन आया भाजपाइयों के निशाने पर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- झंडी दिखाने के दौरान विधायक के ट्रैक पर गिरने का मामला
- भाजपा नेता ने रेलवे प्रशासन को ही ठहराया जिम्मेदार

**अमृत विचार।** 16 सितंबर को आगरा वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के दौरान सदर विधायक सरिता भदौरिया के प्लेटफार्म से रेल पटरी पर गिरने के मामले को लेकर विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है क्योंकि अब भाजपा भी आक्रमक रुख में आ गई है।

इस मामले में भाजपा विधायक ने आरोप लगाया था कि इस घटना में सपा सांसद के साथ आए कार्यकर्ताओं का हाथ है। सपाइयों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हुए धक्का मुक्की की। जीआरपी की जांच रिपोर्ट में सपा को पूरी तरह से क्लीन चिट दे दी गई है। जीआरपी एसओ ने एसपी रेलवे आगरा को भेजी अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि झंडी दिखाने के दौरान पीछे खड़े एक सरकारी गनर का धक्का लगने से विधायक पटरी पर गिर गई थीं।

जीआरपी की इस रिपोर्ट के आने के बाद भाजपाइयों में जबरदस्त नाराजगी है। भाजपा नेता अब जीआरपी की व्यवस्था पर ही सवाल खड़ा कर जीआरपी को ही कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। अब इतना तो तय है कि इस तनातनी का नतीजा आने वाले कुछ दिनों बाद सामने आएगा।

### स्टेशन पर धक्का-मुक्की के लिए रेल प्रशासन जिम्मेदार

**इटावा।** आगरा इटावा बनारस वन्दे भारत ट्रेन के इटावा जंक्शन पर स्वागत कार्यक्रम के दौरान धक्का-मुक्की से फैली अफरा-तफरी में सदर विधायक सरिता भदौरिया के रेलवे ट्रैक पर गिरने की घटना के पीछे रेलवे प्रशासन की लचर सुरक्षा व्यवस्था व रेलवे प्रशासन की लापरवाही । यह बात भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य ने कही है। उन्होने रेलमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि रेलवे की तरफ से जनप्रतिनिधियों के लिए किसी भी प्रकार की कोई बैरिकेडिंग या सुरक्षा गैलरी नहीं बनाई गई थी , जो सुरक्षा कर्मी जनप्रतिनिधि की सुरक्षा में लगा है वो जनप्रतिनिधि को धक्का क्यों मारेगा। ये जरूर सम्भव है कि अराजकतत्वों द्वारा आगे आने की होड़ में दिए गए धक्के से न सम्भल पाने की स्थिति में कंधा लग गया हो। रेलवे प्रशासन स्टेशन परिसर में भारी भीड़ और अराजक तत्वों को रोक पाने में पूरी तरफ विफल साबित हुआ। रेल प्रशासन को रेलवे परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर बयान देना चाहिए था जबकि रेलवे प्रशासन द्वारा जारी किया गया बयान जल्दबाजी में पल्ला झाड़ने वाला प्रतीत होता है। शाक्य ने कहा कि कार्यक्रम संचालक रेलवे अधिकारी को प्राप्त पत्र में स्पष्ट अंकित था कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गीता शाक्य राज्यसभा सांसद है लेकिन पता नहीं क्यों वे मुख्य अतिथि अन्य जनप्रतिनिधि को साबित करने में लगे थे। उन्होंने इसके लिए जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

# डिजिटल इंडिया के सपनों को पंख दे रहा है टेली लॉ कार्यक्रम

**इटावा।** न्याय विभाग तथा सीएससी टेली लॉ के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तथा वंचित तबकों के लिए टेली लॉ कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है । यहां पर लोगों को मुफ्त कानूनी सलाह प्रदान की जा रही है। सीएससी टेली लॉ उत्तर प्रदेश के राज्य समन्वयक वागीश सिंह ने इटावा में विकास भवन में आयोजित सभागार में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्वेता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कराया गया। राज्य समन्वयक वागीश सिंह ने बताया कि टेली लॉ से लोगो को मुफ्त कानूनी सलाह मुहैया कराई जा रही है। इसका भरपूर लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। कार्यक्रम में सीएससी हेड ऑफिस से सीनियर मैनेजर योगेश मिश्रा तथा पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र पाल सहित सीएससी संचालक मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पीएलवी तथा पैनल अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

आफत | बुधवार को हुई तेज बारिश से किसान हुए हलकान ,खेतों में भरा 3 फीट तक पानी

# झमाझम बारिश से फसलें हुईं बर्बाद, जलभराव से जूझे लोग

कार्यालय संवाददाता, इटावा



बाजरा के खेतों में भरा बारिश का पानी । अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार को हुई झमाझम बारिश बाजरा की फसल पर आफत बनकर टूटी है। खेतों में 3 फीट तक पानी भर गया और तेज हवा व बारिश से बाजारा की खड़ी फसल खेतों में ही गिर गई। इस एक दिन की तेज बारिश ने बाजरा उत्पादक किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। जिले में जसवंतनगर, ताखा, महेवा, चकरनगर सभी क्षेत्रों में बुधवार की बारिश बाजरा के लिए आफत की बारिश साबित हुई है।

जसवंतनगर में खेतों में पानी का स्तर तीन फीट तक पहुंच गया है। समय पर पानी की निकासी नहीं होने पर किसानों को भारी नुकसान होगा। बारिश के कारण खेतों में जलभराव हो गया है। खेतों में करीब तीन फीट तक पानी भरा हुआ है। गांव के अधिकांश किसान बाजरा और जायद की खेती करते हैं। इन दोनों ही फसलों में बहुत कम सिंचाई की अवश्यकता होती है।

ऊसराहार में तेज हवाओं के साथ पानी गिरने से फसल को काफी नुकसान हुआ है। खेतों में खड़ी फसल को जो नुकसान हुआ उसने किसानों को बर्बाद कर दिया। ताखा क्षेत्र में अचानक मौसम ने करवट ले ली रात 11 बजे पहले तेज हवाओं के साथ बरसात शुरू हो गई ऊसराहार टिपटिया बदकन शाहपुर भरतपुर खुर्द नगला लक्षी बहादुरपुर पालन अड्डा सहित तहसील क्षेत्र में धान बाजरा की खड़ी फसलों को नुकसान हुआ सबसे ज्यादा नुकसान धान की फसल को हुआ। भरतपुर खुर्द के किसान संजू बाबू ने बताया धान की 20 बीघा फसल पकड़ तैयार खड़ी थी वह खेत में गिर गई।

### अन्हैया नदी उफान पर , धान की सैकड़ों बीघा फसल डूबी

**बसरेहर, इटावा।** विकासखंड बसरेहर क्षेत्र से निकली अन्हैया नदी के उफान पर होने से एक दर्जन गांवों के किसानों की सैकड़ों बीघा धान की फसल डूब गई है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत से युवा तहसील अध्यक्ष बृजेश सिंह यादव ने बताया नीमसेई, बरुआ, नगला दलजीत, नगला वरी, टिसुआदेव, भदियापूरा, नगला दुरगायी, कबूली, नगला लक्ष्, मूंज, फरदपुरा सहित दर्जनों गांव के किसान धान की फसल में पानी भर जाने से चिंतित और परेशान है। किसान नेता बृजेश सिंह यादव ने बताया नदी की सफाई के नाम पर महज खाना पूर्ति हुई है।

### तिल की फसल को भी पहुंचा नुकसान

**महेवा, इटावा।** महेवा क्षेत्र में किसानों की तिल और बाजरे की फसल को नुकसान हुआ है। हालांकि धान की फसल को जरूर लाभ हुआ है। वहीं मक्का तिल और बाजरे की फसल को नुकसान हुआ है। बहेड़ा निवासी प्रगतिशील किसान राजीव चौधरी व पंडित बबलू तिवारी ने बताया कि बाजरे की फसल में इस समय बाली निकल रही है। बारिश होने के कारण उनका फूल धुल गया है तिल की फसल गिर गई है। राजकीय बीज भंडार के प्रभारी बृजेंद्र सिंह व कृषि रक्षा इकाई के प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि अधिक वर्षा के कारण सबसे ज्यादा नुकसान बाजार मक्का तिल का नुकसान अधिक हुआ है । क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहेड़ा आनेपुर उझियानी सुनबरसा सहित करीब आधा दर्जन ग्रामों में किसानों के साथ जाकर उनके खेत पर खड़ी फसल को देखा। इस मौके पर आनंद दुबे, राजीव तिवारी, प्रेमगोपाल पांडे, नेकराम पाल सहित दर्जनों किसान मौके पर मौजूद थे ।

### भारी बारिश के चलते गिरा मकान

**जसवंतनगर, इटावा ।** क्षेत्र में हुई तेज बारिश के कारण कई ग्रामों में मकान क्षतिग्रस्त हो गए और कई गिर गए। लोगों को भारी नुकसान हुआ है। मलाजनी ग्राम में वेद प्रकाश का कच्चा मकान गिरने से घर गृहस्थी का सामान पूरी तरह से नष्ट हो गया। इसी तरह, धनुआ ग्राम की नीलम देवी के मकान में घर का सामान दबकर नष्ट हो गया। मोहन की मड़ैया में बाबू जी के घर की दीवार गिर गई। कीरतपुर निवासी राजा बाबू के घर में पानी भरने से दीवारों में दरार आ गई और घर में जलभराव हो गया। पीड़ितों ने उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत से प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित राजा बाबू ने बताया है कि उस को आश्रय और आर्थिक सहायता की आवश्यकता है।

# अंडरपास में भरा कई फीट पानी, राहगीर हुए परेशान

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के बलरई-भदान रेलवे स्टेशन के मध्य बने गेट संख्या 40 सी अंडरपास में 5 फुट तक पानी भरने से लोगों को दिक्कत हो रही है। लोग 8 किमी चक्कर काटकर भदान ओवर ब्रिज से होकर निकल रहे हैं।

आगरा जिले के बाह तहसील क्षेत्र के जैतपुर,पारना,फतेह पुरा, पाठक पुरा, शाहपुर सहित दर्जन भर आदि गांव के लोग इस रास्ते से तिजोरा-बीबामऊ गांव होते हुए आते जाते हैं। यह रास्ता राष्ट्रीय राजमार्ग पर मैनपुरी जिले के मीठेपुर गांव से जुड़ता है। इस रास्ते से इटावा जिले के बलरई क्षेत्र के दर्जन भर गांव के लोग और आगरा जिले के बाह तहसील क्षेत्र के लोगों का राष्ट्रीय राजमार्ग व आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के लिए जाते हैं। तिजोरा गांव और बीबामऊ गांव के बीच में रेलवे क्रासिंग थी जिसे रेल विभाग ने इसे बंद कर अंडर पास बना दिया। बारिश होने पर यहां पर जलभराव हो जाता है।

### कच्चे घरों के गिरने का सिलसिला जारी

**महेवा, इटावा।** जोरदार बारिश के बाद दूसरे दिन धूप खिलने के बावजूद भी कच्चे घरों के गिरने का सिलसिला जारी रहा। ग्राम ढकाताल में जलभराव से राममोहन सविता का कच्चा आवास गिर गया । ग्राम बम्होरा में पप्पू कुशवाहा का मकान गिर गया। क्षेत्रीय लेखपाल राहुल गोयल ने ग्राम महेवा ,बहेड़ा , बम्होरा में गिरे हुए घरों का सर्वे कर सूची तैयार की व रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की। शेरपुर में राजेश तिवारी, अजय तिवारी का कच्चा मकान गिरगया।

### संपर्क मार्ग हुआ ध्वस्त

**महेवा, इटावा।** महेवा के अंतर्गत रामखेड़ा से बिलहटी की और जाने वाला संपर्क मार्ग पूर्ण रूप से अनवरत वर्षा के चलते ध्वस्त हो गया जिससे राहगीरों को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । ग्राम वासी बृजेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि रामगढ़ से बिलहटी की और जाने वाला संपर्क मार्ग पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है ।मंजीत सिंह ,सर्वेश सिंह ,लोकेंद्र सिंह , विकास चौहान ने डीएम से मार्ग सही कराने की मांग की है।

# आफत: चारों तरफ पानी ही पानी से मचा हाहाकार

## सड़कों में भरा पानी, लोगों के घरों तक पहुंचा बारिश का जल, पानी में मछलियां और छोटे सांप आ रहे नजर, लोगों में दहशत

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के निकट ग्राम पंचायत लखनपुर में 2 दिन हुई भारी बारिश से चारों तरफ पानी ही पानी दिखने लगा। जहां लोगों को आवागमन में तमाम दिक्कतें हो रही हैं। पानी सड़क के ऊपर से बह रहा है वहीं कुछ लोगों के घरों तक अपनी पानी पहुंच गया है। एक फुट तक पानी भरने से मछलियां और छोटे-छोटे सांप तैरते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं।

लखनपुर के प्राथमिक विद्यालय में भी 1 फीट तक पानी भरा हुआ है। खेतों में पानी भर जाने से फसलें नष्ट हो रही हैं। लोगों की बाजरा की फसल खत्म होने की कगार पर है। ग्राम वासियों ने कहा हमारी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है न ही नालियां साफ होती हैं और न ही ग्राम प्रधान ध्यान देते हैं। प्राथमिक विद्यालय में पानी भरने के बाद बच्चों को स्कूल जाने में समस्या हो रही है। जहां पूरे गांव में चारों तरफ से पानी ही पानी भरा हुआ है। ऐसा लगता है कि ग्राम लखनपुर समुद्र के बीच में बसाया गया हो। पूरे गांव में जल निकासी का कोई भी साधन नहीं है। जिससे महामारी फैलने का भी खतरा बढ़ रहा है। वैसे भी गांव में अधिकतर बच्चे बुखार से पीड़ित है।



बारिश के पानी से लबालब खेत। अमृत विचार

### तेज बारिश के चलते मकान की छत गिरी

**कुदरकोट, औरैया।** थाना अंतर्गत ग्राम नगला विजई निवासी ओमकार पुत्र अजब सिंह के मकान की छत बीती रात से हो रही बारिश के चलते गिर गई, जिससे उनके परिवार को छप्पर के नीचे गुजारा करना पड़ रहा है। इससे पहले हुई बारिश में दीवार गिर गई थी, जिसको देखने लेखपाल अनमोल मौके पर गए थे। पीड़ित ने बताया है कि अभी तक उसे सरकार द्वारा कोई मदद नहीं मिली है।



सड़क पर जाम लगाए ग्रामीण। अमृत विचार

## बारिश के बाद भरभरा कर गिरा कच्चा मकान

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा क्षेत्र के एक गांव में एक कच्चा मकान ढह गया, जिससे मकान में रखा सामान दब गया। गनीमत रही कि उस वक्त घर में कोई नहीं था और मवेशी भी चरने गए थे।

गोहानी कला गांव निवासी गुड्डू तिवारी का कच्चा मकान गुरुवार को भरभराकर गिर पड़ा। परिजन दूसरे पक्के बने मकान में थे। इस मकान में मवेशी बांधे जाते हैं। गनीमत रही कि मवेशी चरने गए थे। जिससे कोई अप्रिय घटना होने से बच गई। किंतु कमरे में रखा सामान मलबे में दब गया। तहसीलदार जीतेश वर्मा ने बताया कि क्षतिग्रस्त मकानों की सूची तैयार की जा रही है। पीड़ितों को शासनादेश के अनुसार आर्थिक मदद दिलाई जाएगी।



गिरा पड़ा कच्चा मकान। अमृत विचार

## जलभराव से परेशान लोगों ने लगाया जाम

**औरैया।** शहर के गोविंद नगर नई बस्ती में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे मोहल्ला टापू में तब्दील हो गया है। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या का समाधान न होने पर गुरुवार को दिबियापुर बाईपास पर जाम लगा लगाकर जमकर हंगामा काटा और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण चारों तरफ पानी भर गया है। बीते दिनों एसडीएम ने जलभराव से निजात दिलाने का आश्वासन दिया था, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। मोहल्ले के निवासियों ने कई बार पालिका में प्रार्थनापत्र भी दिए, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। जिससे उन्हें मजबूरी में यह कदम उठाना पड़ा। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से अपील की कि वे रास्ता अवरुद्ध न करें। हालांकि, स्थानीय निवासियों ने कहा कि वे किसी को परेशानी में नहीं डालना चाहते हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान भी जरूरी है।



सेंगर नदी का स्थलीय निरीक्षण करते उप जिलाधिकारी निखिल राजपूत। अमृत विचार

## एसडीएम ने सेंगर नदी में बढ़ रहे जलस्तर का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** उप जिलाधिकारी बिधूना निखिल राजपूत ने ग्राम चिनकुनी व सुर्खीपुर का स्थलीय निरीक्षण कर सेंगर नदी में बढ़ रहे जलस्तर का जायजा लिया। जिसमें तटीय खेतों में पानी का जल भराव पाया गया लेकिन आबादी का क्षेत्र सुरक्षित पाया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम वासियों को इस संबंध में जानकारी दी गई है कि जलभराव से होने वाली हानियों का आकलन कराया जा रहा है जिसपर नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर पर की छापेमारी

**बिधूना, औरैया।** गुरुवार को औषधि निरीक्षक ज्योत्स्ना आनंद ने कस्बे के दिबियापुर रोड पर तीन मेडीकल स्टोरों पर छापेमारी कर मेडीकल स्टोरों पर दवाओं आदि की स्थिति देखी। इस अवसर पर उन्होंने कुछ दवाओं के नमूने भी लिए। साथ ही उन्होंने मेडीकल स्टोर संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिन दवाओं के सैंपल लिए गए हैं उनको जांच के लिए भेजा जा रहा है। सैंपल सही न पाए जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। दवा निरीक्षक के द्वारा औचक निरीक्षण किए जाने के दौरान कई दवा विक्रेता अपने मेडीकल स्टोर की दुकानें बंद कर भाग खड़े हुए। औषधि निरीक्षक के जाने के बाद ही उन्होंने अपने मेडीकल स्टोर खोले। औषधि निरीक्षक ज्योत्स्ना आनंद ने कहा कि मेडीकल स्टोरों की चेकिंग का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### ट्रैक्टर के नीचे दबकर अधेड़ की गई जान

**अजीतमल, औरैया।** क्षेत्र के पुरवा चंदेल निवासी एक अधेड़ की बुधवार रात ट्रैक्टर पलटने से उसके नीचे दबकर मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र की ऊंचा चौकी अंतर्गत पुरवा चंदेल निवासी मन्नी सिंह 52 वर्ष गांव में ही रहकर खेती किसानी कर गुजर बसर करता था। बीते दिनों वह भरथना निवासी अपने भांजे राजवीर का ट्रैक्टर अपने खेतों के काम के लिए ले आया था। बुधवार शाम को वह ट्रैक्टर लेकर किसी काम से गया था वापस आते वक्त रात लगभग 11 बजे हैदरपुर मोड़ पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया, जिससे मन्ने ट्रैक्टर के नीचे दब गया और उसकी मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।



मन्नी सिंह।

### भदेख में दबिश देकर आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

**अयाना, औरैया।** प्रभारी थानाध्यक्ष नसीरुद्दीन, महिला सिपाही प्रीति ने गुरुवार सुबह जालौन जिला के कुठौंद थाना क्षेत्र के भदेख में दबिश देकर सीमा नाम की एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी महिला के खिलाफ थाना क्षेत्र की एक किशोरी को अगवा करने व सामूहिक दुष्कर्म करवाने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले में दो आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। आरोपी महिला को भी कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस फरार चल रहे सीमा के पति केशव की तलाश में दबिश दे रही है।

### गली से स्कूली बस न निकालने की दी तहरीर

**अजीतमल, औरैया।** कस्बा क्षेत्र के शास्त्री नगर निवासिनी सरस्वती देवी ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीआरएसडी इंटर कॉलेज की बस को छोटी सी गली से निकाला जाता है। गली में छोटे छोटे बच्चे खेलते रहते हैं कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## गाली गलौज कर दी जान से मारने की धमकी

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के सिद्धार्थनगर बाबरपुर निवासी शिवजीत दुबे ने गुड्डन लाला, भुवन लाला, छुट्टे लाला व रोमी लाला पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी का आरोप लगाकर पुलिस में तहरीर दी है।

तहरीर में शिवजीत दुबे ने बताया कि मेरी दुकान फूटे कुआं चौराहे पर है। मेरी दुकान के आस पास ही उक्त चारों लोगों की दुकानें है। उक्त लोग आए दिन किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा फसाद करते रहते है और मेरे साथ पहले भी मारपीट कर चुके है। शिवजीत सुबह 9 बजे अपनी दुकान पर जा रहा था कि तभी उक्त लोगों ने रास्ते में घेर कर गाली गलौज कर कहा की तुम अपनी दुकान हटा लो नहीं तो तुम्हे जान से मार देंगे। इस संबंध में चौकी प्रभारी जयेंद्र चौधरी ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है जांचकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### प्रसव के दौरान महिला बीडीसी की हुई मृत्यु

**ककोर, औरैया।** जिला मुख्यालय के निकट ग्राम पंचायत उसरारी के मजरा प्रतापपुर में इंकला देवी (32) पत्नी रामू सिंह की प्रसव के दौरान मृत्यु हो गई। बुधवार को दोपहर में प्रसव के पहले पेट में दर्द होने पर घर वाले उन्हें निजी अस्पताल लेकर गए थे। वहां पर थोड़ी देर इलाज करने के बाद प्रसव के दौरान इंकला देवी की मृत्यु हो गई।

## निष्पक्षता से हल करायें जमीनों का विवाद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- जिले भर में मिशन समाधान के तहत कब्जामुक्त कराई गई जमीन

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने मिशन समाधान के तहत सरकारी भूमि, चकरोड तथा नाली, शमशान, खाद के गड्ढे सहित अन्य सरकारी भूमि पर किसी के भी द्वारा किए गए अवैध कब्जा एवं आपसी विवादों को निस्तारित कराने के लिए तहसीलवार गठित की गई है। तहसील बिधूना के ग्राम अघार, शहबाजपुर एवं खानजहांपुर चिरकुआ में स्वंय जिलाधिकारी ने पहुंचकर निरीक्षण करते हुए संबंधितों को निर्देशित किया कि कब्जा मुक्ति व आपसी मामलों के निस्तारण को नियमानुसार एवं निष्पक्षता के साथ करते हुए स्थाई समाधान सुनिश्चित करें, जिससे पुनः अवैध कब्जा एवं विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के संबंध में की जाने वाली कार्रवाई की फोटो और वीडियोग्राफी भी कराएं और यदि निस्तारण के उपरांत किसी के द्वारा कोई विवाद पैदा किया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित करें।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी बिधूना, तहसीलदार व लेखपाल को निर्देशित किया कि मिशन समाधान के अंतर्गत सतत प्रक्रिया संचालित रखते हुए सरकारी भूमि, चकरोड, नाली,गूल, शमशान, कृषि भूमि एवं ग्राम पंचायत की भूमि आदि पर अवैध कब्जों के साथ-साथ आम जन के आपसी भूमि विवादों को भी नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थाई समाधान करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिधूना निखिल राजपूत, तहसीलदार बिधूना अविनाश कुमार, नायब तहसीलदार रुचि मिश्रा, लेखपाल, राजस्व व पुलिस विभाग सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी अमृत विचार

## मीटर रीडर ने लगाया मारपीट का आरोप

**औरैया।** बेला थाना क्षेत्र के बेला पावर हाउस में कार्यरत विद्युत बिल मीटर रीडर ऋषि कुमार जो कि मल्हौसी फीडर के अंतर्गत विद्युत बिल निकालने का काम करते हैं।वह गुरुवार को बेला थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में बिलिंग कर रहे थे। इसी दौरान गांव में मानसिंह के विद्युत बिल कनेक्शन का बिल निकालने गए जिनकी बिलिंग दो माह पश्चात हुई थी। विद्युत बिल बकाया होने के कारण विक्रम सिंह और उनकी माता ने मीटर रीडर ऋषि कुमार के साथ मारपीट कर दी और उनके जेब में रखे 4580 रुपये छीन लिए और मीटर प्रिंटर भी तोड़ दिया। मीटर रीडर ऋषि कुमार ने थाना प्रभारी बेला को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की।

## राहत: फफूंद रेलवे स्टेशन पर शुरू हुई वाहन पार्किंग व्यवस्था

**औरैया।** दिबियापुर कस्बा में फफूंद रेलवे स्टेशन पर अभी तक वाहन पार्किंग की सुविधा नहीं थी।

फफूंद रेलवे स्टेशन परिसर का ठेका लेने वाले मोहित चतुर्वेदी ने बताया कि उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के अधिकारियों ने वाहन ठेका अरुणांचल ट्रेडर्स इटावा को 13 सितंबर 2027 तक (तीन वर्ष) के लिए दिया है, जो कि मंगलवार से चालू कर दिया गया है।

पार्किंग में वाहन खड़ा करने के लिए शुल्क निर्धारित किया गया है। 24 घंटे यात्रियों को सुविधा मिलेगी। पार्किंग में वाहनों का शुल्क में ई-रिक्शा 20 रुपये, कार 30 रुपये, साइकिल आठ रुपये, बाइक हेलमेट समेत 20 रुपये लगेंगे। मासिक सुविधा भी यात्रियों को मिलेगी।

## करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

**अजीतमल।** कोतवाली क्षेत्र के राजपुरा गाव निवासी राम सिंह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह खेती किसानी और जानवर पालकर जीवन यापन करता है। आज दोपहर एक बजे के करीब खेत में बंधी भैंस के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन के टूटकर गिर गई जिससे भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी ने बताया तहरीर के आधार पर एनसीआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## जैव उर्वरक का प्रयोग कर तमाम बीमारियों से बचें

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिये व्याख्यान माला का किया गया आयोजन

**अमृत विचार।** विवेकानंद महाविद्यालय दिबियापुर के वनस्पति विज्ञान विभाग में बीएससी स्नातक स्तरीय विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन हेतु अतिथि व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

व्याख्यान माला में अतिथि वक्ता डीएवी कॉलेज कानपुर के डॉ. नरेंद्र मोहन सक्सेना ने जैव उर्वरक तथा जल संशोधन पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि जैव उर्वरक के प्रयोग से हम समाज को कई प्रकार की बीमारियों से बचा सकते हैं।

राजकीय डिग्री कॉलेज कुछेछा हमीरपुर के डॉ उजैर अजीज ने मनुष्य और वनस्पतियों के जीवन में बायोटेक्नोलॉजी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बढ़ती आबादी की जरूरत को पूरा करने के लिए बायोटेक्नोलॉजी की विशेष आवश्यकता है जिसके माध्यम से हम कम भूमि में अधिक पैदावार कर सकते हैं।

तिलक महाविद्यालय औरैया के वनस्पति विज्ञान के डॉक्टर विकास दुबे ने लाइकेन और सहजीवी विषयों पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इकरार अहमद ने इन अतिथि व्याख्यानों की श्रृंखला को निरंतर आयोजित करने का आश्वासन देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों के ज्ञान में विविधता आती है।

वनस्पति विज्ञान के विभाग प्रभारी डॉ. श्याम नारायण ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम का संचालन छात्रा पलक शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राकेश तिवारी ,डॉ. यश कुमार , डॉ. महेंद्र तिवारी, संदीप ओमर, प्रो मृदुल पांडे प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।



व्याख्यान देते डॉ. उजैर अजीज। अमृत विचार

अभियान | जन जागरण समिति ने राष्ट्रपति को संबोधित 73 वां ज्ञापन सौंपा

# एससी-एसटी एक्ट का दुरुपयोग रोके जाने की मांग

संवाददाता ककोर, औरैया

- जन जागरण समिति के सदस्यों ने जताया विरोध

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय पर गुरुवार को जन जागरण समिति के सदस्यों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर अपना विरोध जताया। सदस्यों ने एससी एसटी एक्ट का दुरुपयोग रोके जाने की मांग को लेकर दिए जाने वाले ज्ञापन के क्रम में जन जागरण समिति औरैया द्वारा राष्ट्रपति के नाम 73 वां ज्ञापन एसडीएम हरिश्चंद्र को दिया।

जिला मुख्यालय ककोर में गुरुवार को एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत लिखाए गए लोगो पर फर्जी मुकदमों की जांच कराए जाने तथा फर्जी मुकदमा लिखा कर प्राप्त की गई सरकारी धनराशि की वसूली कराए जाने की मांग की गई है। जन जागरण समिति के प्रदेश संयोजक महेश पांडे ने बताया कि जब तक एससी एसटी एक्ट में इसका दुरुपयोग रोके जाने के लिए संशोधन नहीं हो जाता तब तक हर महीने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया जाता रहेगा। इस अवसर पर योगेंद्र प्रताप सेंगर, गिरीश सिकरवार, प्रेम शंकर दुबे, पंडित राजेश पांडे, अमित कुमार, शिवम पांडे, गुलाब सिंह राजपूत ,चंद्रकांति ,गंगा चरण सविता ,बलराम सिंह भदोरिया, सुरेश चंद्र दुबे ,डॉक्टर दीवान सिंह, आनंद बाबू चतुर्वेदी ,योगेश तिवारी, राहुल दीक्षित ,रामचंद्र पाल ,प्रदीप चतुर्वेदी, श्याम मनोहर शुक्ला, सत्य प्रकाश, सौरभ कुमार, विकास अवस्थी ,सुधीर त्रिपाठी, जगमोहन सिंह, वीरेंद्र कुमार पंडित शिवशरण शर्मा भानु प्रकाश निषाद प्रवीण राजपूत श्याम बाबू शर्मा राम नाथ त्रिपाठी सुरेश कुमार राजपूत आदि लोग मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त माता-पिता की इच्छा के, विरुद्ध प्रेम विवाह करने वाले लड़के और लड़कियों की न्यूनतम उम्र 25 वर्ष किए जाने तथा प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की अनिवार्य सहमति हो। इसकी मांग को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित 23 वां ज्ञापन भी सौंपा गया।



एसडीएम हरिश्चंद्र को ज्ञापन सौंपते जन जागरण समिति के सदस्य। अमृत विचार

### समय से वेतन न मिलने की समस्या से कराया अवगत

**ककोर, औरैया।** आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षेत्तर संघ जनपद औरैया के पदाधिकारियों द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर जाकर समय से वेतन न मिलने की शिकायत को प्रमुखता से उठाया गया एवं पटल सहायक का कार्य व्यवहार ठीक न होने की शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक से की गई। संगठन के पदाधिकारियों द्वारा डीआईओएस बृजेश कुमार से सभी मांगों पर विचार करने का अनुरोध किया गया। इसके साथ ही ज़िले में समस्त अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का वेतन बिल समय से पास न होना व कई अन्य समस्याओं का लिखित मांग पत्र सौंपा। इस मौक़े पर जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार दीक्षित, जिला महामंत्री पंकज भदौरिया, जिला कोषाध्यक्ष राममोहन सविता, जिला उपाध्यक्ष कौशल किशोर राजपूत व मनोज कुमार एवं मंडल महामंत्री अरविंद कुमार राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

## गंगा स्नान के दौरान डूबे युवक का मिला शव

**उन्नाव।** हरदोई जिला के कासिमपुर थानाक्षेत्र घुसपाहा गांव निवासी रणवीर सिंह (23) पुत्र रमेश चंद्र बीते बुधवार घर से गंगा स्नान करने को साइकिल से निकला था। मेन रोड से वह आटो रिक्शा में बैठकर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के नानामऊ घाट पहुंचा। लेकिन वहां से घर नहीं लौटा। भाई सुखबीर उसकी खोज में पहुंचा तो तट पर उसके कपड़े, चप्पल व मोबाइल रखा मिला। रणवीर के डूबने की आशंका जता भाई ने पुलिस को सूचना दी। बुधवार देरशाम तक गोताखोरों ने उसकी तलाश की लेकिन पता नहीं चला। गुरुवार सुबह परिजन गंगा नदी में उसकी तलाश कर रहे थे। तभी करीब 11 बजे डूबने के स्थान से 100 मीटर आगे घास की झाड़ी में सुखवीर को भाई का शव फंसा मिला। जिसे निकालकर उसने पुलिस को सूचना दी।



कबर बिज्जू को ले जाते वन विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

## भेड़िए की खबर पर दौड़ी वन विभाग की टीम

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के हाईवे स्थित एक चौराहे के पास एक दुकान के सामने मरे हुए भेड़िए की खबर तेजी से फैल गई। इसकी भनक जब वन विभाग की टीम को लगी तो आनन फानन में वन विभाग की टीम भी पहुंच गई। देखने के बाद पता चला कि भेड़िया नहीं कवर बिज्जू है।

कोतवाली क्षेत्र के पास हाईवे पर स्थित फूटेकुआं चौराहे के पास कई दुकानें स्थित हैं जिसमे गांव फूलपुर निवासी नेकराम भी सब्जी की दुकान किये हुए है। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो देखा कि वहां पर एक जानवर मरा हुआ पड़ा है, जो कि भेड़िया की तरह लग रहा है। कुछ ही देर में वहां पर दुकानदारों की भीड़ लग गई। जब मरे हुए भेड़िये की सूचना वन विभाग को दी गई तो, वन विभाग की टीम फॉरेस्ट गार्ड किरन देवी अपनी टीम लालजी आदि के साथ मौके पर पहुंची। वहां पर जाकर देखने के बाद पता चला कि भेड़िया नहीं ये तो कबर बिज्जू है। वहीं वन विभाग की टीम ने मरे हुए कबर बिज्जू को लकर जंगल की ओर लेकर चले गए।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत

फतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के पास ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक के चीथड़े उड़ गये। बताया जा रहा है कि शव ट्रेन में फंसकर लगभग 20 मीटर तक घसिटता चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगो से शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव का अज्ञात में पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने युवक के द्वारा आत्महत्या करने की आशंका जताई है।

### महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

फतेहपुर। थाना क्षेत्र के डिघरुवा गांव निवासी अनीता देवी पत्नी रमेश चंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार को खेत जा रही थी। गांव का ही रहने वाला सोमेश्वर पटेल उर्फ ओमे पीछे से आकर जबरन हाथ पकड़ कर खेतों की तरफ खीचने लगा। शोर मचाने पर धमकी देते हुए भाग गया। महिला ने देवरी चौकी में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# नए मानक पर तलाशे जा रहे पीएम आवास के लाभार्थी

## जिले के सभी विकास खंडों में कराया जा रहा प्लस सर्वे 2024

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिले के सभी विकास खंडों में प्लस सर्वे 2024 का कार्य कराया जा रहा है। इस बार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पात्रता सूची के नियमों में बदलाव किया गया है। नए नियम के तहत 15 हजार रुपये तक मासिक आय वाले भी पात्रता की सूची में आएंगे।

शासन ने हर हाल में आवास प्लस सर्वे का कार्य 30 सितंबर तक पूरा करने का निर्देश दिया है। सर्वेक्षण के लिए केवल सरकारी कर्मचारियों को ही लगाया जाएगा। जिन पंचायत सचिवों के पास एक से अधिक क्लस्टर हैं, वहां विकास खंड स्तर पर अन्य कर्मचारियों को भी सर्वेक्षण का दायित्व सौंपा जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना को पांच वर्ष का विस्तार दिया गया है। इसके तहत 2011 के सामाजिक व आर्थिक सर्वे और 2019 के आवास प्लस की सर्वे सूची में नाम होने के बावजूद लाभ से वंचित रह गए लोग योजना से लाभान्वित होंगे। सीडीओ ने पीएम आवास लाभार्थियों की चयन प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से कराने के लिए सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया है।

### आवास के लिए अब ये होंगे पात्र

- आश्रय विहीन परिवार।
- बेसहारा भीख मांगकर जीवन यापन करने वाले।
- हाथ से मैला ढोने वाले।
- आदिम जनजातीय समूह।
- मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर।
- 15 हजार रुपये तक मासिक आय वाले।
- दो पहिया वाहनधारक।
- घर में फ्रिज वाले व्यक्ति।
- ढाई एकड़ सिंचित भूमि वाले।
- पांच एकड़ असिंचित भूमि वाले।

### मुख्यमंत्री आवास के लिए भी मिला टारगेट

- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के साथ ही 15 सितंबर के बाद जिले में मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए भी पात्र लाभार्थियों के चयन करने का लक्ष्य मिल गया है। सीएम आवास के लिए जिन लोगों ने फार्म भरकर रजिस्ट्रेशन अब तक करा लिया है, उनके सर्वे करने के लिए सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।



पुतला फूंकने की चेतावनी पर अलर्ट पर रहा प्रशासन। अमृत विचार

# मुख्यमंत्री के बयान पर भड़के सपा के कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- जनपद में सीएम का पुतला फूंकने की दी धमकी
- नेताओं को किया गया नजरबंद, पुलिस रही तैनात

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विवादित बयान के बाद सपा कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंकने की चेतावनी दी है। इस पर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी करते हुए भारी पुलिस बल और अधिकारियों की तैनाती की है।

शहर के पटेल नगर पर एसडीएम सदर और डीएसपी सुशील कुमार दुबे के नेतृत्व में पुलिस और पीएसी के जवान तैनात किए गए। इसके साथ ही, शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। कुछ सपा नेताओं को उनके घरों पर नजरबंद किया गया है और पुलिस उनके बाहर भी तैनात है। सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री का बयान न केवल विवादित है, बल्कि यह प्रदेश में तनाव बढ़ाने का भी एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को इस शब्द के लिए माफी मांगनी चाहिए।

डीएसपी सुशील कुमार दुबे ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यदि कोई कार्यकर्ता पुतला फूंकने की कोशिश करेगा तो उन्हें हिरासत में लिया जाएगा। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में अयोध्या में एक बयान में कहा था कि सपा के दरिंदे कुत्ते की पूंछ जैसे हैं और इस बयान के खिलाफ सपा नेताओं ने पूरे प्रदेश में छह सौ पुतले फूंकने की धमकी दी थी।

## सार-संक्षेप

### अव्यवस्थाओं के बीच दो पालियों में शुरू हुई परीक्षा

फतेहपुर। जिला बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सत्र परीक्षा गुरुवार से शुरू हुई। परीक्षा अधिकांश विद्यालयों में अव्यवस्था से भरी रही। अधिकांश विद्यालयों में बिना प्रश्न पत्र शिक्षकों ने बोर्ड पर प्रश्न लिखकर काम चलाया। सत्र परीक्षा 19 से लेकर 24 सितंबर तक होगी। परीक्षा का आयोजन विद्यालयों में प्रथम पाली सुबह 8.30 से 10.30 तक व द्वितीय पाली पूर्वाह्न 11.30 से दोपहर 1.30 के अंतर्गत कराया जा रहा है। परीक्षा में कक्षा एक से आठ तक परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। डीसी अखिलेश सिंह ने बताया कि परीक्षा के लिए व्यवस्था की गई है। पहले दिन परीक्षा कार्यक्रम में कक्षा एक से पांच तक विद्यार्थी मौखिक परीक्षा का हिस्सा बने। जबकि, कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों की पहली पाली में बेसिक क्राफ्ट, ग्रहशिल्प, कृषि व द्वितीय पाली में खेल एवं शारीरिक शिक्षा, स्काउटिंग की परीक्षा रही। परीक्षा के लिए शिक्षकों ने अपनी जेब से कापियों का प्रबंध किया है। कहीं-कहीं प्रश्न पत्र की व्यवस्था भी शिक्षकों ने अपनी जेब से किया है। शिक्षकों ने बताया कि कोई बजट नहीं मिला है। वहीं विभागीय सूत्र बताते हैं कि बजट का प्रबंधन कंपोजिट ग्रांट भी नहीं है। इससे किसी तरह काम चलाया जा रहा है। 20 सितंबर को प्रथम पाली में कक्षा दो व तीन में गणित वहीं कक्षा चार से छह तक विद्यार्थी हिंदी की परीक्षा देंगे।

### ट्रक का तिरपाल काटकर 20 कुंतल चावल चोरी

फतेहपुर। हरियाणा के सोनीपत से चावल के कार्टून व बोरियां लादकर बनारस जा रहे ट्रक का मंगलवार रात तिरपाल काटकर चोरों ने 20 क्विंटल माल पार कर दिया। ट्रक चालक को बुधवार सुबह जागने पर चोरी के बारे में पता चला। उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटना की जांच कर रही है। राधानगर थाना क्षेत्र के भटपुरवा निवासी राजा ट्रक चालक है। वह 15 सितंबर को सोनीपत हरियाणा से अपने ट्रक में एक ब्रांड का करीब 29 टन 625 किलो चावल लादकर बनारस जा रहा था। वह खागा कोतवाली क्षेत्र के सुजानीपुर के पास पहुंचा था। उसकी गाड़ी का टायर पंचर हो गया। उसने सुजानीपुर स्थित एक होटल के सामने गाड़ी खड़ी कर दी। राजा का आरोप है कि होटल मालिक के पुत्र ने गाड़ी को होटल से दूर खड़ा कराया था। जहां से होटल नहीं दिख रहा था। उसने सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी ली और बोला कि चौकीदार गाड़ियों की देखरेख करता है। सुबह उठकर देखा तो ट्रक का तिरपाल कटा पाया। ट्रक से बोरी व कार्टून में पैक करीब 20 क्विंटल चावल चोरी हो चुका था। उसने होटल मालिक के लड़के को खोजा, वह नहीं मिला। चालक ने होटल मालिक के पुत्र, चौकीदार व एक अन्य व्यक्ति पर चोरी कराने की शंका जताई है। चालक ने बताया कि पिकअप में चोर चावल लोड कर ले गए हैं। कोतवाल तेज बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है।

### बेकाबू वाहन ने अधेड़ को रौंदा, मौत

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के आंबापुर एनएच-2 में पैदल जा रहे एक अधेड़ को बेकाबू अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। थरियांव थाना क्षेत्र के कासिमपुर निवासी छोटे खां का पुत्र शकील अहमद सिलाई कारीगर था। बताते हैं कि दुकान बंद करने के बाद पैदल घर आ रहा था। जैसे ही वह आंबापुर एनएच-2 पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के छोटे भाई नफीस अहमद ने बताया कि भाई शहर में स्थित दुकान पर सिलाई का काम करते थे।

# दोसर वैश्य की महिला इकाई का विस्तार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- मनोनीत पदाधिकारियों ने संगठन को गतिशील बनाने का लिया संकल्प
- सभी पदाधिकारियों को माला पहना कर किया गया सम्मानित

अमृत विचार। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति महिला इकाई की एक बैठक लोधीगंज में सम्पन्न हुई। जिसमें संगठन को गतिशील बनाने के लिए पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। अर्चना गुप्ता एवं प्रीतिजा गुप्ता को संरक्षक, जागृति गुप्ता मोनी को उपाध्यक्ष, सीमा गुप्ता को उपाध्यक्ष, मनीषा गुप्ता को मंत्री पद का दायित्व सौंपा गया।

सभी मनोनीत पदाधिकारियों का जिला इकाई ने माला पहनाकर स्वागत किया। नवमनोनीत पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि संगठन को गतिशील बनाने में अपना पूरा सहयोग प्रदान करेंगी। अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष कविता गुप्ता ने कहा कि संगठन को गतिशील बनाने के लिए संगठन का विस्तार किया गया है। इससे मातृ शक्तियां एकजुट होकर संगठन को और प्रभावी बनाएंगी। वहीं राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नवीन पदाधिकारियों के जुडने से संगठन और गतिशील होगा। उन्होंने कहा कि जिस संगठन में मातृशक्तियां जुडती हैं वह संगठन बहुत आगे बढता है। इसलिये मातृ शक्तियों की संगठन में एकजुटता की अत्यधिक आवश्यकता है। इस मौके पर महासमिति की संरक्षक सरोज गुप्ता, पूनम गुप्ता, मनीषा गुप्ता, जिलाध्यक्ष नरायण बाबू गुप्ता, सुशील गुप्ता, आनंद गुप्ता, मयंक गुप्ता, मनीषा गुप्ता, एकता गुप्ता, सोनी गुप्ता, नमृता गुप्ता, अनीता गुप्ता, अंसली गुप्ता सहित तमाम मातृ शक्तियां उपस्थित रहीं।



वैश्य महासमिति महिला इकाई की मनोनयन में भाग लेती पदाधिकारी। अमृत विचार

### नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म का आरोपी बंदी

फतेहपुर। बिन्दकी के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी अंश कोरी ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी नाबालिग किशोरी को एक होटल ले जाकर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ तीन सितम्बर को बलात्कार किया था। किशोरी के पिता ने थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोपी युवक पुलिस की पकड़ से फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर एसएसआई राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को कस्बा के मेला रोड स्थित एक स्कूल के समीप से उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह बाहर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। एसएसआई ने बताया कि पकड़े गए युवक पर बलात्कार, पास्को एक्ट सहित कई अन्य धाराओं पर मुकदमा पंजीकृत है गिरफ्तार युवक को न्यायालय भेजा गया है।

### चोरी के शक में युवक को ग्रामीणों ने पीटा

फतेहपुर। चोरी का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने एक युवक को बंधक बनाकर पीटा। पिटाई के बाद युवक को पुलिस के सुपुर्द किया है। गाजीपुर थाना क्षेत्र के साखा निवासी सूरजभान की पत्नी सविता रैदास ने बताया कि करीब रात एक बजे घर के पीछे दीवार के सहारे से चढ़कर एक युवक घर में घुस आया। बक्से का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात व 15 हजार रुपये चुरा ले गया। परिजनों की आहट पर नींद खुली। परिजनों ने युवक को पड़ोसी के घर की ओर भागते देखा। उसका दूसरा साथी दूसरी गली की ओर भाग रहा था। ग्रामीणों ने दूसरे को घेरकर पकड़ लिया। दूसरा कल्यानपुर थाने के परिहारनडेरा निवासी सूरज निकला। ग्रामीणों ने रस्सी से बांधक सूरज को बंधक बना लिया। उसकी पिटाई की। 112 नंबर पर सुबह पुलिस को खबर दी। पुलिस के आने पर सूरज को सौंप दिया। सूरज ने बताया कि गांव का दशरथ सिंह का ननिहाल साखा गांव में है। वह दशरथ के साथ आया था। वह रात को घर के बाहर रुकने को बोला। इसी दौरान दशरथ किसी लड़की से फोन पर बातचीत करते चला गया था। थानाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है।

# मन्दिर परिसर में चला सफाई अभियान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान

अमृत विचार। सेवा पखवारा के तहत गुरुवार को भाजपाइयों ने असोथर नगर के आश्वास्थामा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर स्वच्छ जीवन शैली का लोगों में संदेश दिया।

भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से महात्मा गांधी जी की जयंती तक पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाती है। जिसमें रक्त दान शिविर के साथ ही शिक्षालयों, देवालयों व चिकित्सालयों में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रमदान करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिले के सभी 23 मंडलों में कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। गुरुवार को असोथर नगर पंचायत स्थित अश्वत्थामा मन्दिर परिसर में जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह सहित मंडल पदाधिकारीयों के साथ मन्दिर में धुलाई सफाई की गई। जिला मीडिया प्रभारी श्री सिंह द्वारा बताया गया कि 17 सितंबर से लेकर 02 अक्टूबर के मध्य विभिन्न स्थानों पर 11 तरह के सामाजिक कार्यों को करते हुए सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से, स्वच्छता, रक्तदान, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, कला ड्रांइग, रंगोली, भाषण, निबंध प्रतियोगिता, वृक्षारोपण अभियान में एक पेड़ मां के नाम के साथ ही देश के प्रधानमंत्री के प्रशासनिक कौशल पर लिखित पुस्तक द पावर व उनके व्यक्तित्व एवं उपलब्धियों पर सचित्र प्रदर्शनी लगाना शामिल हैं। सभी कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित अग्निहोत्री, शिवप्रताप सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष निर्मल चौहान, राघवेन्द्र सिंह राजू, विमल गुप्ता, जयदेव सिंह गौतम, राहुल विश्वकर्मा, त्यागी बाबा, रामकिंकर अवस्थी, लाखन निषाद, विवेक मिश्रा, विनीत पासवान सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

### समुचित बिजली आपूर्ति में बाधा बन रहे जर्जर तार

किशनपुर। विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के कई गांवों में विद्युत विभाग की अनदेखी ही फाल्ट का कारण बन रही है। जगह जगह बिजली के पोलों पर लटक रहे जर्जर तार फाल्टों का कारण बन रहे हैं। वहीं कटियाबाजों के झूलते तार हादसों को भी दावत दे रहे हैं। कस्बे से सटे महावतपुर असहट गांव में भी इसका नजारा देखने को मिल रहा है। गांव में लगें बिजली के कई खम्भे जर्जर तारों से मकड़जाल की तरह घिरे हुए हैं। गांव में गिने चुने कुछ कनेक्शन धारक ही हैं जो बिजली का बिल जमा कर रहे हैं। जबकि ज्यादातर लोग कटिया डाल बिजली चोरी कर रहें हैं। कटिया के तार टूटने के बाद कटियाबाज न तो उन्हें बाहर निकाल रहें हैं और न ही विद्युत विभाग की नजर इस पर पड़ रही है। यहां तक की गांव में बने विद्यालय के समीप लगे बिजली के पोल पर भी दर्जनों तार झूल रहे हैं जो किसी दिन किसी बड़े हादसे को अंजाम दे सकते हैं। बिजली के पोल पर लटकते तार आए दिन फाल्ट का कारण भी बन रहे हैं।

### स्टैंड पर बाइक खड़ी करने को लेकर हुई मारपीट

फतेहपुर। स्टैंड पर बाइक खड़ी करने के विवाद में दो पक्ष के बीच मारपीट शुरू हो गई। दोनों ओर से एक दूसरे पर लाठी डंडे से जमकर मारपीट किया गया। किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो संज्ञान में आने के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। वीड़ियो सदर कोतवाली क्षेत्र के कचहरी परिसर पर बने बाइक स्टैंड का बताया जा रहा है। जहां पर किराए को लेकर विवाद हो गया।

**कवायद** कॉरिडोर तक तेज रफ्तार परिवहन उपलब्ध कराने का काम हुआ तेज

# डिफेंस कारिडोर को मिल रही नई ऊंचाई

अभिनव मिश्र, कानपुर

> डिफेंस कॉरिडोर मार्ग पर सचौली गांव के पास पांडु नदी पर जर्जर पुल के स्थान पर टू-लेन के 2 पुलों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन ने 15.27 करोड़ से पुलों के निर्माण की स्वीकृति दे दी है। दोनों पुलों का निर्माण नवंबर माह से कराया जाएगा।
>
> -डीके यादव, जीएम, सेतु निगम

अमृत विचार। 5 आयुध कारखानों और आधा दर्जन से ज्यादा रक्षा प्रतिष्ठानों वाले कानपुर में डिफेंस कॉरिडोर के तेजी से विस्तार और विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खास तवज्जो का परिणाम है कि कॉरिडोर में रक्षा उत्पादन से जुड़ी इकाइयों के काम शुरू करने के साथ ही बेहतर और तीव्र गति की कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने का काम भी रफ्तार पकड़ गया है। डिफेंस कॉरिडोर तक सुगम और बेहतर परिवहन के लिए साढ़ से नर्वल तक 16 किमी लंबा मार्ग फोरलेन करने के फैसले के बाद अब सचौली घाट के पास पांडु नदी पर सेतु निर्माण निगम 2-2 लेन के 2 पुलों का निर्माण करने जा रहा है। दोनों पुलों पर 15.27 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रदेश सरकार ने काम शुरू करने की मंजूरी दे दी है। सेतु निगम अधिकारियों का कहना है कि डिफेंस कॉरिडोर मार्ग पर पांडु नदी के ऊपर दोनों पुलों का निर्माण कार्य एक माह के भीतर शुरू कर दिया जाएगा।

### बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला को मातृशोक

कानपुर। बीसीसीआई उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला की मां शांति शुक्ला (90) का स्वर्गवास गुरुवार को उनके निज निवास दर्शनपुरवा में हो गया। वह अपने पीछे तीन पुत्र दिलीप शुक्ला, राजीव शुक्ला, सुधीर शुक्ला का भरा पूरा परिवार छोड़ गईं हैं। उनके ज्येष्ठ पुत्र संपूर्णानंद शुक्ला का निधन पहले हो चुका था। उनकी अंतिम यात्रा 20 सितंबर शुक्रवार को सुबह नौ बजे भैरवघाट के लिए प्रस्थान करेगी।



## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज

पंत्राक: / के0जी0बी0वी0/स्टाफ चयन/2678–83 /2024–25/ दिनांक – 19.09.2024

(निविदा सूचना)

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक के0जी0बी0वी0/ शिक्षक/11308/2022–23 दिनांक–14.02.2023 तथा शासनादेश सं0–2805/68–5–2023–5/2020 दिनांक 01.02.2023 एवं शासनादेश सं0–1553 (1)/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, कन्नौज के अनुमोदन अनुपालन में जनपद में संचालित 05 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर सेवा अनुबन्ध (संविदा) के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अर्ह केवल महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 05.10.2024 की सांय 5:00 बजे तक निर्धारित शर्तों के आधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पंजीकृत डाक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | पदनाम | शैक्षिक योग्यता | कुल रिक्त पद | वर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | | मानदेय प्रतिमाह (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु जाति | अनु0ज0 न जाति | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (विज्ञान) | विज्ञान (जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 03 | 01 | 01 | 01 | 00 | 24200/– |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (गणित) | गणित (पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 02 | 02 | 00 | 00 | 00 | 24200/– |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (सामाजिक विषय) | समाजिक विषय (भूगोल, इतिहास एवं नागरिक शास्त्र में से किसी एक विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 24200/– |
| 4 | अंशकालिक शिक्षिका (शा0शिक्षा) | स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा (बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 एवं डी0पी0एड0 आदि उपाधि) | 03 | 01 | 00 | 02 | 00 | 10780/– |
| 5 | अंशकालिक शिक्षिका (कम्प्यूटर शिक्षा | कम्प्यूटर प्रशिक्षित स्नातक, प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षित सम्मलित हो। इसके अन्तर्गत कम्प्यूटर पी0जी0डी0सी0ए0/ बी0सी0ए0/ बी0एस0सी0 कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ0 लेवल / एड्वलेवल कम्प्यूटर डिप्लोमा आदि शैक्षिक योग्यता भी वांछित होगी। | 03 | 02 | 01 | 00 | 00 | 10780/– |
| 6 | अंशकालिक शिक्षिका (कला/संगीत) | कला, क्राफ्ट एवं संगीत आदि विषयों के लिये शैक्षिक योग्यता स्नातक उपाधि होगी। | 02 | 01 | 01 | 00 | 00 | 10780/– |
| 7 | पूर्णकालिक लेखाकार | स्नातक वाणिज्य विषय के साथ, एम0एस0 ऑफिस पर कार्य करने का ज्ञान अनिवार्य । डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ0 लेवल कम्प्यूटर डिप्लोमा को वरीयता। | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 12100/– |
| 8 | मुख्य रसोइया | कक्षा–08 पास तथा अभ्यार्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 7590/– |
| 9 | सहायक रसोइया | कक्षा–08 पास तथा अभ्यार्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए | 04 | 01 | 02 | 01 | 00 | 5693/– |

**अर्हता एवं शतः–** 1. यह चयन पूरी तरह अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–1553 (1)/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 एवं शासनादेश संख्या 2805/68–5–2023–5/2020 दिनोंक 01.02.2023 में जारी विषयगत योग्यता एवं निर्देशों के अधीन रहेगी।

2. पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के पद के लिये निर्धारित योग्यता उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 एवं प्रशिक्षित स्नातक होगी। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/ समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा।

3. अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 01 अप्रैल 2024 को 25 वर्ष से कम एवं अधिकतम आयु 01 अप्रैल 2024 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

4. क0गा0आ0बा0वि0 के ऐसी शिक्षिकायें जो आवेदित पद हेतु निर्धारित आर्हता रखती हों किन्तु शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित रह गयी हैं उन शिक्षिकाओं द्वारा आवेदन करने पर आयु सीमा में क0गां0आ0बा0वि0 में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जायेगी किन्तु यह प्रतिबन्ध है कि सम्बंधित अभ्यर्थी की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।

5. क0गां0आ0बा0वि0 के ऐसी शिक्षिकायें जो शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित रह गयी हैं उन शिक्षिकाओं द्वारा आवेदन करने पर उन्हें क0 गां0आ0बा0वि0 में पूर्व में कार्यरत रहने के प्रत्येक शैक्षिक सत्र हेतु 02 प्रतिशत अतिरिक्त भारांक दिया जायेग किन्तु अधिकतम भारांक 30 प्रतिशत से अधिक नहीं दिया जायेगा।

6. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक स्टॉफ यथा पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, उर्दू शिक्षिका के पद पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर किया जायेगा। मुख्य रसोइया, सहायक रसोइया एवं चौकीदार के पद पर चयन साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा।

7. किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिये दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिये अर्ह नहीं होंगे। चयन समिति अभ्यर्थी के चरित्र के सम्बन्ध में यथोचित समाधान करेगी।

8. अभ्यर्थी को अन्तिम शैक्षिक संस्था / किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। यदि चयनित अभ्यर्थी की सेवाएं अनुपयुक्त पायी जाती हैं जो उन्हें एक माह का नोटिस देकर सेवाओं को समाप्त कर दिया जायेगा। गम्भीर परिस्थितियों / वित्तीय अनियमिता / गंभीर अनुशासनहीनता की स्थिति उत्पन्न होती है तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत पुष्ट प्रमाणों के आधार पर जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त संविदा समाप्त करते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

9. अभ्यर्थी को तैनाती से पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सीय परीक्षणोपरान्त फिजिकल फिटनेस का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह कार्य करने में अक्षम एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं है।

10. चयन उपरान्त, पूर्णकालिक शिक्षकाओं, का पद पूर्णकालिक होने के कारण विद्यालय परिसर में ही निवास करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उनका चयन समाप्त कर दिया जायेगा। पूर्णकालिक स्टाफ को अपने साथ परिवार के किसी भी सदस्य को विद्यालय परिसर में रखने की अनुमति नहीं है। समस्त स्टाफ को भोजन व्यवस्था उनकी स्वयं की होगी।

11. पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा।

12. उपरोक्त रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र को जनपद कन्नौज के वेबसाइट https://kannauj.nic.in पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज में आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

13. लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पद/विषय/जाति वर्ग के लिए आवेदन किया जा रहा है. स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन करना होगा, जिस पर आवेदित पद का नाम, विषय तथा आरक्षण वर्ग अंकित करना होगा।

14. इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांक. 05/10/2024 को सायं 05.00 बजे तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज पिन कोड–209727 को केवल स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते हैं। इनके बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

15. आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व–प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंक पत्र, प्रमाण पत्र, अनुभव (के0जी0बी0वी0) प्रमाण–पत्र, सामान्य निवास प्रमाण–पत्र जाति प्रमाण पत्र, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत 02 चरित्र प्रमाण पत्र. आधार कार्ड, टी0ई0टी0 (उच्च प्राथमिक स्तर) एवं वांछित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ तथा अपने पता लिखे हुए 02 लिफाफे स्पीड पोस्ट के निर्धारित शुल्क की डाक टिकट लगे हुए अवश्यक संलग्न करें।

16. अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना हस्ताक्षर, प्रारूप से भिन्न, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।

17. विज्ञप्ति को किसी भी समय बदलने / निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के अधीन रहेगी।

18. आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है। चयन सेवा अनुबन्ध के आधार पर एक शैक्षिक सत्र (अधिकतम 11 माह 29 दिन) हेतु होगा तथा कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र के लिये सेवा अनुबन्ध का विस्तारीकरण किया जायेगा।

19. उक्त विज्ञप्ति माननीय उच्च न्यायालय/ उच्चतम न्यायालय में योजित विभिन्न याचिकाओं के अन्तिम निर्णय के अधीन होगी।

(रोहित कुमार)
जिला समन्वयक (बा0शि0)
समग्र शिक्षा कन्नौज

(संदीप कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कन्नौज

शैले शैले न माणिक्यं, मौक्तिम न गजे गजे।
साधवो नहि सर्वत्र, चंदन न वने वने।।

प्रत्येक पर्वत पर अनमोल रत्न नहीं होते, प्रत्येक हाथी के मस्तक में मोती नहीं होता। सज्जन लोग सब जगह नहीं होते और प्रत्येक वन में चंदन नहीं पाया जाता।

## संपादकीय

# समुद्री सुरक्षा की चुनौतियां

हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता और लाल सागर में संवेदनशील स्थिति के बीच भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए नौसेना की बढ़ती ताकत भारत की व्यापक समुद्री रणनीति का पूरक बन रही है। भू-राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए, देश के सामरिक परिदृश्य की वजह से नौसेना की भूमिका बढ़ती जा रही है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नौसेना की बढ़ती सामर्थ्य को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में कहा कि भारत को एक समय समुद्री तटों से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब इसे भूमि सीमाओं के साथ एक द्वीपीय देश के रूप में देखा जाता है। उन्होंने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए एक सशक्त नौसैन्य क्षमता की आवश्यकता पर जोर दिया। वास्तव में भारत की समुद्री जागरूकता के विकास को लेकर जो सबक मिलते हैं, वो हमें देश की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लक्ष्य हासिल करने में भारतीय नौसेना की बढ़ती हुई केंद्रीय भूमिका बेहतर ढंग से स्वीकार करने का संकेत देते हैं। हाल के वर्षों में, हिंद महासागर क्षेत्र में क्षेत्रीय और वैश्विक शक्तियों की सैन्य उपस्थिति में वृद्धि देखी गई है। क्षेत्र में तीव्र भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और लगातार विकसित हो रही रणनीतिक स्थिति के साथ-साथ, हिंद-प्रशांत समुद्री क्षेत्र में विदेशी पक्षों की ओर से समुद्री डकैती, सशस्त्र डकैती, प्राकृतिक आपदाएं, जलवायु संबंधी मुद्दों जैसी विभिन्न गैर-पारंपरिक चुनौतियों में वृद्धि हुई है। इस बीच भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने साझेदारों के साथ सहयोगात्मक तरीके से जुड़ रहा है। समुद्री सुरक्षा हिंद महासागर के तटीय देशों के साथ भारत के जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण पहलू है। वर्तमान में विभिन्न औपचारिक और अनौपचारिक संरचनाओं के माध्यम से ऐसा किया जा रहा है। हिंद और प्रशांत महासागर में द्वीपों पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। भारत की गतिशील और कार्रवाई उन्मुख, 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' ने विस्तारित भौगोलिक पहुंच और रणनीतिक सार के साथ विस्तारित पूर्वी पड़ोसियों के साथ भारत के सहयोग को बढ़ावा देने का एक दशक पूरा कर लिया है।

देश की समुद्री सुरक्षा को सशक्त करने के लिए भारतीय नौसेना तथा भारतीय तटरक्षक बल को और अधिक समन्वय की आवश्यकता है। साथ ही नौसेना में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के तरीके तलाशने की जरूरत है। उम्मीद है नौसेना को 'खरीदार' से 'निर्माता' में बदलने का दृष्टिकोण 2047 तक इसे पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक साबित होगा। हालांकि पिछले पांच वर्षों के दौरान नौसेना के आधुनिकीकरण बजट का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा स्वदेशी खरीद पर खर्च किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू रक्षा इकोसिस्टम का त्वरित विकास संभव हुआ है।

# लेबनान पेजर ब्लास्ट: हम कितने सुरक्षित हैं



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

ये पेजर सन 1980 और 90 के दशक में परस्पर संदेश देने के लिए इस्तेमाल होते थे। फिर मोबाइल फोनों के रूप में बेहतर यंत्र आ जाने के बाद इनका उपयोग बंद हो गया था, लेकिन हिजबुल्लाह ने इनका पुन: प्रयोग करना इसलिए शुरू किया था, क्योंकि उनके मोबाइल फोन को ट्रेस करके इजराइल उन पर मिसाइल दाग दे रहा था।

17 सितंबर को स्थानीय समय के अनुसार दोपहर लगभग 3:30 बजे लेबनान और सीरिया में एक संचार यंत्र पेजर में एक साथ हुए विस्फोटों से 12 लोगों की मृत्यु हो गई और 2750 लोग घायल हो गए। 18 तारीख को फिर हुए विस्फोटों में 9 लोगों की मृत्यु हो गई और 300 घायल हो गए। इन मरने वालों में अधिकांश लोग वहां के राजनीतिक दल और आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के सदस्य थे, कुछ लोग विस्फोटों के आसपास खड़े हुए अन्य लोग भी थे।

ये पेजर सन 1980 और 90 के दशक में परस्पर संदेश देने के लिए इस्तेमाल होते थे। फिर मोबाइल फोनों के रूप में बेहतर यंत्र आ जाने के बाद इनका उपयोग बंद हो गया था, लेकिन हिजबुल्लाह ने इनका पुनः प्रयोग करना इसलिए शुरू किया था, क्योंकि उनके मोबाइल फोन को ट्रेस करके इजराइल उन पर मिसाइल दाग दे रहा था। मोबाइल फोन को ट्रेस करना बहुत आसान होता है, क्योंकि यह अनेक प्रकार के सॉफ्टवेयर और चिप्स पर काम करता है। इसके अतिरिक्त यह इंटरनेट का इस्तेमाल भी करता है। जबकि पेजर को ट्रेस करना बहुत कठिन होता है, क्योंकि यह केवल कुछ रेडियो तरंगों पर कार्य करता है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की अपुष्ट रिपोर्ट के अनुसार यह काम इजरायल की गुप्तचर संस्था 'मोसाद' ने इन पेजर्स की सप्लाई लाइन में सेंध लगाकर और उसमें बैटरी के पास में ईपीटएन विस्फोटक फिट करके किया था। यह पेजर बनाने वाली कंपनी ताइवान की थी, लेकिन उसने कहा है कि उसके नाम से यह पेजर यूरोप में बनाए गए थे। हिजबुल्लाह ने उस कंपनी से 5 हजार पेजर्स मंगाए थे। इस तरह से पेजर्स की सप्लाई लाइन में सेंध लगाकर, उसमें विस्फोटक फिटकर देना किसी गुप्तचर संस्था के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। मोसाद ने पहले भी बहुत कठिन कार्यों को अंजाम दिया है और इस बार फिर उसने आतंकवादियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की है। यद्यपि अनेक लोग इस कार्य को गलत भी कह सकते हैं, लेकिन यहां पर मेरा उद्देश्य मोसाद को सही अथवा गलत ठहराना नहीं है। मैं इस कार्य के औचित्य पर नहीं जा रहा हूं। यहां




हम सुरक्षित तो कहीं नहीं हैं। रेल में डर यह है कि कोई पटरी पर रुकावट न रख दे। सड़कों पर दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। हम लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। वहां भी घुसकर लूटमार हो ही जाती है, बिस्तर पर लेटे-लेटे भी हमारे दिमाग की नस फट सकती है या हमें हार्ट अटैक पड़ सकता है और अब तो हमारा पॉकेट कंप्यूटर, हमारा पॉकेट बैंक, हमारा पिक्चर एल्बम, हमारा सब कुछ हमारी जेब में रखा हमारा मोबाइल फोन भी सुरक्षित नहीं है। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच के अतिरिक्त यदि कोई इसमें विस्फोटक पदार्थ नहीं भी लगाता है तो इसकी बैटरी फट सकती है और हमारे चेहरे के चिथड़े उड़ सकते हैं।

पर मेरा उद्देश्य हमारी स्वयं की सुरक्षा पर विचार करना है। हम लोग अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग करते हैं। इसमें मोबाइल फोन, कंप्यूटर्स, सीसीटीवी, राउटर्स और अन्य अनेक उपकरण आते हैं। स्मार्ट घरों को रिमोट कंट्रोल से संचालित किया जाता है। घर के तमाम उपकरण दूर से ही नियंत्रित किए जा सकते हैं।

इन सब चीजों को हैक करके अपने नियंत्रण में ले आना बहुत आसान कार्य है। कुछ समय पहले हम एक सर्वर में कमी के कारण संसार के तमाम कंप्यूटर्स के निष्क्रिय हो जाने को देख ही चुके हैं। अनेक प्रकार के साइबर फ्रॉड भी सामने आते ही रहते हैं। यहां तक कि हमारे मोबाइल के कैमरे से हमारी गतिविधियों को भी देखा जा सकता है। हमारे घर में लगे सीसीटीवी को कंट्रोल में लेकर हमारे घरों में हमको देखा जा सकता है। हमारे राउटर्स को भी दूर से ही अपने नियंत्रण में लेकर हमारी निजी जिंदगी में सेंध लगाई जा सकती है। इंटरनेट पर आधारित हमारी मोबाइल बैंकिंग भी सुरक्षित नहीं है। हमारे कंप्यूटर और मोबाइल में सुरक्षित हमारी फोटोज और वीडियोज को भी हैकर्स अपने नियंत्रण में ले सकते हैं और हैकर्स के अतिरिक्त एक संभावना यह भी है कि कोई सुपर कंप्यूटर इन सब यंत्रों को अपने नियंत्रण में ले ले और मानव के विरुद्ध प्रयोग में लाए। यह बाद वाली संभावना तो बहुत कम है, मुख्य खतरा तो हमें मानव से ही है।

सत्य तो यह है कि हम जितने अधिक इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर निर्भर होते जाएंगे, उतनी ही हमारी समस्याओं में घिरने की संभावनाएं बढ़ती जाएंगी। अनेक प्रकार के सिक्योरिटी सॉफ्टवेयर और धोखाधड़ी से बचने के तरीके निकाले जाते हैं, लेकिन हैकर्स उनसे एक कदम आगे ही रहते हैं। तू डाल डाल मैं पात पात। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच का कोई मामला सामना आने पर जब तक उसका तोड़ निकाला जाता है, तब तक एक नया तरीका सामने आ जाता है। मनुष्य का मस्तिष्क इन अपराध कार्यों में लगा ही रहता है।

हम सुरक्षित तो कहीं नहीं हैं। रेल में डर यह है कि कोई पटरी पर रुकावट न रख दे। सड़कों पर दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। हम लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। वहां भी घुसकर लूटमार हो ही जाती है, बिस्तर पर लेटे-लेटे भी हमारे दिमाग की नस फट सकती है या हमें हार्ट अटैक पड़ सकता है और अब तो हमारा पॉकेट कंप्यूटर, हमारा पॉकेट बैंक, हमारा पिक्चर एल्बम, हमारा सब कुछ हमारी जेब में रखा हमारा मोबाइल फोन भी सुरक्षित नहीं है। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच के अतिरिक्त यदि कोई इसमें विस्फोटक पदार्थ नहीं भी लगाता है तो इसकी बैटरी फट सकती है और हमारे चेहरे के चिथड़े उड़ सकते हैं। हम क्या कर सकते हैं इस स्थिति से बचने के लिए?

सच पूछें, तो हम कुछ नहीं कर सकते हैं। हम आधुनिक साधनों का इस्तेमाल तो करेंगे ही, हम पुनः आदिम युग में नहीं जा सकते हैं। ऐसा करने पर खतरे तो होंगे हैं और आदिम युग में ही हम कौन सा सुरक्षित थे। तब तो खतरे अब से कहीं ज्यादा थे। तब आदमी अपनी जान बचाए फिरता था। तब उसे हर बात से डर था- जंगली जानवरों से, वर्षा से, आंधी-तूफान से, बिजली से, शीत से, तथाकथित भूत-प्रेतों से, देवी-देवताओं से, ईश्वर के कोप से और सबसे बढ़कर भूख से। अब तो फिर भी हम पहले से बहुत बेहतर स्थिति में हैं। यद्यपि अब विनाश के भयंकर साधन भी बन चुके हैं फिर भी हम उस समय से बेहतर हैं। क्या कोई उस समय की स्थिति में जाकर रहना चाहेगा? जो लोग कहते हैं कि हर कार्य ईश्वर ही करता है, वह यही कहेंगे कि यह सब युद्ध, बम विस्फोट, हत्याएं, धोखाधड़ी इत्यादि ईश्वर ही करवाता है।

तीर्थयात्रा को जाते हुए लोगों, देव-दर्शन को जाते हुए लोगों को वही मरवाता है। हत्याएं और बलात्कार भी वही करवाता है। यह सब उसकी प्रेरणा और इच्छा से ही होता है और मरने वालों ने पूर्व जन्म में कोई कुकर्म किए होंगे, जिनका उन्हें दंड मिल रहा है या इस जन्म में जो कुकर्म किए जा रहे हैं उनका अगले जन्म में दंड मिलेगा। जिन लोगों की ऐसी सोच हो, वह अपनी सोच के साथ प्रसन्न रह सकते हैं। एक उचित तरीके से सोचने वाला व्यक्ति केवल यह कामना और प्रयास कर सकता है कि मनुष्य की सोच उचित मार्ग पर लगी रहे। मनुष्य और मनुष्य के बीच ये युद्ध समाप्त हों और मनुष्य-मनुष्य के प्राण लेने को उद्यत न हो।

## प्रसंगवश

# जेल और केजरीवाल

दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल गत दिनों लगभग छह मास आबकारी नीति घोटाले के आपराधिक मामले में जेल में रहे। इसके पहले अब तक जब-जब कोई पदासीन मुख्यमंत्री जेल गया था, तो उसने अपने पद से इस्तीफा दिया था, किंतु इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब पदासीन मुख्यमंत्री जेल तो गया, किंतु त्यागपत्र नहीं दिया और बिना काम राजकोष से वेतन भी ग्रहण किया। राज्य कर्मचारियों के लिए नियम है कि यदि वह 48 घंटे कारागार में रह ले तो स्वयमेव निलंबित मान लिया जाता है, किंतु मुख्यमंत्री या मंत्री आदि के लिए ऐसे किसी कानूनी प्रावधान का अभाव है। यह जनता के साथ सरासर धोखा है और लोक धन का खुलमखुल्ला दुरुपयोग। केजरीवाल पदलोलुपता के चलते कुर्सी से चिपके रहे, भले ही उन्हें इस पद का कार्य करने की अदालती रोक थी और केंद्र सरकार व उप राज्यपाल उन्हें पद से बर्खास्त करने से इसलिए कतराते रहे कि उन्हें इससे कहीं जन सहानुभूति न मिल जाए, जिससे वे चुनाव में फायदा उठा लें। दोनों की इन कूट चालों से नुकसान तो जनता का ही होता रहा, जिसकी परवाह किसी को नहीं। अब जब वह जमानत पर छोड़ दिए गए हैं, तब इस्तीफा दिया है, क्योंकि कुछ मास बाद ही दिल्ली में चुनाव होने हैं। सोचा कि त्यागमूर्ति भी बन लें। हालांकि यह जनता की आंखों में धूल झोंकना ही है, क्योंकि सुप्रीमकोर्ट ने जमानत देते समय शर्त लगाई है कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय तक नहीं जाएंगे। वे परोक्षतः अदालत के आदेश को चैलेंज करने वाला बयान देते हुए यह भी कह रहे हैं कि वे सीएम की कुर्सी पर तभी बैठेंगे, जब जनता बिठाएगी। अर्थात चुनाव में पार्टी की जीत होने पर वे फिर अपने को नेता चुनवाएंगे और सांविधानिक गतिरोध पैदा करेंगे, क्योंकि आपराधिक केस तो गतिमान है और बेल पर रहते यदि सुप्रीमकोर्ट की शर्त भी प्रचलित रहती है, तब जनता उन्हें सीएम की कुर्सी पर कैसे बिठा पाएगी? फिलहाल चुनाव बाद की स्थिति तो अभी अस्पष्ट है, पर इतना स्पष्ट है कि किसी मुख्यमंत्री/मंत्री के जेल जाने पर उसके पद पर बने रहने/हटने विषयक कोई कानून नहीं है, जिसकी सख्त जरूरत है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# एक देश, एक चुनाव की व्यावहारिक कठिनाई

केंद्र सरकार की कैबिनेट की ओर से सर्वसम्मति से एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी समिति की रिपोर्ट के आधार पर मोदी सरकार ने वन नेशन-वन इलेक्शन को हरी झंडी दी है। इसके बाद संसद, संविधान संशोधन और राज्यों के सहयोग के साथ सरकार आगे इस दिशा में रास्ता तय करेगी।

भारत में लोकसभा और विधानसभा चुनाव को दोबारा एक साथ कराने का मुद्दा साल 1983 में भी उठा था, लेकिन उस वक्त केंद्र की इंदिरा गांधी सरकार ने इसे कोई महत्व नहीं दिया था। उसके बाद साल 1999 में भारत में 'लॉ कमीशन' ने लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। उस वक्त केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार चल रही थी। साल 2014 में बीजेपी ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे को अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल किया था। अब केंद्र सरकार ने इसके लिए पहल की है, लेकिन विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हैं।

लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के पीछे कई तरह के तर्क दिए जाते रहे हैं। इससे देश के विकास कार्यों में तेजी आएगी। चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सरकार कोई नई योजना लागू नहीं कर सकती है। आचार संहिता के दौरान नए प्रोजेक्ट की शुरुआत, नई नौकरी या नई नीतियों की घोषणा भी नहीं की जा सकती है और इससे विकास के काम पर असर पड़ता है। एक चुनाव होने से चुनावों पर होने वाले खर्च भी कम होगा। इससे सरकारी कर्मचारियों को बार-बार चुनावी ड्यूटी से भी छुटकारा मिलेगा। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

यह क्रम पहली बार उस वक्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी।

यह क्रम पहली बार उस वक्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। इस सरकार को उस वक्त की केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति शासन लगाकर हटा दिया था। केरल में दोबारा साल 1960 में विधानसभा चुनाव कराए गए थे। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। इसके अलावा साल 1972 में होने वाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे।

साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी। इस तरह से साल 1967 के बाद बड़े पैमाने पर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने का सिलसिला टूट गया। भारत की मौजूदा केंद्र सरकार इसे दोबारा एक साथ कराना चाहती है।

इसमें समस्या यह है कि अब भारत में कांग्रेस जैसी कोई एक पार्टी नहीं है, जिसकी केंद्र के साथ ही ज्यादातर राज्यों में अपनी सरकार हो। ऐसे में केंद्र और राज्य से बीच सामंजस्य आसान नहीं होगा। दोनों चुनाव साथ कराना संभव है। इसके लिए सरकार को चार काम करना होगा। इसके लिए सबसे पहले संविधान के 5 अनुच्छेदों में संशोधन जरूरी होगा। इसमें विधानसभाओं के कार्यकाल और राष्ट्रपति शासन लगाने के प्रावधानों को बदलना होगा। जन प्रतिनिधित्व कानून और सदन में अविश्वास प्रस्ताव को लाने के नियमों को बदलना होगा। इसके लिए 'अविश्वास प्रस्ताव' की जगह 'रचनात्मक विश्वास प्रस्ताव' की व्यवस्था करनी होगी। यानी अविश्वास प्रस्ताव के साथ यह भी बताना होगा कि किसी सरकार को हटाकर कौन सी नई सरकार बनाई जाए, जिसमें सदन को विश्वास हो, ताकि पुरानी सराकर गिरने के बाद भी नई सरकार के साथ विधानसभा या लोकसभा का कार्यकाल पांच साल तक चल सके।

## सोशल फोरम

# भूतपूर्व एनजीओ

दिल्ली की नव प्रस्तावित मुख्यमंत्री के साथ मैं एक कार्यक्रम में शिरकत कर चुका हूं, लेकिन दूर से। जब से मुझे उनके बारे में पता चला है कि वह भूतपूर्व एनजीओ हैं, तब से अनेक आशंकाएं तथा आश्वस्तियां मेरे दिमाग में तैर रही हैं।

एनजीओ के बारे में मेरे गहन शोध विश्लेषण का सार इस प्रकार है : एनजीओ बिजली के एसी और डीसी करंट की तरह विरोधाभासी होता है, जो कभी करंट मारकर अपने साथ चिपका देता है और फिर झटका मारकर दूर फेंक देता है। एनजीओ अगर पुरुष है तो वह दाढ़ी बढ़ा लेता है और अगर महिला है तो वह पुरुष जैसी ड्रेस पहनता है। बाल कटवाकर पुरुष की तरह दिखने का प्रयास करता है। सिगरेट आदि खुलकर पीता है तथा मीटिंग, ईटिंग और चीटिंग का एक्सपर्ट होता है। वह गोष्ठियों में उंगली उठा कर ललकरता है तथा मंच और लंच का अभ्यासी होता है। वह अंग्रेजी मिश्रित हिंदी का भी अभ्यासी होता है। गांव अथवा स्लम इसकी चरागाह होते हैं, लेकिन स्वयं शहर में कोठी बनाकर रहता है। राजनीति अथवा व्यापार या प्रशासनिक सेवाओं में असफल रहने वाला पढ़ा लिखा जातक एनजीओ बन जाता है तथा पिछले दरवाजे से सत्ता और संपत्ति का सुख भोगता है।

एक एनजीओ को यदि साल में कम से कम एक पुरस्कार न मिले तो वह भारी डिप्रेशन में चला जाता है। तब डॉक्टर उसे कोई फर्जी पुरस्कार दिलाने की सलाह देते हैं, जिससे वह ठीक हो जाता है। एक एनजीओ में पैदल चलने तथा ग्रामीणों तथा स्लम्स के निवासियों के बीच घुलने-मिलने की अपार क्षमता होती है। वह प्रोजेक्ट बनाने में माहिर होता है तथा एक आध दिन की भूख हड़ताल आराम से झेल लेता है। वह बगैर प्रोजेक्ट पास कराए अपने बच्चों की स्कूल ड्रेस भी नहीं सिलवाता तथा अपने घरेलू नौकरों की तनख्वाह भी पर्चे पर साइन करवा के उसे किसी प्रोजेक्ट के पेटे में डाल देता है। एनजीओ सरकार से बजट लेकर ही सरकार के खिलाफ आंदोलन करता है। यह एनजीओ पर मेरे शोध का सारांश है।



राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार, देहरादून

-फेसबुक वॉल से

# पितृपक्ष माने स्मृतियों का महोत्सव

पितृपक्ष माने स्मृतियों का पाक्षिक महोत्सव। श्राद्ध पक्ष में पुरखे याद आते हैं, जिनको याद नहीं आते वे महान हैं। पुरखों को याद करने का एक रूप है श्राद्ध करना, उनके बहाने सगे-संबंधियों और अच्छे गुणीजनों को बढ़िया भोजन कराना। याद करने की यह कला या पद्धति बेहद रोचक और श्रम-साध्य है, जिसने सबसे पहले श्राद्ध किया होगा और पितरों के नाम भोज दिया होगा, वो निश्चित तौर पर बेहद अक्लमंद इंसान होगा। श्राद्ध में पितर की स्मृति प्रमुख है, भोजन गौण है, गऊ ग्रास गौण है। श्राद्ध माने पितरों की स्मृतियों को याद करने, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी की ओर पितरों के अनुभवों के आदान-प्रदान करना। यह पर्व 15 दिन चलता है।

पुरखों का श्राद्ध करना, श्राद्ध के बहाने ब्रह्मभोज करना, यह सब सनातन धर्म का असर है, लेकिन पुरखों को याद करना उनके गुण-अवगुणों की चर्चा करना यह सब भौतिकवादी प्राचीन परंपरा है। परंपरा ज्ञान से परिवार के इतिहास को जिंदा रख सकते हैं, सनातन धर्म का तो स्मृतियों से बैर है। ठीक वैसे ही जिस ब्रिटिश हुकूमत का स्मृतियों से बैर था, इन दिनों बहुराष्ट्रीय निगमों के सांस्कृतिक नजरिए का स्मृतियों से बैर है। हमारे समाज में सनातन धर्म का असर गहरा है। इसके कारण पितरों की स्मृतियों पर घरों में इस मौके पर संवाद नहीं होता, सिर्फ खाना होता है और पितर विदा कर दिए जाते हैं। समाज को बचाने के लिए पितरों की स्मृतियों को याद रखना जरूरी है, इससे समाज को परंपराविहीन होने से बचाया जा सकता। हमारे राजनेताओं के यहां भी गांधी-आंबेडकर आदि का औपचारिक कर्मकांड से अधिक महत्व नहीं है इसीलिए वे उनके विचारों और स्मृतियों पर जोर नहीं देते, मूर्तिपूजा और सामाजिक-राजनीतिक पाखंड पर जोर देते हैं। सामाजिक और वैचारिक परंपराएं धर्म या कर्मकांड से नहीं बचतीं, बल्कि संबंधित व्यक्ति के विचारों और स्मृतियों पर संवाद से बचती हैं। संसार की प्रकृति का निर्धारण उन सब चीजों, व्यक्तियों और संस्कारों से होता है, जिनको समाज ने सैकड़ों सालों से सजाया-संवारा है।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

समाज का मतलब माता-पिता, भाई-बहन ही नहीं है वे भी समाज का अंग हैं, जो इस दायरे के बाहर हैं। अपने जीवन में ईश्वर की उपस्थिति को कभी भूल नहीं सकता। ईश्वर मुझे विरासत में मिला है, वह ऐसा तत्व नहीं है, जिसकी उपेक्षा की जा सके।

समाज का मतलब माता-पिता, भाई-बहन ही नहीं है वे भी समाज का अंग हैं, जो इस दायरे के बाहर हैं। अपने जीवन में ईश्वर की उपस्थिति को कभी भूल नहीं सकता। ईश्वर मुझे विरासत में मिला है, वह ऐसा तत्व नहीं है, जिसकी उपेक्षा की जा सके। सवाल यह है जब ईश्वर के बारे में सच बोलते हैं और कहते हैं कि वह है तो हम मान लेते हैं वो है। सवाल यह है सच बोलने के दायरे में हम सिर्फ ईश्वर को ही क्यों रखना चाहते हैं? हम समाज के बाकी पहलुओं के बारे में सच क्यों नहीं बोलते? यदि ईश्वर है, यह सत्य है तो जीवन भी तो सत्य है, समाज, संस्कृति, राजनीति, धर्म, दर्शन आदि को भी सत्य की कसौटी पर रखकर परखने की कोशिश क्यों नहीं करते? ईश्वर के साथ धोखा नहीं करते, लेकिन जीवन में पग-पग पर धोखेबाजी करते हैं, जो लोग ईश्वर को धोखा देते हैं, ईश्वर के साथ पाखंड रचते हैं, ईश्वर को वस्तु बनाकर बेचते हैं, वे ही असल जीवन में धोखाधड़ी करते हैं। ईश्वर माने स्वयं को जानने की कला। ईश्वर माने भगवान नहीं, कोई मूर्ति नहीं। मूर्ति तो बहाना है, असल में ईश्वर के बहाने स्वयं को पाने, अर्जित करने की कोशिश की जानी चाहिए। हमने जीवन में कुछ ऐसा विभाजन किया है कि ईश्वर पर जो चीज लागू होती है, वह जीवन पर लागू नहीं होती। जीवन पर जो लागू होती है वह ईश्वर पर लागू नहीं होती। ईश्वर और जीवन में भेद की दीवार के कारण तमाम किस्म के सामाजिक भेदों को हमने ईश्वरकृत बना दिया। असल में ईश्वर तब तक है जब तक मनुष्य का जीवन है, मनुष्य खत्म तो ईश्वर खत्म! ईश्वर की सत्ता का आधार है मनुष्य की सत्ता, लेकिन पढ़ाया उलटा गया है।

हमें बताया गया कि ईश्वर ही समाज का रचयिता है। सच एकदम उलट है, वह तसल्ली के आदिम उपायों की देन है। पितर असल में हमारे को ईश्वर रचित आख्यान से मुक्त करने में मदद करते हैं। स्मृतियों को जितनी बार व्याख्यायित किया जाएगा उतनी ही तेजी से वे रूढ़ियों और जड़ता से मुक्त होंगी। पितरों की स्मृतियां शाश्वत नहीं होतीं, वे भी परिवर्तनीय हैं। उनका आख्यान कहने वाले की शैली के अनुसार बदलता रहता है। उसमें नए आख्यान का जन्म होता रहता है। मरने के बाद नए आख्यान की सृष्टि करने की कला सिर्फ मनुष्य के पास है और इसी के गर्भ से सभी किस्म के पुरा-आख्यानों का जन्म हुआ। ईश्वर का होना, उसके बारे में संशय का आना, अपने आप में नए विचारों और नए किस्म की सामाजिक-वैचारिक संवेदना को जन्म देता है। इसी तरह जब आप अपने पुरखों को याद करते हैं, उनके आख्यान बनाते हैं, उनके गुण-अवगुणों की चर्चा करते हैं तो नए आख्यान की सृष्टि करते हैं।

# असंगत संवैधानिक परिकल्पना

आतिशी को दूसरे की महत्वाकांक्षा का बंधक क्यों बनाते हो? मुझे राजनीतिक पार्टियों में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं किसी भी पार्टी का सदस्य नहीं हूं, लेकिन देश का एक नागरिक हूं, जिससे अपने देश से बहुत मोहब्बत है और खास तौर से अगली पीढ़ी से, क्योंकि हमारी पीढ़ी का काम तो बहुत कुछ निपट गया है। बचा खुचा देश के प्रधानमंत्री अच्छी तरह निपटा ही रहे हैं। दिल्ली में अभी-अभी एक घटना हुई।

आतिशी मार्लेना को मुख्यमंत्री खास परिस्थितियों के चलते पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने बना दिया। इस बात का हल्ला है और प्रामाणिक है कि उन्हें अगले चुनाव तक जो लगभग चार-पांच महीना बाद हो सकता है, की अवधि के लिए मुख्यमंत्री निर्वाचित नहीं, बल्कि मनोनीत किया गया है। अगले चुनाव में यदि आम आदमी पार्टी जीत जाती है। तब उन्हें हटना पड़ेगा। वह भरत के खड़ाऊं की तरह राम की प्रतीक्षा करने वाली मुख्यमंत्री बताई जाती हैं। मैं समझता हूं यह फूहड़ राजनीतिक परिकल्पना है। एक युवा काबिल सुशिक्षित मुख्यमंत्री को एडवेंचर के साथ काम करते देना भी तो आम आदमी पार्टी का मकसद होना चाहिए। केजरीवाल काफी दिन रह लिए और वैसे भी वह मुख्यमंत्री कहां हैं। अब तो राष्ट्रीय नेता बन रहे हैं। पंजाब जो दिल्ली से बड़ा प्रदेश है, जिसके मुख्यमंत्री को दिल्ली के मुख्यमंत्री से ज्यादा संवैधानिक अधिकार हैं। वह भगवंत सिंह मान केजरीवाल के सामने दोयम दर्जे के नेता हैं। यह तो असंगत संवैधानिक परिकल्पना है। फेडरल स्ट्रक्चर के खिलाफ है। अरविंद केजरीवाल राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। उन्हें उसका ही विकास करना चाहिए। छोटे मकान में आ जाएंगे। अपनी पुरानी नीले रंग की वैगन आर कार में शायद चलेंगे और बहुत कुछ करेंगे। करतब करने के लिए माहिर खिलाड़ी हैं, लेकिन शुद्ध राजनीति और संविधान के तकाजों के अनुसार आम आदमी पार्टी ने एक साहसिक फैसला किया है। आतिशी को मुख्यमंत्री बनाकर ऐलान करना चाहिए कि उनका बदलाव नहीं होगा। अरविंद केजरीवाल की कोई वसीयत नहीं है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर कि जिसे चाहे उसे दे सकते हैं।



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

यह संवैधानिक परंपराओं का उन्मूलन और अपमान है। आम आदमी पार्टी वैसे भी राजनीतिक आईडियोलॉजी की पार्टी नहीं है। वह तो केवल व्यवस्था और सहूलियतें देने के नाम पर आगे बढ़ने की बात करती है। यह पार्टी अजीब बात करती है। मानो मुख्यमंत्री की कुर्सी एक पोस्ट डेटेड ब्लैंक चेक है, जिसका नगदीकरण चाहे जब किया जाए। एक राजनीतिक पार्टी होने के नाते यह हिंदुस्तानी लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है कि संभावित काबिल मुख्यमंत्री को चुनाव के बाद जीतने पर इस तरह काम करने दिया जाए। वरना राजनीति का इतना व्यवसायीकरण हो गया है। वह भी तो एक तरह का कारपोरेटीकरण हो गया है नेताओं के अंगूठे के नीचे। युवा उम्र में महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों को संभालना कई नेताओं का अनुभव तो रहा है।

## एक नजर

### निजी स्कूलों में आरटीई से निःशुल्क प्रवेश 1 दिसंबर से

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में निजी स्कूलों में आरटीई के तहत गरीब परिवार के बच्चों के लिए आरक्षित 25 फीसदी सीटों पर अगले शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू होगी। उप शिक्षा निदेशक (समग्र शिक्षा) डा. मुकेश कुमार सिंह के अनुसार1 दिसंबर से लेकर 27 मार्च 2025 तक चार चरणों में दाखिले की प्रक्रिया चलेगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) व खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय में अभिभावकों की मदद को हेल्प डेस्क बनेगी। इस बार अभिभावकों को सुनवाई का पूरा मौका दिया जाएगा और उनके फॉर्म में कमियों को हेल्प डेस्क की मदद से पूरा कराया जाएगा। वर्तमान शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए कुल 3.57 लाख बच्चों के आवेदन फार्म आए थे।

### महाकुंभ : स्नानार्थियों की सुरक्षा को हाईटेक इंतजाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के साथ स्नानार्थियों की सुरक्षा को हाईटेक इंतजाम किए जा रहे हैं। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद का कहना है कि मेला में घाटों की संख्या का विस्तार होने की वजह अब नदियों में आठ किलोमीटर लंबी डीप वाटर बैरिकेटिंग बनाई जाएगी। नदियों की सतह और जल के अंदर की सुरक्षा पीएसी और जल पुलिस को सौंपी गई है। डीआईजी पूर्वी जोन पीएसी राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि पहली बार निगरानी के लिए अंडर वाटर ड्रोन लगाए जाएंगे। दुर्घटना के समय इस बार सोनार रेडियो तरंगों का उपयोग किया जाएगा। जलीय क्षेत्र में किसी भी आकस्मिक जरूरत में क्विक रिएक्शन के लिए पहली बार 25 वाटर स्कूटर की ब्रिगेड भी मौजूद रहेगी। इसके लिए 6 लाख 25 हजार की राशि स्वीकृत हुई है। इसके अलावा दो फ्लोटिंग रेस्क्यू स्टेशन भी बनेंगे। इन्हे संगम और वीआईपी घाट में बनाया जाएगा।

# एसटीएफ को सौंपना चाहिए भेड़िए को पकड़ने का जिम्मा

## सपा प्रमुख ने कहा, जब से भाजपा की सरकार बनी है, तब से बढ़ा जानवरों का आतंक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अखिलेश यादव

▶▶ भेड़िए के हमले में मृतक के परिवारीजन को 50-50 हजार, घायलों को 25-25 हजार रुपये सपा ने दिए

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जबसे भाजपा की सरकार बनी है तबसे जानवरों का आतंक बढ़ा है। सरकार अगर आदमखोर भेड़ियों को नही ढूंढ पा रही है तो ठोको नीति के तहत यह जिम्मेदारी एसटीएफ को सौंप देना चाहिए।

यह बात गुरुवार को सपा प्रमुख ने राज्य मुख्यालय में बहराइच के महसी क्षेत्र में भेड़िया के हमलों में शोक संतप्त परिवारीजनों को आर्थिक सहायता देने के बाद कही। अखिलेश यादव ने भेड़िया के हमलों में जान गवांने वाले 10 लोगों में, सात शोक संतप्त परिवारीजनों को 50-50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी। घायलों को 25-25 हजार रूपये की मदद दी गई।

सपा प्रमुख ने आरोप लगाते हुए कहा कि मृतक के आश्रितों और घायलों को मदद देने में भी जाति-धर्म देखकर पक्षपात और भेदभाव किया जा रहा है। विशेष समुदाय के दो मृतक बच्चों का शव नहीं मिला है। मृतक बच्चों के परिवार को 10 लाख व घायलों को एक लाख रुपये की मदद और पूरे इलाज का खर्च सरकार को उठाना चाहिए।

### प्रदेश के मठाधीश मुख्यमंत्री है

अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि मैंने कभी किसी संत महंत सन्यासी पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अगर अपने ऊपर लेते हैं तो मैं यही कहूंगा कि वो हमारे मठाधीश मुख्यमंत्री हैं, जब से बीजेपी हारी है तब से उनकी भाषा बदल गई है। योगी के भस्मासुर वाले बयान पर कहा कि भाजपा अपने भष्मासुर को खोज रही है। माफियाओं के सवाल पर कहा, टॉप टेन सूची से पता चल जाएगा कि माफिया किस दल के साथ हैं।

# एससी-ओबीसी को शासन-प्रशासन में भागीदारी दिलाएंगे

## बसपा प्रमुख ने विधानसभा उपचुनाव में भाजपा से नाराजगी का फायदा उठाने पर दिया जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मायावती

▶▶ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक अपनी और पार्टी की पैठ मजबूत बनाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि पार्टी एससी-एसटी व ओबीसी को शासन-प्रशासन में समुचित भागीदारी दिलाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा उप चुनाव में भाजपा से जनता की नाराजगी का फायदा उठाकर बसपा जीत सुनिश्चित करेगी। उन्होंने पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक पैठ मजबूत करने के निर्देश दिए।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को पदाधिकारियों की बैठक में बसपा प्रमुख ने पिछली बैठक में दिए-गए निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने विधानसभा उप चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि भाजपा व विपक्षी दल जनहित के ज्वलंत मुद्दों के बजाय सांप्रदायिक व जाति-बिरादरी पर आधारित संकीर्ण राजनीति कर रहे हैं। करोड़ों गरीबों, बेरोजगारों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों व अन्य मेहनतकश लोगों को राहत, सुविधा व सुरक्षा की काफी कमी है। अधिकतर मामलों में सरकारी वादे-दावे कागजी हैं। इस कारण आम जनता त्रस्त है।

### बिहार की घटना पर दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

बसपा प्रमुख ने बिहार के नवादा में दबंगों ने अनुसूचित वर्ग के लोगों के घरों को जलाने के दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि यह घटना अति दुखद व गंभीर है। सरकार को दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के साथ ही पीड़ितों को पुनः बसाने की व्यवस्था के लिए पूरी आर्थिक मदद भी करनी चाहिए।

# ऊर्जा निगमों में चतुर्थ श्रेणी के मृत सेवकों के आश्रितों को नहीं मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

## उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने नियमावली-1975 में किया संशोधन, आदेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सहायक बिजली कंपनियों में अब चतुर्थ श्रेणी में अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिलेगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने सेवाकाल में मृत सेवकों के आश्रितों की नियमावली-1975 में संशोधन कर दिया गया है। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

पावर कॉरपोरेशन के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी लोकेंद्र सिंह की ओर से जारी आदेश में निदेशक मंडल की ओर लिए गए निर्णय का उल्लेख किया गया है। जारी आदेश के अनुसार अब मृतक आश्रितों को तृतीय श्रेणी में नियुक्ति दी जाएगी। इनमें वेतन मैट्रिक्स लेवल-पांच ग्रेड पे 2600 के टेक्नीशियन, कार्यकारी सहायक व लेखा लिपिक के पद शामिल हैं।

इस आदेश में 2010 में हुए शासनादेश का उल्लेख किया गया है, जिसमें चतुर्थ श्रेणी के रिक्त होने वाले पदों के सम्बन्ध में केवल आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्ति की बात कही गई है। आदेश में कहा गया है कि मृतक कर्मी की मृत्यु के पांच साल के अंदर तृतीय श्रेणी पद पर नियुक्ति के लिए आवश्यक अर्हता पूरी करने पर ही नियुक्ति दी जाएगी। पावर कॉरपोरेशन को छोड़कर अनुकंपा पर नियुक्ति उसी इकाई में दी जाएगी, जहां पर मृत कर्मी सेवायोजित थे।

### दूसरे निगमों में सेवायोजन के लिए अध्यक्ष अधिकृत

मृतक आश्रित की कठिनाइयों को देखते हुए अन्य वितरण निगमों में सेवायोजन के लिए कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को अधिकृत किया गया है। अनुकंपा नियुक्ति में सीधी भर्ती के समान एक माह का आधारभूत प्रशिक्षण व 11 माह की ऑन जॉब प्रशिक्षण यानी कुल एक साल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद दो साल की परिवीक्षा अवधि निर्धारित की गई है। तृतीय श्रेणी के जिन पदों पर टंकण अनिवार्य है, उसमें टंकण गति 25 शब्द प्रति मिनट अनिवार्य किया गया है। आदेश के तहत 25 जून 2015 तक नियमावली संशोधित मानी जाएगी। बाकी नियम व शर्तें पूर्व की तरह लागू रहेंगी।

### उत्पादन निगम में हो चुका फैसला

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम में अनुकंपा नियुक्ति में चतुर्थ श्रेणी में न किए जाने का फैसला करीब एक माह पहले ही हो चुका है। उत्पादन निगम के निदेशक मंडल की बैठक में फैसला लेते हुए इस तरह का आदेश जारी किया गया था। कॉरपोरेशन की तरह उत्पादन निगम में भी टेक्नीशियन, कार्यकारी सहायक व लेखा लिपिक पदों पर नियुक्ति का उल्लेख है।

# पुत्र के गिरफ्तार होते ही विधायक ने किया समर्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेटे के गिरफ्तार होते ही भदोही के सपा विधायक जाहिद जमाल बेग ने गुरुवार को न्यायालय में समर्पण कर दिया है। बताया जा रहा है कि वह नंगे पैर पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस कर्मियों और अधिवक्ताओं में जोरदार झड़प भी हुई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिबा खातून ने उन्हें 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

विधायक आवास पर किशोरी की आत्महत्या के बाद पुलिस ने पहले विधायक व उनकी पत्नी सीमा बेग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। उसके बाद उनके बेटे जईम बेग को सहअभियुक्त बनाकर मकदुमपुर से गिरफ्तारी दिखाने के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। बेटे के जेल जाने के बाद पांच दिनों से गायब विधायक ने कोर्ट में सरेंडर करने का फैसला किया। सपा विधायक पुलिस को चकमा देकर कोर्ट के अंदर प्रवेश कर गए। करीब 25 मिनट तक कोर्ट में रहे। इस बीच बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता विधायक के समर्थन में पहुंच गए और नारेबाजी की।

# सचिवालय कर्मियों ने बायोमेट्रिक हाजिरी के खिलाफ उठाई आवाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ प्रमुख सचिव को ज्ञापन देकर कहा, मशीनी पहरेदारी से पड़ेगा कार्मिकों पर प्रतिकूल प्रभाव

**अमृत विचार :** बायोमेट्रिक हाजिरी की अनिवार्यता को लेकर सचिवालय कर्मी नाराज हैं। सचिवालय कर्मियों ने प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन से मुलाकात कर इस डिजीटल अटेडेंस पर सवाल खड़े किए हैं। इस दौरान कई ऐसे तर्क देकर यह साबित करने का प्रयास किया गया है कि सचिवालय का कामकाज पोस्ट ऑफिस, बैंक, या अन्य सरकारी कार्यालयों जैसा पब्लिक डिलिंग ऑफिस नहीं है जहां आमजन का अपने कार्य निस्तारण के लिए रोज जाना-आना रहता हो।

सचिवालय संघ के प्रतिनिधियों ने सचिवालय की कार्य प्रकृति को समीक्षात्मक बताते हुए मशीनी पहरेदारी से इसके कार्मिकों पर प्रतिकूल प्रभाव पढ़ने की आशंका जताई। उप्र. सचिवालय संघ के अध्यक्ष अर्जुन देव ने बताया कि बायोमेट्रिक हाजिरी में तो तकनीकी खामियां हैं ही इसका प्रतिकूल प्रभाव भी सचिवालय के कामकाज पर पड़ेगा। इस बीच, राज्य कर्मियों से जुड़े कई संगठन शुक्रवार को एक संयुक्त बैठक कर बायोमेट्रिक हाजिरी की अनिवार्यता को खत्म करने की मांग पर चर्चा करेंगे और एक तार्किक ज्ञापन शासन को देने का निर्णय लिया जाएगा।

### मनमानी आवाजाही और छुट्टी पर लगेगा अंकुश

मानव संपदा पोर्टल से बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को जोड़ने के लिए विशेष सचिव, सचिवालय प्रशासन गौरव वर्मा की ओर से राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी) के तकनीकी निदेशक दीपक शर्मा को पत्र भेज दिया है। इसके जरिए कर्मचारियों की रोज की हाजिरी और छुट्टी का प्रबंध होगा। यह सब कुछ सॉफ्टवेयर आधारित होगा। बिना आवेदन के छुट्टी लेने की कवायद पर अंकुश लगेगा। फील्ड के कर्मियों को ऑनलाइन टूर अप्लाई करना होगा और अधिकारी के अनुमोदन पर ही उसकी उपस्थिति दर्ज होगी। अन्यथा उसका वेतन कटेगा।

# पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की जमानत पर फैसला आज

विधि संवाददाता, लखनऊ

▶▶ दुष्कर्म मामले में मिली थी उम्रकैद जमानत पर 10 सितंबर को कोर्ट ने सुरक्षित किया था फैसला

**अमृत विचार :** दुराचार के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की जमानत पर फैसला शुक्रवार को दोपहर एक बजे होगा। आएगा। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति मो. फैज आलम खान की हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गायत्री प्रजापति के साथ-साथ आशीष कुमार शुक्ला व अशोक तिवारी के जमानत प्रार्थना पत्र भी 10 सितम्बर को फैसला सुरक्षित कर लिया था।

अभियुक्तों की ओर से मामले के तथ्यों के साथ-साथ मुख्य रूप से उनके द्वारा जेल में बिताई गयी अवधि को भी जमानत का आधार बताया गया है। वहीं राज्य सरकार ने बहस के दौरान जमानत दिये जाने का विरोध किया है। हालांकि गायत्री कई आपराधिक मामलों में जेल में निरुद्ध है लेकिन उसके खिलाफ दर्ज यह मामला सबसे संगीन माना जाता है।

18 फरवरी, 2017 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गायत्री प्रसाद प्रजापति व अन्य छह अभियुक्तों के खिलाफ थाना गौतमपल्ली में गैंगरेप, जानमाल की धमकी व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश पीड़िता की याचिका पर दिया था। पीड़िता ने गायत्री प्रजापति व उनके साथियों पर गैंगरेप का आरोप लगाते हुए अपनी नाबालिग बेटी के साथ भी जबरन शारीरिक संबध बनाने का आरोप लगाया था। 18 जुलाई, 2017 को पॉक्सो की विशेष अदालत ने इस मामले में गायत्री समेत सभी सात अभियुक्तों विकास, आशीष, अशोक, अमरेंद्र, चंद्रपाल व रुपेश्वर के खिलाफ आरोप तय किया था। साथ ही गायत्री, विकास, आशीष व अशोक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 5जी/6 के तहत भी आरोप तय किया था। 12 नवम्बर 2021 को सत्र अदालत ने गायत्री, आशीष शुक्ला व अशोक तिवारी को उम्र कैद की सजा सुनाई, जबकि बाकी आरोपियों रूपेश्वर, चंद्रपाल, विकास वर्मा व अमरेंद्र सिंह उर्फ पिंटु सिंह को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था।

### मिली जमानत हाईकोर्ट ने की थी खारिज

मामले में 25 अप्रैल 2017 को गायत्री व दूसरे अभियुक्तों को पॉक्सो कोर्ट ने जमानत दे दी थी। हालांकि राज्य सरकार ने 28 अप्रैल 2017 को ही हाईकोर्ट में उक्त जमानत आदेश को चुनौती दे दी, जिस पर हाईकोर्ट ने उसी दिन सुनवाई करते हुए, 25 अप्रैल 2017 के उक्त आदेश पर रोक लगा दी। बाद में हाईकोर्ट ने ट्रायल विचाराधीन रहने के दौरान गायत्री की ओर से दाखिल जमानत याचिका को भी खारिज कर दिया था।

# कई जिलों में अब भी पानी खतरे के निशान पर, राहत-बचाव जारी

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित जिलों में चल रहे सरकारी राहत ओर बचाव कार्यों के बीच कई स्थानों पर अब भी पानी खतरे के निशान से ऊपर है।

गंगा, यमुना, सरयू, कर्मनाशा, घाघरा, राप्ती में आयी बाढ़ से अलग-अलग जिलों जिलों में लोग प्रभावित हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावित परिवारों के लिए एक तरफ जहां सेंटर होम खोले गए हैं और उनके खाने-पीने का इंतजाम किया गया है, वहीं दूसरी तरफ पशुओं के लिए रहने की व्यवस्था भी सरकारी तंत्र ने कर रखी है। साथ ही राशन किट का वितरण भी किया जा रहा है।

# 2027 में बनने वाली सरकार का कार्यकाल 2 वर्ष का होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ एक राष्ट्र-एक चुनाव व्यवस्था लागू होने पर यहां 2 वर्ष में दो बार विधानसभा के चुनाव होंगे

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में साल 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद जिस भी राजनीतिक दल की सरकार बनेगी, उसकी उम्र दो साल की ही होगी। दरअसल, एक राष्ट्र-एक चुनाव की व्यवस्था लागू होने पर यहां दो साल के भीतर दो बार विधानसभा के चुनाव होंगे। उप्र. में इससे पूर्व साल 1991 व 1996 में भी लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराए गए थे।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के मुताबिक, रामनाथ कोविंद समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा है कि साल 2024 के बाद देश में जिस भी राज्य में विधानसभा चुनाव होंगे, उसका कार्यकाल 2029 में लोकसभा के कार्यकाल के साथ ही समाप्त हो जाएगा। इस तरह उप्र. में अगला विधानसभा चुनाव 2027 में होगा। उसके बाद वर्ष 2029 में मध्यावधि चुनाव कराने होंगे। कोविंद समिति की सिफारिशों में लोकसभा चुनाव के 100 दिन बाद स्थानीय निकायों के चुनाव का भी सुझाव है।

# एक करोड़ हुई प्रदेश में भाजपा के सदस्यों की संख्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश भाजपा की टीम ने देश में अव्वल स्थान बरकरार रखते हुए बृहस्पतिवार को एक करोड़ का आंकड़ा भी छू लिया। अभी भी पुरानी सदस्यता के साथ 1.62 लाख पोलिंग बूथों पर 3 करोड़ 24 लाख नए सदस्य बनाने की चुनौती है।

देशभर में एक सितंबर से चल रहे भाजपा के सदस्यता अभियान में आगे निकलने की होड़ सभी राज्यों में मची हुई है। इसमें उप्र सबसे आगे है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री व सदस्यता प्रभारी गोविंद पांडेय कहते हैं कि दो दिन पहले मंगलवार को 82 लाख सदस्य बने थे, जबकि प्रतिस्पर्धी माहौल बनाने से 11 लाख सदस्य एक दिन में बने और संख्या 93 लाख पहुंच गई।

| जनपद | संख्या |
|---|---|
| अमरोहा | 1,45,727 |
| हरदोई | 1,45,064 |
| लखनऊ महानगर | 1,43,160 |
| बुलंदशहर | 1,38,778 |
| आगरा महानगर | 1,21,771 |
| कुशीनगर | 1,18,522 |
| उन्नाव | 1,16,443 |
| सहारनपुर जिला | 1,09,472 |
| गाजियाबाद महानगर | 1,06,619 |
| बहराइच | 1,05,828 |

### महानगरों में लखनऊ व जिलों में अमरोहा अव्वल

भाजपा ने जिलों और महानगरों में सदस्यता की टॉप टेन सूची जारी की है। इसमें अमरोहा जिला सबसे आगे हैं, जबकि महानगरों में लखनऊ टॉप पर है। हालांकि ओवर आल टॉप टेन में लखनऊ महानगर तीसरे स्थान पर है। प्रदेश के 75 जिलों में अमरोहा, हरदोई, बुलंदशहर, कुशीनगर, उन्नाव सहारनपुर और बहराइच ही टॉप टेन सूची में क्रमशः शामिल हैं।. महानगरों में बरेली, अयोध्या, कानपुर, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा-वृंदावन और शाहजहांपुर का नाम तक नहीं है।

## वर्ग पहेली-197

**बाएं से दाएं**

3. 1. जनसाधारण की निःस्वार्थ सेवा 2. सरकारी नौकरी।
5. 1. एक प्रकार का बड़ा हुक्का, गुड़गुड़ी 2. पुरानी चाल की बंदूक का एक पुरज़ा।
7. 1. आज्ञा, आदेश 2. हिदायत या सलाह देना 3. किसी को ठीक रास्ता बतलाना, पथ प्रदर्शन 4. मुशायरों के दौरान गायक द्वारा शेर पेश करने के लिए श्रोताओं द्वारा प्रयुक्त अनुमति सूचक शब्द।
8. निचली मिट्टी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. दीया
2. 1. ज़बरदस्त 2. बहुत बड़ा या विशाल।
3. जनकल्याण, जनता की भलाई।
4. लोहे आदि की बनी मज़बूत अलमारी जिसमें व्यक्ति रुपया आदि रखता है
6. 1. भरे हुए शरीरवाला 2. कोमल, मुलायम।



### वर्ग पहेली -196 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | रां | त | क | | 2 रु |
| | | | | | का |
| 3 प | | | 4 नि | | व |
| 5 रि | टा | य | र | में | ट |
| धा | | | व | | |
| नी | | | 6 का | 7 ज | ल |
| य | | 8 रा | श | न | |

## सुडोकू-110

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 1 | | 2 | | |
| 7 | 5 | | 8 | | | | 1 | |
| | | 6 | | 9 | | | | 3 |
| | | | 7 | | 5 | | 8 | |
| 2 | | 8 | | | | 3 | | 7 |
| | 4 | | 3 | | 1 | 6 | | |
| 9 | | | | 7 | | 8 | | |
| | 6 | | | | 2 | | 4 | 1 |
| | | 5 | | 3 | | | | 6 |

### सुडोकू - 109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 4 | 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 | 1 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 4 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 7 | 5 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 8 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 सितंबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 21.15 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 21 सितंबर 02.43 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज का दिन विशेष रूप से लाभप्रद रहेगा। अपने रुके हुए प्रोजेक्ट्स को पुनः शुरू कर सकते हैं। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। माताजी की सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

**वृष** — आज व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन का पालन करें। शुभचिंतकों से व्यवहार खराब हो सकते हैं। थायराइड के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। यदि आपको किसी वस्तु या आदत की लत है तो उससे दूरी बनाकर रखें।

**मिथुन** — आज विवादों को संवाद के माध्यम से सुलझाने में सफलता मिलेगी। उच्च शिक्षा में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। विद्यार्थियों को करियर को लेकर चिन्ता दूर होगी। ससुराल पक्ष से धन लाभ हो सकता है। घर में पकवानों का आनंद उठाएंगे।

**कर्क** — आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद मिल सकता है। पुरुष जातकों का महिलाओं के प्रति व्यवहार बहुत अच्छा रहेगा। परिवार के लोग आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रेरणा लेंगे।

**सिंह** — आज वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को हितशत्रुओं से सावधान रहना चाहिए। सुबह कोई शुभ सूचना मिल सकती है। रिश्तेदारों से अपना व्यवहार अच्छा रखें, लेकिन अपनी भावी योजनाओं पर चर्चा करने से बचें।

**कन्या** — आज आपको शांत रहने की आवश्यकता है। संयुक्त परिवार में थोड़ी खिटपिट हो सकती है। बच्चों का व्यवहार कुछ उद्दंड हो सकता है। जीवनसाथी की सलाह को अनसुना न करें। व्यवसाय में अनावश्यक व्यय हो सकता है।

**तुला** — आज अस्त-व्यस्त चीजों को व्यवस्थित करने की कोशिश करेंगे। शत्रुओं पर आप विजय प्राप्त करेंगे। कार्यक्षेत्र की परिस्थितियां आपके अनुकल रहेंगी। गुरुजनों की सलाह आपको काफी काम आएगी। युवा उत्सव के मूड में रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज व्यापार में कुछ नए प्रयोग कर सकते हैं। समाज में आपका दबदबा बढ़ेगा। घर में आप काफी व्यस्त रहेंगे। सुबह सेहत कुछ नरम रहेगी। स्वयं को फिट रखने के लिए अपनी जीवनशैली में योग और सात्विक आहार को अवश्य शामिल करें।

**धनु** — आज ज्यादा सोच-विचार करने से महत्वपूर्ण अवसर निकल सकते हैं। विद्यार्थी उच्च अध्ययन में काफी रुचि लेंगे। बच्चों के करियर को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आपके मन में नए व रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे।

**मकर** — आज लोग आपसे काफी अपेक्षाएं रखेंगे। अपने आसपास के लोगों के साथ संबंध अच्छे रखें। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों से आपको लाभ मिलेगा। आप कुछ चिड़चिड़े से हो सकते हैं। घर से दूर जॉब कर रहे लोगों को छुट्टी लेने में परेशानी सकती है।

**कुंभ** — आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। व्यापार में अनुभवी लोगों की सलाह लेना उत्तम होगा। अपने आदर्शों पर अडिग रहें। आय के नए स्रोत विकसित करने में सफलता मिलेगी।

**मीन** — आज किसी जरूरी काम को लेकर अनिर्णय की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। दूसरों की सहायता करने के चक्कर में अपने हितों की अवहेलना न करें। आप मानसिक रूप से थोड़ा परेशान हो सकते हैं। नया कर्ज लेने से आपको बचना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U Movies
दरार — सुबह : 09.00
रंग — शाम : 06.00

&pictures
घूमर — सुबह : 10.50
सजनी शिंदे का वायरल वीडियो — रात : 08.00

Sony Pix
जिओ स्ट्राम — सुबह : 11.03
जॉन विक : चैप्टर 3 — रात : 09.00

Zee Cinema
अंतिम — सुबह : 11.29
सूर्यवंशी — रात : 08.00

Colors Cineplex
प्लेयर्स — सुबह : 10.16
आदमी — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दांत का डॉक्टर- आपका दांत निकालना पड़ेगा, क्योंकि ये सड़ चुका है।
राजू- हां तो कितने पैसे लगेंगे ?
दांत का डॉक्टर- बस 500 रुपये लगेंगे।
राजू- 50 रुपये ले लो और थोड़ा सा ढीला कर दो, निकाल तो मैं खुद लूंगा।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

## एक नजर

### थाने से चंद कदम दूरी पर फिर हुई चोरी की वारदात

**सुमेरपुर।** गुमटी में कपड़े की दुकान में हजारों रुपए की नगदी सहित कपड़ा की चोरी करने के बाद चोरों ने बुधवार की रात दुकान में फिर से दुकान के पीछे के टिन तोड़कर दुकान में रखा सामान चोरी करके भाग निकले। थाने से चंद कदम की दूरी पर हाईवे किनारे पप्पू गुप्ता की गुमटी में कपड़े की दुकान है। इस दुकान में एक सप्ताह पूर्व चोरों ने नगदी सहित हजारों का सामान चोरी कर लिया था। बुधवार की रात चोरों ने इस दुकान पर फिर से धावा बोला और दो हजार रुपये कीमत का सामान चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने पिछले दिनों हुई चोरी का मुकदमा अभी तक नहीं दर्ज किया है। पुलिस की इस कार्य प्रणाली से क्षुब्ध होकर दुकानदार ने इस घटना की तहरीर देना भी मुनासिब नहीं समझा है।

### रंजिश में युवक के साथ मारपीट, तहरीर दी

**बिवांर।** क्षेत्र के सायर गांव के कृपाल पुत्र जगदीश सिंह ने थाना में तहरीर देते हुए बताया कि रंजिश के चलते पड़ोसी मोहित पुत्र उपेंद्र सिंह शराब के नशे में आए दिन अभद्रता करता चला आ रहा है। बुधवार को शाम को दरवाजे में आकर अकारण गाली देने लगा है। विरोध किए जाने पर डंडे से मारपीट की। पड़ोसियों के बीच बचाव करने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए चला गया है। कृपाल सिंह द्वारा यूपी 112 नंबर पर फोन किए जाने पर आई पुलिस को देखकर फरार हो गया। कृपाल सिंह ने मोहित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसआई प्रेमचंद ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### गेस्ट हाउस के बाहर से ई रिक्शा गायब

**मौदहा।** नगर क्षेत्र के एक गेस्ट हाउस के निकट आल्हा गायन के सुनते समय सड़क किनारे खड़ा इस ई रिक्शा अज्ञात लोग उठा ले गए। इससे पूर्व भी मराठीपुरा मोहल्ले से एक ई रिक्शा चोरी हुआ था। अभी तक उसकी खोज खबर तक नहीं ली गई। कोतवाली क्षेत्र के रमना गांव निवासी नरेश पाल ई रिक्शा चला कर अपना परिवार का गुर्जर प्रसार करता है और मुख्य तहसील मार्ग स्थित पांडव गेस्ट हाउस के निकट हो रहे आल्हा गायक सुनने लगा था। इसी बीच अज्ञात युवक मौका देख कर उसका रिक्शा उठा ले गए।

### न्यायालय के आदेश पर ससुरालियों पर रिपोर्ट

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी की पुत्री की हत्या कर जलाने पर पीड़िता की तहरीर पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने 4 ससुरालजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। झलोखर गांव निवासी सुशीला पत्नी स्व .होरीलाल ने दी तहरीर में बताया कि पुत्री की शादी भौली गांव के संतोष पुत्र चुन्नीलाल के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद आए दिन मेरी पुत्री को पति संतोष, ससुर चुन्नीलाल, जेठ विष्णु, ननंद आनंदी प्रताड़ित करते थे और फिर सभी ने मिलकर हत्या कर जला दिया। पीड़िता की तहरीर पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### चार लोगों के खिलाफ मारपीट की तहरीर

**बिवांर।** क्षेत्र के महेरा गांव निवासी जगराम पुत्र खलकी पाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि भैंस चराने के लिए खेत में गया था। जहां पुरानी रंजिश के चलते गांव के चंद्रपाल पुत्र मुन्नीलाल व भरत कुमार पुत्र कृपाल राजपूत के साथ दो अज्ञात युवक आकर अभद्रता करते हुए उसके दोनों हाथ को रस्सी से बांध दिया है। लाठी से मारपीट किए जाने पर जमीन में गिरकर अचेत हो गया है। पीठ में उसके गंभीर चोट आई है। अचेत हो जाने पर चारों युवक जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। जगराम के होश में आने पर किसी तरह से घर आया है। अपने परिजनों के साथ थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है।

# डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का देखा हाल

## प्रभावित फसलों का तत्काल सर्वे कर किसानों को मुआवजा देने के लिए निर्देश


बाढ़ से प्रभावित फसलों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार


पीड़ित परिवार को दैवीय आपदा राहत कोष की चेक देते डीएम। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनपद में गत दिनों हुई अतिवृष्टि/बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का मुआयना कर प्रभावित फसलों का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्यालय में मेरापुर, संगम, भोला का डेरा, डिग्गी आदि क्षेत्रों का मुआयना किया। बाढ़ से प्रभावित व अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त विभिन्न फसलों का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि क्षतिग्रस्त फसलों से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र का ड्रोन आदि से वीडियोग्राफी कराई जाए। इसके साथ फील्ड पर सत्यापन कराकर तत्परता से संबंधित कृषकों को मुआवजा दिया जाए। इसमें किसी भी तरह का विलंब न किया जाए। उन्होंने कहा कि आपदा राहत संबंधी विभिन्न कार्यो को तत्परता से संपादित किए जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग की टीम द्वारा सर्वे के दौरान संबंधित कृषकों से क्षतिग्रस्त फसलों के बारे में बातचीत कर उनके वक्तव्य भी लें। उन्होंने क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को भी शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, एसडीएम व तहसीलदार सदर तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## आश्रित को सौंपा 4 लाख का चेक

**हमीरपुर।** सुमेरपुर विकासखंड के इसौली गांव में अतिवृष्टि में गिरी मकान की दीवार से घायल वृद्धा की इलाज के दौरान मौत मामले में गुरुवार को जिलाधिकारी पीड़ित परिवार से मिलने उसके घर पहुंचे। जहां उन्होंने दैवीय आपदा राहत कोष से आश्रित को चार लाख रुपये की चेक सौंपी।

इसौली गांव में अतिवृष्टि से पिछले मंगलवार को रामकुमार के मकान की एक दीवार ढह जाने से उसकी वृद्ध पत्नी सुशीला घायल हो गई थी, जिनकी इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। इस घटना पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए राजस्व विभाग की टीम को पीड़ित परिवार को तत्काल हर सम्भव मदद करने के निर्देश दिए थे।

गुरुवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना पीड़ित परिवार के घर पहुंच सांत्वना दी। मृतका के आश्रित पति राम कुमार को चार लाख रुपये की चेक सौंपी। इसके अलावा एक लाख रुपये कृषक दुर्घटना योजना के तहत व मुख्यमंत्री आवास का लाभ भी देने की बात कही। पीड़ित परिवार को तात्कालिक रूप से राशन आदि की किट भी उपलब्ध कराई गई।

## बैग बरामद करने की एसपी से मांग

**हमीरपुर।** लेखपाल संघ ने सरीला तहसील में कार्यरत चार लेखपालों की सर्विस बुक सहित अन्य अभिलेखों से भरा बैग बरामद कराने की मांग को लेकर गुरुवार को एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा को पत्र सौंपा है।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद पटेल के नेतृत्व में एसपी को दिए पत्र में बताया कि सरीला तहसील में कार्यरत लेखपाल चंद्रहास उपाध्याय, सोहन स्वरूप, रमेश कुमार व बृजभूषण की सर्विस बुक, जीपीएफ पास बुक, अन्य आवश्यक बिल व प्रपत्र मुख्यालय में ऑडिट कराने को लेकर राजस्व निरीक्षक देवेन्द्र कुमार यादव बीते 11 सितंबर को आए थे। वापस जाते समय अधिक रात्रि होने के कारण निरीक्षक अपने घर मौदहा रुक गए। दूसरे दिन मौदहा के मलिकुंआ चौराहा में बीज भंडार से बीज खरीदने के लिए अपनी चार पहिया वाहन खड़ी कर चला गया। इसी दौरान किसी ने अभिलेखों से भरा बैग किसी ने चोरी कर लिया। बताया कि अगले कुछ वर्षों में उक्त लेखपालों के इंक्रीमेंट, एसीपी व सेवा संबंधित अन्य लाभ व सेवानिवृत्त हो रहे है। उक्त अभिलेखों के अभाव में उक्त लेखपालों को सेवा संबंधित कोई भी लाभ मिलने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।



छात्र अभिमान सिंह को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य भारत सिंह व शिवकांत त्रिपाठी।

# फर्राटा दौड़ में अभिमान सबसे तेज धावक बने

संवाददाता, मौदहा

**अमृत विचार।** विद्या भारती की ओर से आयोजित प्रांतीय खेलकूद एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में कानपुर प्रांत के 20 जिलों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के 6 छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना हुनर दिखाया। जिसमें अंडर 14 की 100 मीटर की दौड़ में छात्र अभिमान सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र की इस सफलता पर गुरुवार को नगर संघचालक शिवकांत त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्य भारत सिंह छात्र अभिमान सिंह एवं उसकी तैयारी कराने वाले आचार्य रामनरेश कौशल व धीरेंद्र प्रताप सिंह को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

वहीं प्रधानाचार्य ने नगर संघचालक शिवाकांत त्रिपाठी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए आचार्य बंधुओं की मेहनत का फल बताया। कहा छात्र अभिमान सिंह क्षेत्र की खेलकूद प्रतियोगिता जो अगले माह प्रयागराज में होने वाली पूरे उत्तर प्रदेश की होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं में यह छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा।

# मजदूर संघ ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** न्यूनतम मासिक पेंशन राशि में बढ़ोतरी करने की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने कलेक्ट्रेट में एक दिवसीय आंदोलन कर प्रधानमंत्री से संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा है।

मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष विवेक मिश्रा के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में कर्मचारी पेंशन स्कीम (ईपीएस) 1995 के अन्तर्गत न्यूनतम मासिक पेंशन एक हजार रुपये मिल रही है। बताया कि वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के मध्य लगभग दस वर्ष के दौरान महंगाई में भी काफी हद तक इजाफा हुआ है। न्यूनतम मासिक पेंशन के एवज में मिलने वाली राशि का वास्तविक मूल्य आज की तिथि में अत्यंत अल्प एवं नगण्य हो चुका है। पेंशन धारक का जीवन यापन इस न्यूनतम पेंशन की वर्तमान राशि से करना अत्यन्त ही दूभर हो गया है। संगठन की तरफ से अनेक बार संबंधित फोरम पर न्यूनतम पेंशन की राशि बढ़ाने के लिए उचित पहल की गई। किन्तु निदान नहीं हुआ। कहा कि वर्तमान में लगभग अठहत्तर लाख कर्मचारी पेंशन स्कीम (ईपीएस) 1995 के अन्तर्गत पेंशन भोगी है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार से कर्मचारी पेंशन स्कीम (ईपीएस) 1995 के अन्तर्गत न्यूनतम पेंशन राशि एक हजार प्रतिमाह में बढ़ोतरी कर पांच हजार रुपये प्रतिमाह करने एवं ईपीएस राशि को महंगाई भत्ते के साथ जोड़कर भुगतान करने सहित आयुष्मान योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

# अब बस्ती से नहीं निकलेगी लाइन

खबर का असर

संवाददाता, सुमेरपुर


बस्ती के लोगों से बात करते सदर विधायक डॉ .मनोज प्रजापति। अमृत विचार

- विधायक मनोज प्रजापति ने बस्ती के लोगों को दिया आश्वासन
- आश्वासन के बाद इमिलिया थोक बस्ती के लोगों ने ली राहत की सांस

**अमृत विचार।** कस्बे के इमिलिया थोक में वार्ड संख्या 2 के बीच से हाईटेंशन लाइन निकाले जाने की खबर प्रकाशित होते ही सदर विधायक ने इमिलिया पहुंचकर लोगों को बस्ती के मध्य से लाइन न निकाले जाने के लिए आश्वस्त किया है। विधायक ने कहा कि वह विद्युत विभाग के आला अफसरों से वार्ता करके समस्या का समाधान कराएंगे। इससे लोगों ने राहत महसूस की है।

बुधवार को इमिलिया थोक के वार्ड संख्या 2 में बस्ती के मध्य से हाईटेंशन लाइन निकाले जाने पर महिलाओं ने जमकर हंगामा काटा था। एसडीओ विद्युत एमपी सिंह के ऊपर अभद्रता करने का भी आरोप लगाया था। इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। खबर के प्रकाशित होने के बाद गुरुवार को सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति ने इमिलिया थोक पहुंचकर लोगों की समस्या सुनी और लोगों को आश्वस्त किया है कि बस्ती के मध्य से हाई टेंशन लाइन किसी भी दशा में नहीं बनाई जाएगी।

इसके लिए वह विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से वार्ता करके समस्या का समाधान कराएंगे। विधायक के आश्वासन पर लोगों ने राहत की सांस ली है।

## सार-संक्षेप

### मां ने मोबाइल नहीं दिलाया तो बेटी ने फंदा लगा दी जान

**राठ।** मोबाइल खरीदने के लिए रुपये न देने से आहत एक युवती ने फांसी लगा ली। परिजनों ने जब उसे देखा तो इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जलालपुर थाने के ममना गांव निवासी अनीता (19) ने अपनी मां से मोबाइल खरीदने के लिए रुपये मांगे थे। बताया जाता है कि मां ने जब रुपये नहीं दिए तो आक्रोशित होकर फांसी लगा ली। परिजनों ने बताया कि अनीता के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। बताया कि अनीता अपनी मां संपतरानी से मोबाइल दिलाने की जिद कर रही थी। इसके बाद मां बेटी में विवाद हो गया। बताया कि एक महीने बाद अनीता की शादी महोबा जनपद के पनवाड़ी निवासी पुष्पेंद्र नाम के युवक के साथ होनी थी। युवती की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।



महाविद्यालय परिसर में सफाई करतीं एनएसएस की छात्राएं। अमृत विचार

### छात्राओं ने झाड़ू लगाकर दिया सफाई का संदेश

**हमीरपुर।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर की साफ–सफाई की गयी। स्वच्छता सेवा पाक्षिक कार्यक्रम के तीसरे दिन ऊँ हरिहर महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम व द्वितीय इकाइयों के स्वयंसेवक छात्र–छात्राओं ने महाविद्यालय के मुख्य मार्ग तथा परिसर के विभिन्न भागों में झाड़ू लगाकर साफ–सफाई की। कार्यक्रम अधिकारी डा .रक्षादीन कर्णधार द्वारा स्वयंसेवकों से कहा कि यदि हम स्वयं एवं आसपास के परिसर को स्वच्छ रखेंगे तो उससे बीमारियों का खतरा कम हो जाएगा। इसलिए हमें स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ .सरिता दुबे ने कहा स्वच्छता कार्यक्रम का प्रभाव सीधे हमारी कार्य क्षमता पर पड़ता है। जहां स्वच्छता होती है वहां सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। कार्यक्रम में प्रवक्ता अमित नामदेव, अवधेश कुमार, मनोज कुमार, अजय कुमार, डॉ .राशिदा, नीतू, प्रियंका, सूरज सिंह, त्रिभुवन देव, अनुज सिंह, अजीत सिंह, नईम बक्श आदि उपस्थित रहे।

# रक्तदान करने को दिखा उत्साह

संवाददाता, राठ


रक्तदाता को जूस पिलातीं जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत। अमृत विचार

- शिविर में युवाओं ने उत्साह से बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखबाड़ा को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा युवा मोर्चा ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी के नेतत्व मे संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष सुनील पाठक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने फीता काट कर शिविर का शुभारंभ किया।

जिला जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने कहा यदि करनी हो जनसेवा, रक्तदान ही उत्तम सेवा, जिला महामंत्री राजीव आर्य उर्फ रज्जू ने बताया कि सैकड़ों युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने श्री नरेंद्र मोदी जी को अपना प्रेरणास्रोत मानकर रक्तदान किया। रक्तदाताओं मे भाजयुमो पवन शिवहरे,जिला मंत्री भारत राजपूत, संयोजक राजदीप सिंह कहा की रक्तदान कीजिये, मानवता के हित में काम कीजिए, इंजी.बालेन्द्र द्विवेदी, भाजयुमो जिला महामंत्री राजीव आर्य उर्फ रज्जू, रवि सोनी, जीतेन्द्र साहू, कुलदीप सिंह, संदीप साहू, सूरज साहू आदि ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष भाजपा महेंद्र शुक्ला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ.आराधना राजपूत, सुनील नगायच, मनीष गौतम, युवा मंडल अध्यक्ष मोहित सोनी, गोहांड मंडल अध्यक्ष मनेंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष अजय साहू, जिला मंत्री रोहित गुप्ता, धर्मेंद्र साहू खुल्ले, संदीप राजपूत, राठ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संगीत द्विवेदी, आकाश राजपूत, महिला मोर्चा कर्पूरी गुप्ता, अनीता शुक्ला, उदित नारायण त्रिपाठी, बालमुकुंद बॉबी, नीरज द्विवेदी, सौरभ गुप्ता, ऋतु मिश्रा आदि रहे।

# स्कूली वैन, जेसीबी और एसी बस सीज

संवाददाता, राठ


बिना परमिट चल रही बस का चालान काटते एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय।

**अमृत विचार।** एआरटीओ प्रवर्तन ने अभियान चलाकर डग्गामार वाहनों, ओवरलोड ट्रकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की। इस अभियान के तहत एआरडीओ प्रवर्तन अमिताभ राय ने जखेड़ी गांव से एक जेसीबी मशीन, मुस्करा से एक स्कूल वैन, और कोतवाली के सामने बिना परमिट की एक लग्जरी एसी बस समेत डग्गामार क्रूजर को सीज कर दिया।

एआरटीओ ने 5 ट्रकों से 4 लाख रुपए का जुर्माना भी वसूला। एआरटीओ की इस कार्रवाई से डग्गामार वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार, बिवांर के आसपास ओवरलोडिंग करने वाले 5 ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें से एक ओवरलोड ट्रक को सीज कर दिया गया और 4 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

एआरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि बस में सवार सभी यात्रियों को परिवहन रोडवेज की बस में शिफ्ट कर दिया गया और उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचने की व्यवस्था की गई है। इस दौरान परिवहन निगम के एआरएम राजेश सिंह और अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।


प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

### 100 किसानों को दिया गया मिलेट्स बीज का प्रशिक्षण

**कुरारा।** कृषि विज्ञान केंद्र में यूपी मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत एफपीओ सदस्यों का मिलेट्स बीज उत्पादन का प्रशिक्षण हुआ, जिसमें 100 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में सहितम फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी कुसमरा कुरारा के 50 सदस्य तथा हमीरदेव फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी मिश्रीपुर कुरारा के 50 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। केवीके अध्यक्ष डॉ .राजीव कुमार ने एफपीओ गठन से होने वाले लाभ एवं उसकी उपयोगिता को विस्तार से बताया, डॉ .शालिनी द्वारा मिलेट्स फसलों जैसे मडुआ, सावा, कोदो, काकून, रागी, चीना, कुटकी की खेती के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं फसलों को सजीव प्रदर्शन भी किया गया। वही फसलों की पैदावारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी हमीरपुर ने बताया कि मिलेट्स फसलों में रोग कीट कम बीमारी बहुत कम लगती है। इसलिए उनकी खेती करने में लाभ है, कार्यक्रम में एनके यादव, एनके पाण्डेय, हरी शंकर भार्गव, मृत्युंजय सिंह, मनीष कुमार, इन्द्रेशु, घनश्याम वर्मा आदि मौजूद रहे।

दूर होगी दिक्कत — पॉवर कारपोरेशन के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में मीटर लगाकर की गई शुरुआत, सभी विभागों में लगाए जाएंगे

# बिजली का स्मार्ट मीटर अनेक समस्याओं का हल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


पहला प्रीपेड मीटर लगाकर शुरुआत करते एसी जीएस यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पावर कारपोरेशन के अधीक्षण अभियंता कार्यालय से स्मार्ट मीटर लगाकर शुभारंभ किया गया। कंपनी के अधिकारियों ने शहर के पावर सबस्टेशन में स्मार्ट मीटर लगाकर परीक्षण किया। बताया यह मीटर सभी विभागों में लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं के घरों में लगाए जाने का प्राविधान है। इस मीटर से बिजली चोरी व बकायेदारी रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

गुरुवार को अधीक्षण अभियंता जीएस यादव ने बताया कि यह स्मार्ट मीटर अनेक समस्याओं का हल उपभोक्ता सेवा को मिलेगा। स्मार्ट प्रीपेड मीटर का लाभ गलत बिजली बिल व हर माह रीडिंग करने से छुटकारा मिलेगा। बिजली बिल पर लगने वाले ब्याज या लेट फीस से छुटकारा मिलेगा। किरायेदार और मकान मालिक के बीच बिल को लेकर विवाद की स्थिति से निजात मिलेगी। उपभोक्ता को भारी बकाया होने जैसी समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। घर बैठे मीटर को रिचार्ज करने की सुविधा भी दी गई है। बिजली दर पर 2 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। बजट के अनुसार उपभोक्ता बिजली खर्च पर स्वयं नियंत्रण कर सकेंगे। भविष्य में सोलर पैनल और ईवी चार्जिंग करने पर मीटर बदलने की जरूरत नहीं होगी। विद्युत फाल्ट व सप्लाई बाधित होने की तुरंत जानकारी मिल सकेंगी। स्मार्ट मीटर के डाटा के आधार पर भविष्य में व्यवस्था में सुधार के लिए योजना बनाने में आसानी होगी।

वहीं अधिशासी अभियंता डीएन प्रसाद ने बताया कि पावर कॉर्पोरेशन द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर सभी उपभोक्ताओं के कनेक्शनों पर लगेगा। वर्तमान कनेक्शनों पर नया मीटर लगाने और पुराने मीटर का काम निःशुल्क किया जाएगा।

सभी नए स्मार्ट मीटर घर के बाहर ही लगाए जाएंगे। सभी उपभोक्ता इस कार्य में सहयोग करें। स्मार्ट मीटर के लिए यदि कोई धन मांगता है तो 1912 पर शिकायत करें। इस मौके पर अधिशासी अभियंता मीटर राकेश कुमार, एई मीटर सिद्दीकी अहमद, एसडीओ हरीशचंद्र, जेई सतेंद्र कुमार, सीए पवन कुमार, कंपनी के सीआई अजहर, डीआई सजेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भीषण जलभराव पर किया प्रदर्शन

**राठ।** जर्जर सड़कों और जलभराव की समस्या को लेकर कस्बे के पठानपुरा के लोगों ने नगर पालिका प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए हंगामा काटा। लोगों का कहना है कि जलभराव होने से पूरी सड़क कीचड़ से बजबजा रही है।

मोहल्ले के धीरेंद्र गौतम, राजू, दिनेश, प्रेमनारायण पूर्व अध्यापक, मीरा, नेहा, चंदा, सुनीता, संगीता, शबनम, अवधेश कुमारी, धर्मवीर, मोहित, जगमोहन आदि ने बताया कि मोहल्ले की सड़कें कई वर्षों से जर्जर हैं। गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जलनिकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण पूरे मोहल्ले में जलभराव हो रहा है। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी का कहना है कि समस्या का जल्द ही निस्तारण कराया जाएगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1162/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2024–25/ दिनांक 12.09.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अखिल कुमार राजपूत पुत्र श्रीराम राजपूत | श्री रूपनारायण पुत्र छविलाल | सिकन्दरपुरा–2 | 04 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

## एक नजर

### चिकित्सक पर लगाया लापरवाही का आरोप

मानिकपुर (चित्रकूट)। बगदरी निवासी रामसुशील ने थाने में तहरीर देकर पशु चिकित्सालय के चिकित्सक पर भैंस के इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। उसने बताया है कि उसकी भैंस की तबीयत खराब होने पर उसने चिकित्सक को फोन किया तो उसने स्वयं न आकर दो लोगों को भेज दिया। इससे उसकी भैंस की मौत हो गई। उसका आरोप है कि इन लोगों को इलाज की जानकारी नहीं थी, जिससे भैंस की जान चली गई। उसने रिपोर्ट दर्ज कर चिकित्सक पर कार्रवाई की गुहार की है।

### बांध के गेट खोले जाएंगे प्रधानों को भेजे पत्र

रामनगर (चित्रकूट)। सिंचाई निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता ने प्रधानों को पत्र भेजकर गुंता बांध के गेट खोले जाने की जानकारी दी है। एक्सईएन ने बताया है कि लगातार वर्षा से जलाशयों के जलस्तर में भारी वृद्धि हो रही है। गुंता बांध की जल संग्रहण क्षमता 122 मीटर के सापेक्ष बीते दिन बांध का जलस्तर 121.15 मीटर पहुंच गया। ऐसे में बांध की सुरक्षा के लिए गेटों का खोला जाना आवश्यक है, जिससे गुंता नदी में पानी बढ़ सकता है। उन्होंने रैपुरा, सिंहपुर, घुरेहटा, छीबों, पियरिया माफी, अतरसुई, बरुआ के ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया है कि इस संबंध में सुरक्षा के मद्देनजर गांव-मजरों में इसकी जानकारी दें।

# पुलों की गुणवत्ता की जांच के लिए गठित करें समिति

## जिलाधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर से कहा कि जो पुल बन चुके हैं, उनकी गुणवत्ता की जांच के लिए समिति का गठन किया जाए। डीएम ने शुक्रवार को 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा की और काम की प्रगति से असंतुष्टि जताई।

डीएम ने सीमा पर टू/फोर लेन मार्ग पर गेट एवं प्रकाश, राजकीय महाविद्यालय पाही, उद्यमिता प्रशिक्षण केंद्र, पर्यटन सुविधा केंद्र, पर्यटन विभाग के कार्य, सूचना संकुल भवन, डिफरेंस कॉरिडोर, जल जीवन मिशन आदि की समीक्षा की। कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिनमें प्रगति कम है, मानवशक्ति बढ़ाएं। शासन की मंशानुरूप समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण काम कराएं और जो काम पूरे हो चुके हैं, संबंधित विभागों को हैंडओवर कराएं। उन्होंने यूपीपीसीएल के सहायक अभियंता को रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर पर्यटन विभाग के कामों में तेजी लाने और क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव को इनका निरीक्षण कर अमावस्या मेले से पहले पूरे कराने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, सीएमएस डा. वंदना श्रीवास्तव, सीवीओ डा. सुभाष चंद्र, पीडी डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव आदि अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन।

### भूमि संबंधी मामलों की बनाएं सूची

डीएम ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजदीप वर्मा से कहा कि भूमि संबंधी मामलों की तहसीलवार सूची बनाकर उप जिलाधिकारियों से निस्तारण कराया जाए। परियोजना प्रबंधक सेतु निगम को निर्देश दिए कि जिन पुलों में अप्रोच रोड पूरी नहीं है, बनवाएं।

## जेल में बिताई गई अवधि और अर्थदंड से किया दंडित

चित्रकूट। एफटीसी कोर्ट ने दो लोगों को अपराध स्वीकार के आधार पर जेल में बिताई गई अवधि से दंडित किया। प्रत्येक को 35 सौ रुपये का अर्थदंड भी दिया गया। जीआरपी कर्वी में पंजीकृत मामले में राजा उर्फ कटहल पुत्र श्याम और पिंटू केशरवानी पुत्र सीताराम निवासीगण शोभा सिंह का पुरवा को कोर्ट ने सजा दी।

मामले के लोक अभियोजक हरिओम सिंह, पैरोकार कांस्टेबिल सुखविंदर सिंह और कोर्ट मोहर्रिर सरिता देवी रहीं।

### इन पर रोक नहीं...


चित्रकूट। शासन के निर्देश, प्रशासन के आदेश के बाद भी अन्ना मवेशियों का गौशालाओं में संरक्षण नहीं हो रहा। यही वजह है कि हर ओर अन्ना मवेशी विचरण करते नजर आ जाते हैं। आयेदिन इनकी वजह से लोग चुटहिल होते हैं। मुख्यालय में बेड़ी पुलिया, रामघाट, बस स्टैंड, ट्रैफिक चौराहा, एलआईसी तिराहा, पासी तिराहा, सोनेपुर, शंकर बाजार, बनकट, खोह आदि हर जगह ये मवेशी नजर आते हैं। कई बार ये खुद भी घायल हो जाते हैं। यह ताजा तस्वीर राष्ट्रीय राजमार्ग की है, जहां अन्ना मवेशियों ने लोगों को आनेजाने में अच्छी खासी परेशानी खड़ी की।

## पहिया निकालने की कोशिश में तालाब में डूबा 7 वर्षीय बालक, चली गई जान

पहाड़ी (चित्रकूट)। सात वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। थानांतर्गत देवल गांव निवासी उमेश कुमार का पुत्र लवदीप कुमार, जो प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था, बुधवार शाम घर के पास स्थित कपूरी तालाब के पास अन्य बच्चों के साथ साइकिल के पहिये से खेल रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान पहिया तालाब में चला गया। इसे निकालने के लिए लवदीप तालाब में घुस गया और गहराई में चला गया। बच्चों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन तालाब से उसे निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के दादा इंद्रजीत ने बताया कि वह आठ भाई बहनों में सबसे बड़ा था।

## सार-संक्षेप


ढहे घर के सामने खड़ी महिला। अमृत विचार

### बारिश से जमींदोज हो गए कच्चे घर

मऊ (चित्रकूट)। मंगलवार की लगातार बारिश ने क्षेत्र के कई कच्चे घरों को जमींदोज कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मऊ क्षेत्र की बंबुरा ग्राम पंचायत में रुक्मिनिया पत्नी जालंधर, किरण देवी पत्नी मुन्नीलाल एवं उमेश पुत्र मोहनलाल एवं ग्राम पंचायत कोपा में रामप्रकाश पुत्र नरपत प्रसाद के कच्चे घर ढह गए। भुक्तभोगियों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। लेखपाल संगम लाल ने बताया कि मौका मुआयना कर रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी गई है।


बरेली जाने को तैयार खिलाड़ी। अमृत विचार

### बास्केटबॉल और हैंडबॉल की टीमें बरेली रवाना

चित्रकूट। क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में बरेली में 20 से 22 सितंबर तक महिला हैंडबाल व बास्केटबाल प्रतियोगिता होगी। इसमें प्रदेश के 18 मंडलों की टीमें भाग लेंगी। गुरुवार को चित्रकूटधाम मंडल की टीमें शैलेंद्र कुमार एवं अख्तर हुसैन टीम मैनेजर के साथ बरेली के लिए रवाना हुईं। हैंडबाल टीम में नैना, अंशिका, रोशनी, श्वेता, दुर्गा, अंशिका, अर्पिता, मनीषा, मोनिका, तनु, वैभवी और अनुषा तथा बास्केटबाल टीम में गरिमा, स्नेहा, सीता, साधना, बबली, जानकी देवी, कशिश चौरसिया और रोशनी शामिल हैं। खेल अनुदेशक श्यामसुंदर यादव, श्रीकृष्ण, एथलेटिक्स कोच अंगद सिंह यादव ने टीमों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### परिक्रमा मार्ग में पानी की टंकियों की बढ़ाएं क्षमता

सीतापुर (चित्रकूट)। उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आनंद सिंह पटेल ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर तीर्थक्षेत्र कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में पानी की टंकियों की क्षमता बढ़ाने का अनुरोध किया है। आनंद ने कहा कि भदई और दीपावली अमावस्या में 30 से 40 लाख श्रद्धालु आते हैं। इसके दृष्टिगत इन टंकियों की क्षमता काफी कम है। टंकियों की क्षमता बढ़ाई जाए और अतिरिक्त टंकियां रखी जाएं।

### बोरे के वजन के साथ करता है तौल

मऊ (चित्रकूट)। तहसील अंतर्गत सिद्धपुर गांव निवासी हर्ष प्रजापति ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर गांव के कोटेदार पर घटतौली का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि वह बोरे के वजन के साथ गेहूं तौलता है, जिससे लाभार्थी को लगभग एक किलोग्राम कम अनाज मिल पाता है। इसका विरोध करने पर वह झगड़े पर उतारू हो जाता है। उसने जिलाधिकारी से कार्रवाई की गुहार की है।

### पानी की पाइपलाइन न होने से हो रही परेशानी

जालौन। मोहल्ले में पानी की पुरानी पाइप लाइन के जर्जर होने से पेयजल के लिए दिक्कत होती है। मोहल्लेवासी ने पेयजल समस्या के समाधान के लिए नई पाइप लाइन डलवाने की मांग डीएम से की है। मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने बताया कि वाल्मीकि मंदिर से बाजार तक दशकों पुरानी पाइप लाइन डली हुई है। जो समय के साथ जर्जर हो चुकी है। ऐसे में घरों में पेयजल के लिए काफी कम पानी मिल रहा है। वर्तमान में नगर में नई पाइप लाइन डाली जा रही है।


जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे मुहल्लेवासी। अमृत विचार

## नल से नहीं मिल रहा जल, आ रहा बिल

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● दीनदयाल नगर के लोगों ने जिलाधिकारी को बताई समस्या

अमृत विचार। मुख्यालय के पंडित दीनदयालनगर की समस्याओं के निराकरण न होने से परेशान मुहल्लेवासियों ने गुरुवार को जिलाधिकारी से मुलाकात की। डीएम को बताया गया कि जलापूर्ति न मिलने के बाद भी बिल लगातार आ रहा है।

जिलाधिकारी से मिले मुहल्लेवालों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल एडवोकेट विनय कुमार पाल ने बताया कि मुहल्ले में 2017-18 से पाइपलाइन है पर अभी तक सबको पानी नहीं मिला। जबकि बिल लगातार आ रहा है। सभासद ओंकार सिंह ने इस संबंध में जनसुनवाई में प्रार्थनापत्र दिया पर सुनवाई नहीं हुई। बताया कि जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि विधायक निधि से पाठा जलकल द्वारा टंकी का निर्माण कर जलापूर्ति कराई जाएगी। मुहल्ले के लोगों का कहना था कि इसके पहले भी उन लोगों को यह आश्वासन जुलाई में मिल चुका है। देखना है कि इस बार यह आश्वासन धरातल में उतरता है कि नहीं।

# श्रद्धालुओं से ज्यादा रुपये वसूल करते हैं वाहन चालक

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। एसपी अरुण कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जनसमस्याओं की जानकारी ली। साथ ही कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी लिए। इस मौके पर तीर्थक्षेत्र में वाहनचालकों द्वारा श्रद्धालुओं से ज्यादा पैसे लेने का मुद्दा उठा।

जनप्रतिनिधियों ने एसपी को बताया कि तीर्थक्षेत्र में चारों धाम यात्रा के नाम पर टेंपो-जीप चालक श्रद्धालुओं से वाजिब किराए के स्थान पर मनचाहा पैसा लेते हैं और अभद्रता भी करते हैं। इन पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। नेताओं ने बताया कि राणन तालाब एवं रानीपुर भट्ट तालाब अमृत सरोवर बना दिए गए हैं। ऐसे में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन में दिक्कत आएगी। कुछ ने इसके लिए प्रयागराज रोड स्थित खोही तालाब, बेड़ी पुलिया स्थित दुर्गादास तालाब, हनुमान मंदिर के समीप स्थित लोढ़वारा तालाब और बनकट तालाब के नाम भी प्रतिमा विर्सजन के लिए सुझाए। एसपी ने आश्वस्त किया कि वह इस पर ध्यान देकर जल्द निर्णय लेंगे। बैठक में मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक पंकज अग्रवाल, एमएलसी मान सिंह यादव के प्रतिनिधि सरनाम सिंह एवं बाबूलाल तिवारी के प्रतिनिधि विवेक श्रीवास्तव मौजूद रहे।


जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते एसपी अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

## रामनगर में भी बारिश से कच्चे घर ढहे

रामनगर (चित्रकूट)। बीते दिनों हुई लगातार बारिश का असर इलाके के कई गांवों में भी नजर आया। ग्राम पंचायत रगौली में एक दर्जन से अधिक कच्चे घर गिर गए। बताया जाता है कि इनमें कई ऐसे भी गरीब लोग हैं जिन्हें पात्र होने के बाद भी गांवदारी की राजनीति की वजह से आज तक आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया। बारिश से राजेंद्र पुत्र बालकृष्ण गर्ग का घर, जो आधे से अधिक पहले ही गिर गया था, गिर गया। आत्मा मिलन पुत्र वैद्यनाथ, मुनेश पुत्र गया प्रसाद सोनकर, अनुसूचित जाति बस्ती में रामदास पुत्र सहदेव, संतोषिया पत्नी गिल्लू, सुखलाल आदि के कच्चे घर क्षतिग्रस्त हुए। पत्रकार समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने इन गरीब परिवारों को आवास योजना से लाभांवित कराने की प्रशासन से मांग की है।

## दुष्कर्म के आरोपी को 22 वर्ष की सजा

उरई। न्यायालय के पॉक्सो एक्ट कोर्ट में दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 22 वर्ष के कारावास 65 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमरार खेड़ा के निवासी के खिलाफ मई 2022 को 15 वर्षीय किशोरी से रेप का आरोप लगा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया था। साक्ष्य और गवाहों के आधार पर देव उर्फ विश्वनाथ को दोषी पाया गया। न्यायालय पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश मोहम्मद कमर एचजीएस द्वारा आरोपी को 22 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। व 65 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

# स्टेशन परिसर को साफ रखें यात्री, किया जागरूक

चित्रकूट कार्यालय

● रेलवे स्टेशन परिसर में हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार। रेलवे स्टेशन परिसर में गुरुवार को नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, स्टेशन मास्टर राकेश कुमार व अधिशासी अधिकारी लालजी मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष ने यात्रियों से रेलवे परिसर में स्वच्छता बनाए रखने की अपील की और पॉलीथिन के दुष्प्रभाव के बारे में बताया।

ईओ ने बताया कि मंदिरों/घाटों, प्रत्येक वॉर्ड में चिह्नित ब्लैक स्पॉटों की सफाई निरंतर कराई जा रही है। सभी वार्ड एवं नगर वासियों से स्वच्छता में सहयोग करने की अपील की। उधर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने चित्रकूट इंटर कालेज में बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। वाद विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एलडीएम अमित शर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पांडेय, कर्मोत्तम सिंह, सभासद शंकर लाल यादव, शुभम केशरवानी, विनीत पयासी, पवन बद्री, रवि ज्ञानेंद्र, गौरव, शिवकुमार गुप्ता, सतीश, रोहित, महफूज, अमित, आशीष मलिक आदि पालिकाकर्मी और अधिकारी मौजूद रहे।


लोगों को सफाई का महत्व समझाते पालिकाध्यक्ष। अमृत विचार

**अनदेखी** — पात्रता के बाद भी आवास योजना का लाभ नहीं

# एक अदद छत के लिए भटक रहा विधवा का परिवार

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। सरकारी नुमाइंदों के काम करने का तरीका अपना होता है। कई बार जानकारी होती है कि अपात्रों को योजनाओं का लाभ मिल गया तो कई बार पात्र भी योजनाओं के लाभ के लिए ठोकर खाते नजर आते हैं। ऐसा ही मामला कस्बे के वार्ड नंबर 15 तुलसीनगर का है, जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ के लिए गरीब विधवा लंबे समय से इंतजार कर रही है और तीन दिन पहले बारिश से कच्चा घर भी धराशायी हो गया। इस संबंध में उसने सदर लेखपाल को बताया भी पर कोई फायदा नहीं हुआ।

मुहल्ला निवासी गीता देवी पत्नी स्व. राजेंद्र रैकवार ने बताया कि वह और उसका परिवार इसी कच्चे घर में लंबे समय से रह रहा है। मंगलवार की तेज बारिश में यह भी गिर गया और अब उसके सामने सिर छिपाने की छत नहीं है। बताया कि 2016 से लगातार प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए कार्यालयों के चक्कर काट रही है। पात्र होने के बाद भी आवास नहीं मिला है। 13 वर्ष पहले पति की बीमारी से मौत हो गई। दो पुत्र रोशन व जित्तू, मेहनत मजदूरी करके परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं।


बारिश में ढह गया कच्चा घर। अमृत विचार

### एसडीएम ने दिया आश्वासन


एसडीएम प्रमोद झा ने कहा कि उनको मामले की जानकारी हुई है। वह कर्मचारियों से इस संबंध में जानकारी लेंगे और नियमानुसार इनको लाभ दिया जाएगा।


टूटे घर को दिखाती महिला। अमृत विचार

### औपचारिकताएं पूरी, नहीं मिला घर

वहीं पड़ोसी सुंता रैकवार ने बताया कि वह भी प्रधानमंत्री आवास के लिए कई विभागों के चक्कर लगा चुकी है। सभी औपचारिकताएं भी पूरी कीं पर हमेशा निराशा और आश्वासन ही मिला है। तीन पुत्र सोनू, रवि, अतुल तथा दो पुत्रियां मोनी, सलोनी हैं, जिनका किसी प्रकार भरण पोषण करती है।

### सभासद बोले, सर्वे के बाद भी लाभ नहीं

वार्ड नंबर 15 के सभासद शंकरदयाल जायसवाल ने भी बताया कि ये परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता श्रेणी में आते हैं। कई बार सर्वे भी किया जा चुका है लेकिन अभी तक इन्हें कोई लाभ नहीं मिला।

# स्वास्थ्य की आधारशिला है स्वच्छता तहसील परिसर को किया साफ

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। तहसील परिसर में प्रधानमंत्री स्वच्छता मिशन के अंतर्गत सामाजिक संगठनों एवं तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने गुरुवार को सफाई अभियान चलाया। इस दौरान परिसर में पौधे भी लगाए गए। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने सफाई को मानव के स्वास्थ्य की आधारशिला बताया।

गुरुवार सुबह एसडीएम के साथ अन्य लोगों ने तहसील परिसर में सफाई की मुहिम चलाई। एसडीएम ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए सफाई अत्यंत आवश्यक है। पौधरोपण से वातावरण शुद्ध व प्रदूषण समाप्त होता है। सबको साफ सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य का एक आधार है। बताया कि प्रत्येक रविवार को नगर पंचायत की दलित बस्तियों व ग्रामीण क्षेत्रों में सफ़ाई महाभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर सुभाष चंद्र अग्रवाल, सतीश मिश्र, जुगराज केशरवानी, सुनील मिश्रा, सत्यप्रकाश पांडेय, अशोक सोनकर, सुनील सिंह, मो. अनवार, विद्यासागर, दिनेश, प्रदीप तिवारी, मान सिंह, सफाईकर्मी, संग्रह अमीन व लेखपाल मौजूद रहे। इसके बाद तहसील परिसर में 21 फलदार एवं छायादार पौधों को रोपा गया।

● तहसील परिसर में की गई साफसफाई


परिसर की साफ-सफाई करते एसडीएम प्रमोद झा व अन्य। अमृत विचार

# श्रमिक की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

## परिजनों ने हत्या का आरोप लगा कोतवाली चरखारी में दिया शिकायती पत्र

कार्यालय संवाददाता महोबा

● चरखारी के ग्राम सालट में दाल मिल की घटना

**अमृत विचार।** कोतवाली चरखारी के ग्राम सालट में एक युवक की दाल मिल में काम करते समय संदिग्ध हालात में मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। मिल में काम करने वाले कर्मचारी भय के चलते भाग गए। इस घटना से मृतक के घर में रोना पीटना मचा हुआ है। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली चरखारी में शिकायती पत्र देकर जांच कराने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

चरखारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालट निवासी पंकज पाल (28) पुत्र करन सिंह पाल गांव में बल्लू



पुरवार की दाल मिल में काम करता था। बुधवार को भी वह समय से दाल मिल में काम करने के लिए गया। बताया जाता है कि शाम के वक्त मशीन के फाल्ट से वह करंट की चपेट में आ गया और वह जमीन पर गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से अन्य कर्मचारी भय के चलते इधर उधर भाग गए। मजदूर की करंट लगने की मौत की जब परिजनों को सूचना मिली तो परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और जिला अस्पताल ले गए।

परिजनों द्वारा घटना स्थल से युवक को उठाकर जिला अस्पताल ले जाने के लिए काफी समय लग गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक की करंट लगाकर हत्या की गई है। यदि उसे करंट लगा था तो कर्मचारी व अन्य लोगों को उसे लेकर अस्पताल जाना चाहिए था, लेकिन किसी ने उसे उठाने तक की जहमत नहीं उठाई और न ही अस्पताल ले गए। परिजनों ने घटना की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# 50 साल पुरानी सड़कों पर दौड़ रहे वाहन, लगता है जाम

कार्यालय संवाददाता महोबा

● वाहनों की संख्या बढ़ी, लेकिन सड़कों की नहीं बढ़ाई गई चौड़ाई हो रही समस्या

**अमृत विचार।** जिले में जहां एक तरफ वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ सड़कों पर चौड़ीकरण न होने और नई सड़कों का निर्माण न कराए जाने से वर्षों पुरानी चंद सड़कों पर भी अब पचास गुना वाहन बढ़ गए हैं, जिससे संकरी सड़कों पर सारा दिन वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। इससे शहर के हर मार्ग पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। यहां तक कि अब वाहन पर चलना तो दूर पैदल निकलना मुश्किल हो जाता है। स्थिति यह है कि वाहनों की अधिक संख्या बढ़ने के कारण जाम में अक्सर एम्बुलेंस तक फंस जाती है।

शहर के मुहल्ला बड़ीहाट निवासी 75 वर्षीय रामेश्वर, मकनियापुरा निवासी 70 वर्षीय फकुरुद्दीन अली ने बताया कि आल्हा चौक से डिग्री कालेज रोड,



सड़क पर खड़े वाहन। अमृत विचार

आजाद चौक से छतरपुर रोड, डीएम बंगला से पुलिस चौकी रोड और सुभाष चौक से बजरिया तक तहसील चौराहा से पीडब्ल्यूडी तिराहा तक जब सड़कों का निर्माण हुआ था उस समय शहर में बमुश्किल एक दर्जन चार पहिया वाहन और आधा सैकड़ा से कम दो पहिया वाहन हुआ करते थे, जो उक्त सड़कों पर आराम से चलते थे। इतना ही नहीं इन पर काफी सन्नाटा भी रहता था।

शाम से ही लोग घरों में कैद हो जाते थे, लेकिन बदलते वक्त के साथ बहुत कुछ बदल गया है। अब मौजूदा समय में उन्हीं पचास साल पुरानी सड़कों पर बीस हजार से ज्यादा दो पहिया वाहन और दस हजार से ज्यादा चार पहिया और तीन पहिया वाहन दौड़ रहे हैं। इसके अलावा हजारों की संख्या में ट्रैक्टरों और बड़े वाहनों की भागदौड़ मची रहती है। पचास साल में वाहनों की संख्या तो 70 गुना से अधिक बढ़ गई है, लेकिन सड़कों की संख्या डेढ़ गुना भी नहीं बढ़ी। जिससे शहर की हर सड़क वाहनों से भरी नजर आती है। कभी ईरिक्शा और चार पहिया वाहन चलने से जाम की स्थिति पैदा हो जाती है तो कभी टेंपो और दो पहिया वाहनों के सड़कों पर दौड़ने से आवागमन प्रभावित होता है, जिसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ता है।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी दयाशंकर का कहना है कि वाहनों की संख्या काफी बढ़ी है फिर भी समय-समय पर चेकिंग की जाती है जिससे कुछ समय के लिए सड़कों पर वाहनों की संख्या कम हो जाती है और लोगों को राहत मिलती है।

# प्रदर्शनी के जरिए प्रधानमंत्री के कार्यों को दर्शाया

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में गुरुवार को सेवा पखवाड़ा के तहत वीरभूमि राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से जुड़ी सेवा कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई।

प्रदर्शनी का उद्घाटन एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने फीता काटकर किया। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के अलावा तमाम छात्र छात्राएं व समाजसेवियों ने प्रदर्शनी में रखे फ्रेमनुमा पोस्टर को देखा और उसमें लिखी गई खूबसूरत लाइनों को पढ़कर मोदी जी के जीवन का एहसास किया साथ ही भाजपाई द्वारा मोदी जी द्वारा लोगों के हित पर किए कार्यों पर भी जानकारी दी गई। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी जनपद महोबा द्वारा वीर भूमि डिग्री



प्रदर्शनी में चित्र देखते अतिथि।



रक्तदान शिविर में मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

कॉलेज में प्रदर्शनी दौरान विधान परिषद सदस्य ने कहा कि कि पीएम मोदी के जीवन का पूरा चित्रण और उनके द्वारा समाज और देश के लिए समर्पित होकर जिस तरीके से काम किया है, इस प्रदर्शनी के माध्यम से सारी बातों को दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति सदियों में जन्म लेते हैं, जिन्होंने हर पल राष्ट्र के लिए और इस देश के विकास के लिए लगाया है। पीएम मोदी का 2047 का भारत विकसित का जो उनका संकल्प है, निश्चित रूप पूरा होगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने कहा कि पीएम युवा, महिला, किसान और मजदूर को ध्यान में रखकर काम करते हैं। कहा कि नरेन्द्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता है, उनके कहे हुए प्रत्येक शब्द को पूरा विश्व गम्भीरता से लेता है। दस साल के कार्यकाल में विश्व के 15 देशों ने अपने देश के सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया है। मोदी जी ने कश्मीर सहित सम्पूर्ण देश से आतंकवाद को खत्मकर, शांति स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है जो अलगाव वादी कश्मीर में चुनाव का बहिष्कार कर कहते थे आज वही लोग भारतीय संविधान के तहत स्वयं चुनाव लड़ रहे है। जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया, जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने 10 यूनिट किया रक्तदान

■ **महोबा।** सेवा पखवाड़ा के तहत जिला अस्पताल में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी के नेतृत्व में रक्तदान कैंप आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन विधान परिषद सदस्य आदरणीय जितेंद्र सिंह सेंगर ने किया। रक्तदान शिविर में युवा मोर्चा द्वारा 10 यूनिट रक्तदान किया साथ ही 50 यूनिट रक्तदान के लिए सूची दी गई जिसमें जिला उपाध्यक्ष राम त्रिपाठी जी, संगम द्विवेदी, अनुपम शुक्ला अन्य युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हैं। इस मौके पर जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे ने कहा कि रक्तदान शिविर में भाजपा कार्यकर्ता बढचढ कर रक्तदान कर रहे हैं और देश को नई दिशा देने के लिए हम पीएम का आभार जताते हैं। रक्तदान करने वाले लोगों का सर्वप्रथम फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

# विषम परिस्थिति में धैर्य और विवेक से काम लेने पर भाग जाती है विपत्ति

संवाददाता जैतपुर महोबा

**अमृत विचार।** जैतपुर में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन भगवताचार्य पं. प्रीतम कृष्ण शास्त्री ने कहा कि व्यक्ति का जीवन संघर्ष मय है। सुख-दुख आते हैं, लेकिन व्यक्ति विषम परिस्थिति में धैर्य व विवेक से कार्य लेता है तो विपत्ति दूर भाग जाती है। शास्त्री सिद्धगोल रिछारिया गुरुवार को इंटर कालेज में ध्रुव चरित्र की कथा का रसपान करा रहे थे।

शास्त्री ने कहा कि राजा उत्तानपाद की दो रानियां सुनीति व सुरुचि थीं। सुनीति के ध्रुव थे। ध्रुव अपने पिता की गोद में बैठे तो सुरुचि ने अपमानित कर भगा दिया। ध्रुव ने अपनी मां सुनीति से अपमान की बात बताई। सुंदर नीति वाली



कथावाचक पं. प्रीतम कृष्ण शास्त्री।

मां सुनीति ने ध्रुव को आध्यात्म से जोड़कर ईश्वर की भक्ति में लगा दिया और वह ईश्वर की आराधना करने लगा। ध्रुव ने आज संपूर्ण जग में अटल भक्ति के कारण अटल पद पाया तथा हर जगह उनका यशगान हो रहा है। राजा मनु की कथा का श्रवण कराते समय बताया कि मनु की तीन बेटियां आकूति, प्रसूति, देवहुति थी। सबसे छोटी बेटी का विवाह कर्दब कृषि से हुआ था, जिससे कपिल प्रभु का अवतार हुआ। कथावाचक ने श्रीमद सती कथा का बखान करते हुए कहा कि जब दक्ष प्रजापति ने अपनी पुत्री सती का अपमान किया और प्रभु शिव के प्रति तिरस्कार भाव प्रकट किया तो सती दुखी हुई। उन्होंने योगमाया के द्वारा अपने देह का त्याग किया। सती के देह त्याग के बाद यज्ञ स्थल में खलबली मच गई। जब खबर भगवान भोलेनाथ को मिली तो वे दुखी हुए और क्रोध में आकर वीरभद्र को प्रकट किया। वीरभद्र ने दक्ष प्रजापति का सिर काटकर यज्ञ का विध्वंस किया। प्रभु शिव यज्ञ स्थल पर पहुंचे और सती के वियोग में शोकाकुल हो गए। इस पर प्रभु भोलेनाथ ने उन्हें बकरे का सिर लगाकर जीवित किया इसके बाद यज्ञ पूर्ण हुआ।

# 120 बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता जैतपुर महोबा

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा डा. आशाराम के निर्देशन पर कार्यक्रम प्रबंधक डा. अम्बुज गुप्ता के नेतत्व और सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र जैतपुर के चिकित्साधीक्षक डा. आशीष तिवारी की देखरेख मे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम के तहत स्वास्थ टीम ए ने प्राथमिक विद्यालय हरिजन बस्ती और द्वितीय स्वास्य टीम ने आंगनबाड़ी केंद्र जैतपुर मे बच्चों का स्वास्थ परीक्षण किया। स्वास्थ्य टीमों ने करीब 120 बच्चों का सेहत का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक सलाह प्रदान की गई। इस मौके पर डाक्टरों ने बच्चों में होने वाली बीमारियों और उनसे बचाव की जानकारी भी दी।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम



स्वास्थ्य शिविर में मौजूद बच्चे व स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

के तहत गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की प्रथम टीम ने हरिजन बस्ती के प्राथमिक विद्यालय में कैंप लगाते हुए 60 बच्चों का चेकअप किया। परीक्षण दौरान दिमागी तौर सभी बच्चे सही पाए गए, लेकिन कुछ बच्चों में विटामिन ए, विटामिन डी, दांतों की समस्या होने पर उन्हें दवाएं व सलाह दी गई। वहीं आंगनबाड़ी में भी स्वास्थ्य टीम द्वारा 60 बच्चों का परीक्षण कर स्वास्थ्य सलाह दी गई। चिकित्साधीक्षक जैतपुर डा. आशीष तिवारी द्वारा दोनों केंद्रों का निरीक्षण किया और कैंप की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कहा रोज कुछ सावधानियां बरतें जिससे निमोनिया के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।

# पुरस्कार योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तपोषित खादी एवं ग्रामोद्योग इकाईयों के अच्छे एवं उत्कृष्ट उत्पाद विक्री करने वाली इकाइयों के उत्साहवर्धन के लिए उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग पुरस्कार योजना के अंतर्गत उप्र शासन द्वारा चलाई जा रही पुरस्कार योजना के लिए चयन के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि इच्छुक लाभार्थी आवेदन पत्र के साथ 24 सितंबर 2024 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय निकट यमुना ब्रिज वृद्धा आश्रम हमीरपुर में कार्यालय कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते है।

# कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** नगर पालिका चरखारी में अध्यक्ष प्रतिनिधि 'रामपाल उर्फ पप्पू कुशवाहा' द्वारा गुरुवार को सफाई कर्मचारियों सफाई नायकों व वार्ड सभासदों व पालिका स्टाफ को स्वच्छता की शपथ' दिलाई गई। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान का संचालन किया जाएगा।

अध्यक्ष प्रतिनिधि ने सभी सफाई कर्मचारियों से अपील की कि वे अभियान के दौरान निर्धारित ड्रेस में आकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें। उन्होंने



शपथ ग्रहण करते सभासद व कर्मचारी। अमृत विचार

बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्य तीव्रता से किया जाएगा, ताकि नगरवासियों को एक स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने इस अवसर पर सभी कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया और कहा कि नगर की स्वच्छता को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

अभियान के सफल आयोजन के लिए उन्होंने नगरवासियों से भी सहयोग की अपील की इस अवसर में लेखालिपिक अय्यूबखान, राजेन्द्र दिहुलिया, प्रवीण रिछारिया, सभासद मुस्तुफा खान, मोहम्मद सरफराज, शैलेन्द्र तिवारी, हरिहर, सुनील दुवेदी, महेंद्र श्रीवास, सफाई नायक नईम खान, अन्नू यादव, आदित्य बाल्मीकि सहित समस्त स्टाफ व सफाई कर्मचारी रहे मौजूद।

# किसान पंचायत में सामने आईं किसानों की समस्याएं

**हमीरपुर।** भाकियू (भानु) गुट के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट स्थित गोल चबूतरे में गुरुवार को मासिक किसान पंचायत की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से संबोधित छह सूत्रीय मांग पत्र अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन (भानु) गुट के जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह की अध्यक्षता में यूनियन के कार्यकर्त्ता गोल चबूतरे में एकत्र हो मासिक किसान पंचायत की। इसके बाद उन्होंने दिए ज्ञापन में कहा कि शासन के सख्त निर्देश के बाद भी किसानों को अन्ना गोवंश की समस्याओं से निजात नहीं मिल पा रही है।

**पर्यूषण पर्व** जिनवाणी पालकी की निकाली शोभायात्रा, बड़ी संख्या में शामिल हुए भक्त

# शोभायात्रा में थिरके श्रद्धालु, जगह-जगह हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर की सब्जीमंडी स्थित जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व पर 10 सितम्बर से चल रहे धार्मिक कार्यक्रमों का क्षमा वाणी जिनवाणी पालकी शोभायात्रा के साथ समापन हो गया। गुरुवार को जैन समाज के लोगों द्वारा जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः जैन मंदिर में समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान डीजे और बैंडबाजों की धुन पर श्रद्धालु भक्ति में सरावोर होकर नृत्य करते दिखे । शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत कर जिनवाणी की आरती की गई।

पूर्यषण पर्व को लेकर जैन मंदिर में दस दिनों तक उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, संयम, तप आदि धर्म की प्रवचनकर्ता द्वारा आरधना की गई, जिसे सुनकर जैन समाज के लोगों ने सभी धर्मों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लिया। धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से दस दिन तक भक्त मंदिर प्रांगण में आकर प्रवचन का



शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।



शोभायात्रा के दौरान डांडिया खेलतीं युवतियां। अमृत विचार

रसपान करते रहे साथ ही भक्तों द्वारा भजन कीर्तन सहित तमाम कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। पूर्यषण पर्व के समापन अवसर पर सब्जी मंडी स्थित दिगम्बर जैन चैतयामय से क्षमावाणी जिनवाणी पालकी की शोभायात्रा निकाली गई, जो ऊदल चौक, आल्हा चौक, तहसील चौराहा, सर्राफा बाजार होते हुए पुनः मंदिर परिसर में समाप्त हुई। शोभायात्रा में भक्तगण पालकी को कंधें में लेकर चल रहे थे।

शहर के समाजसेवियों, दुकानदारों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। साथ ही शोभायात्रा में शामिल लोगों को चाय, पानी आदि का वितरण भी किया। डीजे और ढोल की धुनों पर नवयुवक, महिला पुरुष थिरकते चल रहे थे। शोभायात्रा में युवतियों और महिलाओं द्वारा डंडियां नृत्य किया गया। जगह जगह जिनवाणी की आरती भक्तों द्वारा की गई और सभी एक दूसरे से क्षमा मांगते चल रहे थे। भक्तों द्वारा शोभायात्रा में क्षमा वाणी पर्व की सार्थकता पर भी प्रकाश डाला गया। इस मौके पर मुन्ना जैन, देवेंद्र कुमार, सुनील, राजेश, शैलेश, अनलि जैन, प्रदीप जैन, रितिक, सुकश, रागिनी, संध्या, रंजना, मोना एवं सभी समाज के लोग और समाजसेवी आदि मौजूद रहे।

**क्षमा आत्मा का स्वभव है : जैन**

पर्यूषण पर्व के आखिरी दि शोभा यात्रा के बाद सब्जी मंडी स्थित जैन चैत्यालय मंन क्षमावाणी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुन्ना जैन ने कहा कि क्षमा आत्मा का स्वभव है, क्षमा स्वभारी आत्मा के आश्रय में जो क्रोध के अभावरुप शांति स्वरुप पर्याय प्रकट होती उसे भी क्षमा कहा जाता है। उन्होंने कहा कि क्रोध आत्मा का एक विभाव है और वह क्षमा के अभाव स्वरूप प्रकट हुआ है तो वह संतति की अपेक्षा से अनादि का है, अतः सत्य तो यह है कि क्षमा का अभाव क्रोध है, पर कहा यह जाता है कि क्रोध का अभाव क्षमा है। इसका कारण यह है कि अनादि से यह आत्मा कभी भी क्षमादि स्वभावरूप परिणमित नहीं हुआ, क्रोधदि विकाररूप ही परिणमित हुआ है और जब भी क्षमादि स्वभावरूप परिणमित होता है तो क्रोधदि का अभाव हो जाता है। अतः क्रोधदि के अभावपूर्वक क्षमादिरूप परिणमन देखकर उक्त कथन किया जाता है।

**पितृ पक्ष पर विशेष**

# पितरों के आशीर्वाद से असंभव कार्य भी हो जाते हैं संभव

● भारतीय संस्कृति में पितरों का सम्मान करना नैतिक कर्तव्य

कार्यालय संवाददाता, महोबा



**अमृत विचार।** भारतीय संस्कृति में माता-पिता गुरु व अतिथि को देव तुल्य बताया गया है। कहा गया कि अतिथि देवो भवः। भारतीय संस्कृति में पितरों का सम्मान करना नैतिक कर्तव्य बताया गया है। हमारे देश में भाद्रपद की पूर्णिमा एवं आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की तृतीय पदा से अमावस्या तक का समय पितृ पक्ष कहलाता है। इस पक्ष में पितरों का तर्पण किया जाता है एवं मृतक पूर्वजों का श्राद्ध किया जाता है। गरुण पुराण में श्राद्ध करने का बड़ा महत्व बताया गया है। पितृों के निमित्त श्राद्ध आदि करने से पितृ ऋण से मुक्ति मिलती है।



डा. एलसी अनुरागी।

राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर एलसी अनुरागी ने बताया कि पितरों का पिंडदान करने वाला गृहस्थ दीर्घायु पुत्र, यश, स्वर्ग, पुष्टि, बल, लक्ष्मी, पशु सुध साधन तथा धन धान्य आदि की प्राप्ति करता है। पितरों के आशीर्वाद से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। नारद पुराण में कहा गया है कि जब श्रीराम ने पितृ तीर्थ गया जी के रुद्रपद में आकर पिता आदि को पिंड दान करने लगे उसी समय पिता दशरथ स्वर्ग से हाथ फैलाए वहां आ गए। श्रीराम ने उसके हाथ में पिंड नहीं दिया, बल्कि रुद्रपद पर ही उस पिंड को रख दिया। क्योंकि शास्त्र के अनुसार पिंड हाथ पर नहीं रखा जाता है। तब दशरथ ने कहा कि पुत्र तुमने मुझे तार कर दिया। रुद्रपद पर पिंड देने से मुझे रुद्र लोक की प्राप्ति हुई है, तुम चिरकाल तक राज्य का शासन अपनी प्रजा का पालन और दक्षिणा सहित यज्ञों का अनुष्ठान करके अपने विष्णु लोक को जाओगे, तुम्हारे साथ अधोध्या के सभी प्राणी वैकुल धाम जाएंगे।

डा. अनुरागी ने बताया कि वनवास काल के दौरान जब भगवान राम पुष्कर तीर्थ पहुंचे उन्होंने वहां पिता दशरथ का श्राद्ध किया। जब श्रीराम विष्णु को भोजन परोसने लगे तो सीता जी वहां से एक पेड़ की लता के पास आकर छिप गई, तब भगवान राम ने अकेले ही ऋषियों और ब्राम्हणों का श्राद्ध का भोजन कराया और उन्हें हर प्रकार से संतुष्ट किया। विष्णु के चले जाने पर सीता जी वहां आ गई तब राम ने पूछा तुम सीते कहा गई थी। तब सीता ने बताया कि श्राद्ध के दौरान मेने पिता दशरथ को देखा। मैं वल्कल देश में थी, इसलिए लज्जा के कारण लता की ओट में छिप गई। प्रोफेसर ने कहा कि पूर्वजों व माता पिता का सम्मान करें उनकी सेवा करें, सेवा में ही चारो धाम हैं।

# जुआ खिलवाने में थानाध्यक्ष, 2 सिपाही निलंबित

## एसओजी की टीम ने की कार्रवाई, 17 जुआरी गिरफ्तार, 5 लाख रुपये व ताश-पत्ते बरामद

संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसओजी ने रामपुर थाना क्षेत्र में छापा मारकर एक जुआ की फड़ पकड़ी। मामले में पुलिस के संलिप्त होने पर थानाध्यक्ष सहित दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया। एसओजी ने छापेमारी के दौरान 17 जुआरियों को गिरफ्तार कर 5 लाख रुपये व ताश-पत्ते बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से जनपद में हड़कंप मचा हुआ है।

रामपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देश पर बुधवार देर शाम को एसओजी ने कस्बा रामपुरा के मोहल्ला जवाहर नगर में एक खाली मकान में छापेमारी की। इसमें मौके से 17 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मौके से टीम ने पांच लाख रुपये व ताश पत्ते बरामद किए। टीम ने मौके से आरोपित जुआरी देवेंद्र सिंह, लक्ष्मीकांत, मुकेश कुमार, अमित कुमार, राजकुमार, मुहम्मद सलीम, मनीष कुमार, निशांत, विजय सिंह, रवि, रविशंकर, अंकुश, महेंद्र प्रताप, कुलदीप, रामपाल व नीलेश कुमार को गिरफ्तार किया। जिन पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर गुरुवार को जेल भेज दिया। उक्त जुएं का अड्डा कस्बा रामपुरा में ही संचालित हो रहा था और थाना पुलिस ने इससे पहले यहां छापेमारी नहीं की थी। जिसे लेकर एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने रामपुरा थानाध्यक्ष योगेंद्र पटेल के साथ-साथ थाने के स्टाफ से नाराज थे।

इसको लेकर पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच सीओ से कराई। जिसमें प्रथम दृष्टया रामपुरा थाना के थानाध्यक्ष योगेंद्र पटेल के साथ इसी थाने के सिपाही विनय चौहान व मोहित तिवारी को दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया गया है। साथ ही पूरे मामले की जांच सीओ से कराई जा रही है। पुलिस अधीक्षक की कार्रवाई से पुलिस महकमा में हड़कंप मचा हुआ है।



पुलिस गिरफ्त में जुआ खेलने के आरोपी। अमृत विचार

- कस्बा रामपुरा के जवाहर नगर में छापेमारी कर पकड़ा गया जुआ



मरामद हुए रुपये व ताश-पत्ते।

### उरई कोतवाली क्षेत्र में भी लगते हैं जुआ के फड़

**उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र में भी कई जगह जुएं के फड़ लगते हैं। लोगों ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के राजेंद्र नगर चौकी क्षेत्र के मोहल्ला बंबी रोड, पटेल नगर, बजरिया, राजेन्द्र नगर, कोंच बस स्टैण्ड आदि जगह प्रमुख हैं। अगर पुलिस अधीक्षक उरई कोतवाली क्षेत्र में भी रामपुरा जैसे बिना कोतवाली पुलिस की जानकारी से छापेमारी करें तो कई बड़े जुएं के फड़ सामने आएंगे।

### रकम कम दिखाने का आरोप

चर्चा है कि छापेमारी के दौरान जो रकम एसओजी द्वारा दिखाई गई वह काफी कम है जबकि मौके पर अधिक रुपये बरामद किए हैं। इस मामले में एसओजी के कई सिपाहियों पर भी आशंका है कि रुपयों के हेरफेर में वह भी शामिल हो सकते हैं।

"जुआ के फड़ की सूचना पर कार्रवाई की गई थी, इस दौरान रामपुरा थानाध्यक्ष योगेंद्र पटेल व दो सिपाहियों की संलिप्तता पाई गई, जिस पर उन्हें निलंबित किया गया है। वहीं गिरफ्तार 17 आरोपियों को जेल भेजा गया है।

–डॉ. दुर्गेश कुमार, पुलिस अधीक्षक

# ओवरलोड ट्रक को किया गया सीज

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** एसडीएम सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा कालपी तहसील क्षेत्र की सड़कों में चेकिंग अभियान चलाकर एक ओवरलोड ट्रक को सीज कर दिया गया।

बीती शाम को एसडीएम सुशील कुमार सिंह तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे थे। तभी जोल्हूपुर रेलवे क्रासिंग की सड़क में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की टीम ने अवैध खनन तथा ओवरलोड के परिवहन की चेकिंग शुरू की। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरंम लादे एक ट्रक को पकड़ कर सीज करने की कार्रवाई की गई। उपजिलाधिकारी ने पकड़े गये वाहनों को सम्बंधित थाना पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर गल्ला मंडी कालपी के परिसर में खड़ा करा दिया। चेकिंग अभियान की खबर मिलते ही वाहन चालकों में खलबली मच गयी। उपजिलाधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में भी लगातार चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। उल्लेखनीय हो कि बरसात के कारण 30 जून के बाद से नदियों से खनन का कार्य तीन महीनों के लिए बंद कर दिया गया है। कारोबारियों के द्वारा जगह-जगह मौरंग को डंप किया गया है। डंप स्थल से बिना खनिज प्रपत्रों के मौरंग का परिवहन किया जा रहा है।



ट्रक सीज करने की कार्रवाई करते एसडीएम सुशील कुमार सिंह। अमृत विचार

# सर्प के डसने से किशोर की मौत

**उरई।** कस्बा सिरसा कलार में किशोर को सर्प ने काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक का पंचनामा नहीं हो सका।

सिरसा कलार कस्बा निवासी राशिद खान 17 वर्ष पुत्र शमी खान को गुरुवार की सुबह पशुबाड़े में सर्प ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पुत्र की हालत बिगड़ते देख परिजन घबरा गए और उन्होंने उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। जिसने झांसी पहुंचने से पहले ही रास्ते में दमतोड़ दिया।

मृतक के पिता ने बताया कि मस्जिद के पास उसका बाड़ा है, जिसमे वह भैंसो का व्यापार करता है। गुरुवार सुबह छोटा पुत्र राशिद खान भैंसों को भूसा डाल रहा था। तभी अचानक एक सर्प उसके पैरों में लिपट गया, जिसे उसने तुरंत मार दिया। लेकिन तब तक सर्प ने उसे डस लिया था।

बताया कि मृतक दो भाई है। जिसमे यह छोटा था, अभी दोनो में किसी की शादी नहीं हुई है। फिलहाल घटना के बाद से मां व पिता सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# रेलवे के अंडरपासों में पानी भरने से परेशानी

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** सरकारी महकमों के द्वारा उदासीन रवैया अपनाने की वजह से रेलवे के अंडरपासों की स्थिति बहुत ही दयनीय हो गई है, अंडरपास की सड़क में जलभराव तथा कीचड़ होने के कारण लोगों का निकलना मुसीबत भरा हो गया है।

विदित हो कि कालपी रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन को पार करने के लिए अंडरपास बना हुआ है। कालपी नगर के रेलवे लाइन के पास इंडस्ट्रियल एरिया, तहसील कंपाउंड, सिविल कोर्ट, तरीबुलदा मोहल्ला के अलावा गुलौली, रायड़ दिवारा, सुरौली सुरौला, मदरालालपुर आदि ग्रामों के निवासी अंडरपास से होकर निकलते है। रेलवे अंडरपास के दोनों तरफ डामर की सड़क टूटी हुई है, वहीं जल निकासी न होने की वजह से अंडरपास सड़क कीचड़ तथा गंदे पानी से भरी रहती है। नगर पालिका या रेलवे विभाग के कर्मचारी अंडरपास सड़क की सफाई कराने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं।

इसी प्रकार जोल्हूपुर रेलवे क्रासिंग में रेलवे के अंडरपास की हालत बहुत खराब हो गई है। ग्राम पंचायत प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह बताते है कि रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के दौरान नाले को तोड़ दिया गया था, पानी निकासी की व्यवस्था न होने की वजह से अंडरपास पूरी तरह जलमग्न हो गया है। उक्त समस्या को दृष्टिगत रखकर रेलवे प्रशासन से अपेक्षा है कि अंडरपास की सड़कों में जल निकासी की समस्या का निस्तारण करके राहगीरों को चलने योग्य मार्ग दिया जाए।

- कालपी व जोल्हूपुर अंडरपास का मामला

### बरसात में सरकारी खाद्यान्न को करें सुरक्षित

**कालपी (जालौन)।** सरकारी खाद्यान्न को बरसात एवं नमी से बचाव करने के लिए पूर्ति निरीक्षक ने समस्त कोटेदारों को सचेत किया है। ज्ञात हो कि लगातार हो रही मानसूनी वर्षा की वजह से सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों में स्टॉक में रखा गेहूं, चावल आदि सामग्री के भीगने की आशंका बनी रहती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए कालपी तहसील के पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार तथा वरिष्ठ लिपिक शुवेन्द्र कुमार तिवारी ने कोटेदारों को सचेत किया है कि सरकारी खाद्यान्न को सुरक्षित रूप से अपनी-अपनी दुकानों में रखें जिससे पानी से भीग न सकें। सरकारी खाद्यान्न के भीग जाने से खराबियां उत्पन्न हो जाती हैं। इसी तरह पूर्ति विभाग ने श्रम कार्ड धारक पंजीकृत श्रमिकों के पात्र व्यक्ति के कार्ड बनाने के लिए विभाग के द्वारा योजना चलाई जा रही है। ऐसे श्रमिकों को चिह्नित किया जा रहा है, जिसमें पात्रता की श्रेणी में शामिल श्रमिकों को पत्र गृहस्थी के कार्ड बनाकर योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा।

# जमीन विवाद में 3 लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ केस

**कालपी।** जोल्हुपुर मोड़ में स्थित एक ढाबे की जमीन के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। ढाबा संचालक की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। रविन्द्र सिंह भदौरिया पुत्र जयराम सिंह भदौरिया निवासी मोहल्ला आलमपुर ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि उसका ढाबा जोल्हूपुर में स्थित है। 17 सितंबर की सुबह जयकरन सिंह तथा शैलेंद्र सिंह एवं एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा लाठी डंडे लेकर आये तथा उसके ढाबे के सामने गिट्टी डाल दी और ढाबे के गेट में ताला लगा दिया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं मामला दर्ज कर लिया है। विवेचना उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह को सौंपी गई है।

# हाइड्रा की टक्कर से गिरी वृद्धा, चली गई जान

संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के रामकुंड के पास हाइड्रा से कुचलकर वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने हाइड्रा को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी।

शहर के मुहल्ला पटेल नगर करसान रोड निवासी वहीदन पत्नी स्व. नूर मुहम्मद गुरुवार की सुबह वह घर से निकली और झांसी रोड स्थित बैंक में अपनी पेंशन निकालने जा रही थी। जैसे ही वह पैदल जेल रोड के पास ई-रिक्शा पर बैठने के लिए पहुंची। तभी सामने आ रहे हाइड्रा ने उसे टक्कर मार दी। हादसा देखकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने हाइड्रा चालक को पकड़ना चाहा लेकिन वह भाग निकला। इसके बाद मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस व उसके पुत्र वहीद व इस्लाम को दी। मौके पर पहुंचे पुत्रों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। तभी मेडिकल कालेज पहुंचते ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने बताया खबर मिलते ही फोर्स को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने क्रेन हाईड्रा को कब्जे में लेकर फैक्ट्री एरिया चौकी में खड़ा करा दिया है। वृद्ध की मौत के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने जेल रोड पर जाम लगाने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस के तुरंत मौके पर पहुंच जाने के बाद लोग शांत हो गए। फिलहाल शव का पंचनामा किया गया है और चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

### अधेड़ ने पंचनद में लगाई छलांग, लापता

**माधौगढ़।** रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम कंजौसा के पास नदी पर बने पुल से अज्ञात अधेड़ ने छलांग लगा दी, जिससे वह डूबकर लापता हो गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। ग्राम रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम कंजौसा के पास पंचनद संगम पर बने नदी के पुल से गुरुवार सुबह अज्ञात व्यक्ति ने नदी में छलांग लगा दी जिससे वह नदी में डूब कर लापता हो गया। पंचनद संगम पर उपस्थित लोगों ने बताया कि पुल से पानी में कूदने वाले अज्ञात व्यक्ति ने पुल के मध्य में अपने कपड़े उतारे और किसी गुड्डी का नाम लेकर पानी में कूद गया। नदी में अत्यधिक पानी होने से वह डूब कर लापता हो गया। घटना के समय नदी तट एवं पुल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन बाढ़ की वजह से उसका कहीं पता ना चल सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ की पहचान के लिए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि पानी में कूदे अधेड़ के द्वारा पुल पर सफेद छोटी चेक की फुल आस्तीन की शर्ट, काला पैंट, सूती सफेद साफी, ऑटो लेंस पावर का चश्मा, ब्राउन कलर की स्लीपर को पुल पर छोड़ा गया है।

### साइबर ठगी के शिकार हुए लोगों के वापस कराए रुपये

**बांदा।** साइबर क्राइम पुलिस थाना, बबेरु थाना पुलिस की साइबर टीम ने साइबर ठगी के शिकार हुए तीन लोगों के दो लाख 38 हजार 197 रुपये वापस कराये। साइबर क्राइम पुलिस थाना ने साइबर ठगी के शिकार हुए दो व्यक्तियों के कुल दो लाख 22 हजार 497 रुपए की धनराशि वापस कराई। जबकि थाना बबेरु की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने एक व्यक्ति के 15 हजार सात सौ रुपये की धनराशि वापस कराई है। थाना जसपुरा क्षेत्र के रहने वाले अरविन्द कुमार द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि ऑनलाइन मार्केटिंग का झांसा देकर साइबर ठगों द्वारा धोखे से उसके खाते की जानकारी करके साइबर ठगी कर ली गई है। इस सम्बन्ध में साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए पीड़ित के 192498 रुपए की धनराशि वापस कराई गई। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के रहने वाले कुलदीप द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि ऑनलाइन साइट पर सस्ते कपड़ों की खरीददारी के समय भेजे गये अंजान लिंक पर क्लिक करने की वजह से साइबर ठगों द्वारा उसके खाते से 37 हजार छह सौ रुपये की ठगी कर ली गई थी।

### कालपी के 2 स्कूलों में नहीं बना मिड-डे-मील

**कालपी।** नगर के मुहल्ला नई बस्ती स्थित दो परिषदीय विद्यालयों में विगत कई दिनों से मिड डे मील बन्द है। इसकी जानकारी उक्त विद्यालय के छात्र छात्राओं ने दी हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस मामले पर मौन हैं। विदित हो कि शासन ने परिषदीय विद्यालयो में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के लिए मिड डे मील की शुरुआत काफी पहले की थी। जिसमें इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को हर दिन बदलकर पौष्टिक आहार दिया जाता है जिसके चलते इन विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को टिफिन भी नहीं लाना पड़ता है लेकिन निगहबानी के अभाव में यह योजना भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है आलम यह है कि नगर के मुहल्ला नई बस्ती में संचालित कन्या प्राथमिक विद्यालय दमदमा और प्राथमिक विद्यालय रामचबूतरा में कई दिनों से मिड डे मील बन्द है। गुरूवार को इस मामले की पुष्टि विद्यालय के छात्र छात्राओं ने करते हुए कहा कि लगभग 8 दिनों से यहां का चूल्हा ठन्डा पड़ा है इन विद्यालयो में पढ़ने वाले बच्चों को भूखा ही जाना पड़ा है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक खालिद अन्सारी का कहना है कि आज गैस सिलेंडर का रेगुलेटर खराब हो गया था, जिस वजह से मिड डे मील नहीं बना है। कई दिनों से नहीं बना है इसे नकार दिया।

### नौकरी दिलाने के नाम पर सवा लाख रुपये ठगे

**कालपी।** रेलवे विभाग में संविदा पर नौकरी दिलवाने के नाम पर सवा लाख रुपये हड़पने का मामला आया है। नगर के निवासी एक युवक ने नगर के ही निवासी एक युवक के विरुद्ध शिकायती पत्र कोतवाली में दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला उदनपुरा कालपी के निवासी हसनैन पुत्र फैय्याज वेग ने कोतवाली में तहरीर देते हुए अवगत कराया कि कुछ लोगों ने उससे रेलवे विभाग में संविदा में नौकरी लगवाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये लिए थे बाद में 25 हजार लौटा दिए।

# बाढ़ प्रभावित इलाकों का सिटी मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण

संवाददाता कोंच

**अमृत विचार।** मंगलवार रात्रि को हुई मूसलाधार बारिश से नगर के कई क्षेत्रों में बाढ़ का पानी भर गया और सामान्य जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। गुरुवार को सिटी मजिस्ट्रेट अजीत जायसवाल और पालिकाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता सहित उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह, तहसीलदार वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बाढ़ ग्रस्त इलाकों का भ्रमण करते हुए प्रभावित लोगों से बातचीत की। भ्रमण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट व पालिकाध्यक्ष ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि बाढ़ से प्रभावित लोगों की शासन प्रशासन स्तर पर हरसम्भव मदद की जाएगी और अगर स्थानीय स्तर पर किसी को मदद की आवश्यकता पड़ती है तो वह हमारे पालिका सभाषद या पालिका कार्यालय से सम्पर्क कर सहायता ले सकता है। इस दौरान पालिका के अधिशाषी अधिकारी पवन किशोर मौर्य एस आई हरिशंकर निरंजन सभाषद गौरव तिवारी अशोक गुर्जर रविकांत कुशवाहा राहुल वर्मा बादाम सिंह कुशवाहा महेंद्र सोनी लला नरेश वर्मा हिम्मत सिंह यादव अमित उपाध्याय छोटे राजा यादव ओपी कुशवाहा राजा गुप्ता बाबूराम पाल बिकास पटेल नरेंद्र विश्वकर्मा अंकुश सरताज आदि मौजूद थे।

# मारपीट कर युवक को किया घायल

**जालौन।** दो लोगों ने मिलकर युवक के साथ मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी सूरज विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम के चलते चौराहे पर गया था। वहीं शिवकुमार निवासी मदारीपुर व उसके साथी धीरज निवासी उदोतपुरा मिल गए। जहां उन्होंने जबरन उसे रास्ते में रोककर रंगबाजी दिखाते हुए गाली, गलौज शुरू कर दी। रोकने पर लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। आसपास के लोग उसे बचाने के लिए आये तो वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

# कच्चा मकान गिरा, दबकर युवक घायल

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** मकान में बैठे युवक पर कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। मकान के मलबे में दबने से युवक घायल हो गया। घायल का मेडिकल कालेज में उपचार चल रहा है। बरसात के कारण कच्चे घरों में नमी आ गयी है। नमी के चलते कच्चे मकानों का सिलसिला लगातार चल रहा है।

कोतवाली के ग्राम दहगुवां निवासी अजय कुमार पुत्र दयाराम अपने घर में बैठे थे। इसी दौरान उनका कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। मकान के मलवे में दबकर कर घायल हो गये। मलबे में दबे युवक को घर के व आसपास के लोगों ने निकाला तथा घायल अवस्था में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया गया। घायल युवक का मेडिकल कालेज में उपचार चल रहा है।

### आर्थिक सहायता दिलाने की मांग

**जालौन।** पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश के चलते खेतों में पानी भरा। किसानों ने बताया कि बारिश में उनकी फसलें नष्ट होने से आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों ने आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। पिछले दिनों हुई झमाझम बारिश के चलते किसान व आम आदमी कराह उठे हैं। इस महीने में अब तक दो बार झमाझम बारिश हो चुकी है। जिससे आम आदमी तो परेशान हुए ही हैं। वहीं अतिवृष्टि से किसान सबसे अधिक परेशान हैं। किसान श्यामू लौना, विजय कुमार, आनंद सिंह आदि ने बताया कि खरीफ की फसल में किसानों ने खेत में तिल, मूंग, उरद आदि की फसल बोई थी। लेकिन इस माह हुई दो बार की मूसलाधार बारिश ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है। इस बारिश में खेत लबालब भर चुके हैं। जहां खेत ढालू हैं उनमें कुछ उम्मीद बची हुई है कि शायद वहां फसल का कुछ हिस्सा बच जाए। बाकी आधे से अधिक किसानों की फसल खेत भरने से नष्ट हो चुकी हैं। उनमें पैदावार की गुंजाइश नहीं बची है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि नष्ट हुई फसल का सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

**बैठक** जल जीवन मिशन की बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को दिए निर्देश

# पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गईं सड़कों की 30 तक करा दें मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत खटान एवं अम्लीकौर पाइप पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने खटान ग्राम समूह पेयजल योजना की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्था एल. एण्ड टी. के अधिकारियों एवं जल निगम के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिये कि पाइप लाइन बिछाये जाने के कार्य के पश्चात पानी के कनेक्शन जिन गांवो में दिये जाने को सड़कों की खुदाई की गयी है, उन सभी सड़कों को गुणवत्ता व मानक के अनुरूप मरम्मत कर अवशेष कार्यों को प्रत्येक दशा में 30 सितम्बर तक पूर्ण कराया जाए, अन्यथा सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों एवं उप जिलाधिकारियों को जलापूर्ति किये जाने वाले गांवो की पेयजल आपूर्ति किये जाने के चेकिंग करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अधिशाषी अभियंता जलनिगम ग्रामीण सहित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी एवं तकनीकी अभियंता सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक में दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप।

- कार्य में लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ होगी कार्रवाई

# रोपे गए पौधों की सप्ताह भर में करा लें जियो टैगिंग

संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति व जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण किये जाने के बाद उसकी जियो टैगिंग का कार्य एक सप्ताह के अन्दर सम्पन्न कराये जाने के निर्देश बेसिक शिक्षा, श्रम, विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी सम्बन्धित विभाग वृक्षारोपण किये गये वृक्षों की सुरक्षा को विभाग स्तर पर कार्यवाही करें। उन्होंने निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को निर्देश दिये कि 30 सितम्बर तक निरीक्षण कर रिपोर्ट दें। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को भी जियो टैगिंग का कार्य कराये जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने प्रतिबन्धित प्लास्टिक एवं थर्माकोल को रोकने के लिए प्रभावी रूप से सघन रूप से चेकिंग कराये जाने तथा उसका प्रयोग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/ नगर पंचायत सहित सम्बन्धित अधिकारियों को कडे निर्देश दिये। उन्होंने सालिड बेस्ड मैनेजमेन्ट के अंतर्गत कूडे का उचित निस्तारण बनाये गये कूडा निस्तारण केन्द्रों महुआ एवं बडोखर ब्लाक में भेजकर निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये तथा चिन्हित डम्पिंग स्थान पर ही डालकर निस्तारण की कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये। बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट का भी उचित निस्तारण सम्बन्धित संस्था बामदेव इनसालमेन्ट के माध्यम से सभी सरकारी अस्पतालों एवं अन्य चिकित्सालयों का बायो मेडिकल बेस्ट एकत्र कर बाहर भेजा जाए। उन्होंने वायु प्रदूषण उत्पन्न करने वाली सम्बन्धित इकाईयों तथा वाहनों की प्रदूषण कर जांच एवं चेकिंग कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि नगर व कस्बे के किनारे खुले स्थान पर कूडा नही डाला जाए। कहा नालों का पानी बायोरैमिडिएशन किये जाने के बाद ही जल का प्रवाह नदी में किया जाए। नाला के पानी के बायोरैमिडिएशन किये जाने की चेकिंग कराने के निर्देश दिये।

- जिलाधिकारी ने बैठक में दिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश

# जर्जर हो चुके हैं मकान दूसरे दिलाए जाएं

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** नगर मोहल्ला तोपखाना वार्ड 2 के लोग जर्जर हो चुके आवासों व जल भराव की समस्या को लेकर नगर पालिका पहुंचे। जर्जर आवासों में रह रहे लोगों ने नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंच कर कालोनी दिलाने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला तोपखाना वार्ड 2 में रहने के लिए कंजर जाति के लोगों को सरकारी कॉलोनी दी गयी हैं। आवास मिले 6 दसक का समय बीत चुका है तथा आवास जर्जर हो गये हैं। आवासों में पानी टपक रहा है। जल भराव की समस्या बनी हुई है। गंदगी के कारण जीवन जीना मुश्किल हो रहा है। इन वर्षों में परिवार में रहने वाले लोगों की संख्या में भी वृद्धि हो गयी है। इन 15 आवासीय कालोनी में लगभग एक सैकड़ा लोग रह रहे हैं। इतने लोगों के लिए ये आवासीय जगह कम पड़ने लगी है। आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंच कर ईओ सुशील कुमार दोहरे व अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल से मिलकर अपनी पीड़ा सुनायी तथा कहा कि उनके जर्जर हो चुके आवासों को तोड़ कर अपर स्टोरी आवास बनाये जायें तथा प्रत्येक परिवार को अलग-अलग आवास दिलाये जाएं। जिससे उनकी जिंदगी आसान हो सके। अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने लोगों भरोसा दिलाया कि वह विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों से बात करके उनकी समस्या का समाधान कराएंगे।

- तोपखाना वार्ड 2 के लोगों ने पालिका पहुंचकर लगाई गुहार

## खेल डायरी

### सुमित नागल ने खेलने के लिए मांगी थी 50,000 अमेरिकी डॉलर की फीस



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ ने गुरुवार को दावा किया कि सुमित नागल ने भारत के लिए डेविस कप खेलने के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर की सालाना फीस मांगी थी, लेकिन देश के इस शीर्ष एकल खिलाड़ी ने खुद का बचाव करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को उनकी सेवाओं के लिए भुगतान किया जाना सामान्य बात है। नागल ने पीठ में खिंचाव का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ डेविस कप से हटने का फैसला किया था।

### विधात्री को महिला पेशेवर गोल्फ टूर में हिताषी के साथ संयुक्त बढ़त



**गुरुग्राम।** महिला पेशेवर गोल्फ टूर पर पिछले तीन टूर्नामेंट जीतने वाली विधात्री उर्स ने गुरुवार को 12वें चरण के टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद हिताषी बक्शी के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बना ली। पहले दौर के बाद हिताषी से एक शॉट पीछे चल रही विधात्री ने दूसरे दौर में दो ओवर 74 का स्कोर बनाया। हिताषी तीन ओवर का स्कोर ही बना पाईं। विधात्री और हिताषी एक ओवर 145 के समान स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### आईएलटी20 ने स्टार खिलाड़ियों रॉय, होप और वेड से अनुबंध किया



**मुंबई।** डीपी वर्ल्ड अंतर्राष्ट्रीय लीग टी20 की छह फ्रेंचाइजी ने अगले साल 11 जनवरी से नौ फरवरी तक होने वाले तीसरे सत्र के लिए जेसन रॉय, मैथ्यू वेड और शाई होप जैसे स्टार खिलाड़ियों के साथ अनुबंध किया है। नए खिलाड़ियों से अनुबंध करने की विंडो (समय-सीमा) जून में शुरू हुई थी जो पिछले रविवार को संपन्न हुई। मैच अबु धाबी, दुबई और शारजाह में होंगे। इस प्रतियोगिता में दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ी खेलने वाले हैं।

### भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने ला सेला ओपन में मजबूत शुरुआत की



**डेनिया (स्पेन)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने गुरुवार के लेडीज यूरोपीय टूर पर ला सेला ओपन के शुरुआती दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर अच्छी शुरूआत की। त्वेसा ने नौवें होल से शुरूआत की और बैक नाइन में आठ पार तथा एक बर्डी से संयुक्त 15वें स्थान पर बनी हुई हैं। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स इवन पार पर थीं जबकि सहर अटवाल संयुक्त 75वें स्थान पर थीं। रिद्धिमा दिलावड़ी पहले होल के बाद एक ओवर पर थीं।

# शतकवीर अश्विन और जडेजा ने कराई भारत की वापसी

## पहले दिन भारतीय टीम ने छह विकेट पर 339 रन बनाए, भारतीय शीर्षक्रम बुरी तरह नाकाम रहा, हसन महमूद ने चार विकेट झटके




रविचंद्रन अश्विन

**चेन्नई, एजेंसी**

शतकवीर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने बांग्लादेश से मिले शुरुआती झटकों से निकालते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को भारतीय टीम को छह विकेट पर 339 रन तक पहुंचा दिया। दोनों ने सातवें विकेट की अटूट साझेदारी में 195 रन बना लिये हैं। इससे पहले भारतीय शीर्षक्रम बुरी तरह नाकाम रहा और पहले दो सत्र में बांग्लादेशी गेंदबाजों ने दबाव बनाते हुए छह विकेट 144 रन पर चटका दिये थे। इसके बाद चेन्नई में जन्मे अश्विन और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले जडेजा ने अपने घरेलू मैदान एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर अद्भुत धैर्य और आपसी तालमेल का प्रदर्शन करते हुए बेजोड़ पारियां खेलीं।

अपना छठा टेस्ट शतक जड़ने वाले अश्विन ने 91 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए 112 गेंद में 102 रन जोड़े जिसमें 10 चौके और दो छक्के शामिल थे। वहीं जडेजा ने 117 गेंद में 86 रन बना लिये हैं। उन्होंने भी अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाये। इससे पहले इस साल मार्च में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले हसन महमूद ने भारतीय शीर्षक्रम को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। 24 वर्ष के महमूद ने पांच ओवर में सिर्फ छह रन देकर पहले स्पैल में तीन विकेट चटकाये। उन्होंने 18 ओवर में 58 रन देकर चार विकेट लिये। यशस्वी जायसवाल के अलावा भारत का कोई बल्लेबाज सुबह के सत्र में बांग्लादेशी गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं कर सका। जायसवाल ने 118 गेंद में नौ चौकों की मदद से 56 रन बनाये। जायसवाल और ऋषभ पंत (39) ने चौथे विकेट के लिये 99 गेंद में 62 रन जोड़े। पहले सत्र में प्रभावी दिख रहे पंत ने महमूद की गेंद पर विकेटकीपर लिटन दास को कैच थमाया। जायसवाल ने 95 गेंद में अपना अर्धशतक मेहदी हसन मिराज की गेंद पर एक रन लेकर पूरा किया। उन्होंने हालांकि इसके बाद अपनी एकाग्रता खोई और नाहिद राणा की गेंद पर पहली स्लिप में शादमैन इस्लाम को कैच दे बैठे। केएल राहुल 16 रन बनाकर आफ स्पिनर मिराज का शिकार हुए।

भारत के छह विकेट 144 रन पर गिर चुके थे। दूसरा सत्र भी पहले ही सत्र की तरह रहा जिसमें बांग्लादेशी गेंदबाज हावी रहे। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और पूरा फोकस एक्सप्रेस गेंदबाज नाहिद राणा पर था लेकिन भारतीय पारी को झटके महमूद ने दिये। रोहित शर्मा (छह) को एक के स्कोर पर डीआरएस से जीवनदान मिला था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके। वह दूसरी स्लिप में नजमुल हसन शंटो को कैच देकर लौटे। शुभमन गिल (0) खाता भी नहीं खोल सके और आठ गेंद खेलने के बाद विकेटकीपर लिटन दास को कैच दे बैठे। विराट कोहली (छह) का मैदान में उतरने पर तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत हुआ लेकिन वह भी टिक नहीं सके। महमूद ने आफ स्टम्प से बाहर गेंद डाली जिस पर बल्ला अड़ाने का खामियाजा विराट ने भुगता और विकेट के पीछे लिटन ने कैच लपक लिया। भारत ने पहले तीन ओवर में ही एम ए चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर तीन विकेट 34 रन के भीतर गंवा दिये। इसके बाद जायसवाल और केएल राहुल से ऊपर भेजे गए पंत ने पारी को संभालने की कोशिश की।

### पंत की तरह आक्रामक बल्लेबाजी करें : अश्विन

**चेन्नई।** घरेलू नायक रविचंद्रन अश्विन ने गुरुवार को नाबाद शतक जड़ने के बाद कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए तैयार की गई लाल मिट्टी की पिच पर उन्होंने जानबूझकर आक्रामक बल्लेबाजी करने का प्रयत्न किया। उनकी यह रणनीति कारगर रही और इसकी बदौलत वह घरेलू दर्शकों के सामने शानदार शतक लगाकर भारत को मुश्किल स्थिति से बाहर निकालने में सफल रहे। अश्विन ने पहले दिन के खेल खत्म होने के बाद मेजबान प्रसारक से कहा, यह चेन्नई की पुरानी पिच है जिसमें थोड़ा उछाल है। लाल मिट्टी की पिच पर आप अगर लाइन में आकर शॉट खेलने के इच्छुक हो तो आप कुछ शॉट खेल सकते हो। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से मैं हमेशा से ही अपने बल्ले को ऑफ स्टंप के बाहर घुमाता रहा हूं। मैंने कुछ चीजों पर काम किया और इस तरह की पिच पर अगर आपको गेंद पर शॉट लगाने है तो ऋषभ पंत की तरह आक्रामक बल्लेबाजी करनी चाहिए। ऋषभ पंत ने 39 गेंद में 52 रन बनाकर अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन लूज स्ट्रोक पर आउट हो गए।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 339/6 (74)

| खिलाड़ी | रन | 4/6 |
|---|---|---|
| यशस्वी बो नाहिद | 56 | 9/0 |
| रोहित का शान्तो बो महमूद | 06 | 1/0 |
| गिल का लिटन बो महमूद | 00 | 0/0 |
| विराट का लिटन बो महमूद | 06 | 0/0 |
| पंत का लिटन बो महमूद | 39 | 6/0 |
| राहुल का जाकिर बो मिराज | 16 | 1/0 |
| जडेजा नाबाद | 86 | 10/2 |
| अश्विन नाबाद | 102 | 10/2 |

**अतिरिक्त** : 28 रन, **विकेट पतन** : 1-14, 2-28, 3-34, 4-96, 5-144, 6-144

**गेंदबाजी** : तसकीन अहमद 15-1-47-0, हसन महमूद 18-4-58-4, नाहिद राणा 17-2-80-1, मेहदी हसन मिराज 21-2-77-1, शाकिब अल हसन 8-0-50-0, मोमिनुल हक 1-0-4-0

# न्यूजीलैंड के चार विकेट पर 255 रन

- टॉम लैथम और केन विलियमसन ने दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की
- पहले टेस्ट मैच में श्रीलंका की टीम 305 रन पर ऑल आउट हो गई



श्रीलंका के गॉल में शॉट खेलते हुए न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल।

**गॉल, एजेंसी**

टॉम लैथम और केन विलियमसन के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को यहां चार विकेट पर 255 रन बनाए। श्रीलंका के पहली पारी के 305 रन के जवाब में लैथम (70) और डेवोन कॉनवे (17) ने पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। सलामी बल्लेबाज लैथम ने विलियमसन (55) के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की।

बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या की गेंद पर पवेलियन लौटने से पहले लैथम स्पिनरों के खिलाफ सहज नजर आ रहे थे। उन्होंने जयसूर्या की गेंद को स्वीप करने की कोशिश में स्क्वायर लेग पर कैच थमाया। विलियमसन की अच्छी लय में नजर आए लेकिन 55 रन के स्कोर पर उनकी एकाग्रता टूटी और उन्होंने धनंजय डिसिल्वा की गेंद पर विकेटकीपर कुसाल मेंडिस को कैच थमाया। रचिन रविंद्र (39) भी धनंजय की गेंद को पूरी तरह से चूककर बोल्ड हुए। डेरिल मिचेल (नाबाद 41) और टॉम ब्लंडेल (नाबाद 18) ने पांचवें विकेट के लिए 59 रन की अटूट साझेदारी करके इसके बाद न्यूजीलैंड को और झटके नहीं लगने दिए। इससे पहले श्रीलंका की टीम सात विकेट पर 302 रन से आगे खेलने उतरी और 305 रन पर ऑल आउट हो गई। तेज गेंदबाज विल ओ रोर्के ने 55 रन देकर पांच विकेट चटकाए।

## फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में अर्जेन्टीना से भिड़ेगा इटली

**डेविस कप**

**मैड्रिड।** गत चैंपियन इटली नवंबर में डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में अर्जेन्टीना से भिड़ेगा। दक्षिणी स्पेनिश के शहर मलागा में गुरुवार को अंतिम आठ के लिए हुए ड्रॉ में अमेरिका का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से, जर्मनी का कनाडा से और नीदरलैंड का स्पेन से मुकाबला तय हुआ। अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने के बाद इटली, स्पेन, कनाडा और अमेरिका को वरीयता दी गई। इटली-अर्जेंटीना मुकाबले का विजेता सेमीफाइनल में अमेरिका या ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। जर्मनी-कनाडा मैच का विजेता नीदरलैंड या स्पेन के खिलाफ सेमीफाइनल खेलेगा।

**चाइना ओपन**



महिला एकल में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को हराया

## मालविका क्वार्टरफाइनल में

**चांगझोऊ।** भारतीय शटलर मालविका बंसोड़ ने गुरुवार को चाइना ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। गुरुवार को एक घंटा और पांच मिनट तक चले मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने दूसरे राउंड में दो बार की राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को 21-17, 19-21, 21-16 से हराया। इस जीत के साथ वह साइना नेहवाल और पीवी सिंधु के बाद बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला एकल शटलर बन गई हैं।

# इंडिया ए ने मैच में बनाई पकड़

**अनंतपुर, एजेंसी**

**दलीप ट्रॉफी**

शाश्वत रावत (नाबाद 122) की शतकीय पारी के दम पर इंडिया ने वापसी करते हुए गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के छठे मुकाबले में अपनी पकड़ बना ली है। गुरुवार को टॉस जीतकर इंडिया सी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अंशुल कम्बोज और विजयकुमार वैशाख की घातक गेंदबाजी के आगे घुटने टेक दिये। ऐसे संकट के समय शाश्वत रावत और शम्स मुलानी ने पारी को संभाला। दिन का खेल समाप्त होने पर इंडिया ए ने सात विकेट पर 224 रन बना लिये थे और शाश्वत रावत (नाबाद 122) और आवेश खान (नाबाद 16) क्रीज पर थे। इंडिया सी की ओर से अंशुल कम्बोज ने तीन विकेट, विजयकुमार वैशाख को दो विकेट मिले।

### चार बल्लेबाजों का अर्धशतक, इंडिया डी बड़े स्कोर की ओर

**अनंतपुर।** संजू सैमसन (नाबाद 89), देवदत्त पड़िक्कल (50), श्रीकर भरत (52) और रिकी भुई (56) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत इंडिया डी ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के पाचवें मुकाबले में पांच विकेट पर 306 रन के साथ बड़े स्कोर की ओर कदम बढ़ा दिया है। इंडिया बी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया डी के देवदत्त पड़िक्कल और श्रीकर भरत की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 105 रन जोड़े। दिन का खेल समाप्त होने पर इंडिया डी ने पांच विकेट पर 306 रन बना लिये है और संजू सैमसन (नाबाद 89) और सारांश जैन (नाबाद 26) क्रीज पर मौजूद थे। इंडिया बी की ओर से राहुल चाहर ने तीन विकेट लिये। नवदीप सैनी और मुकेश कुमार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारतीय महिलाओं ने जॉर्जिया व पुरुष टीम ने चीन को हराया

**शतरंज ओलंपियाड**

**बुडापेस्ट।** ग्रैंडमास्टर आर वैशाली और वंतिका अग्रवाल के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के सातवें दौर में जॉर्जिया को हराया जबकि विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश की अगुवाई में पुरुष टीम ने चीन को हराकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। वैशाली और वंतिका ने क्रमशः लैला जे और बेला कोतेनाश्विली को हराया। भारतीय महिला टीम ने जॉर्जिया को 3-1 से और पुरुष टीम ने चीन को 2.5-1.5 से हराया। डी हरिका ने नाना जागनिजे से ड्रॉ खेला जबकि दिव्या देशमुख को निनो बात्सियाश्विली ने ड्रॉ पर रोका। ओपन वर्ग में गुकेश ने चीन के वेइ यि को हराया। गुकेश और विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन के बीच मुकाबले की अटकलें थी, जिन्हें नवंबर में सिंगापुर में विश्व चैम्पियनशिप मुकाबला खेलना है। चीन ने हालांकि लिरेन को आराम देने का फैसला किया। अगले दौर में भारतीय पुरुष टीम का सामना ईरान और महिला टीम का पोलैंड से होगा।

# भारत के शुरुआती मैच बांग्लादेश से

- सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैम्पियनशिप में तीन टीम के ग्रुप ए में मालदीव तीसरी टीम
- टूर्नामेंट के ग्रुप बी में मेजबान भूटान, नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान की टीमें शामिल

**थिम्पू, एजेंसी**

गत चैम्पियन भारत शुक्रवार को सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैम्पियनशिप में ग्रुप ए के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। तीन टीम के ग्रुप ए में मालदीव तीसरी टीम है और भारत को 24 सितंबर को उससे भिड़ना है। ग्रुप बी में मेजबान भूटान, नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 28 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 30 सितंबर को फाइनल होगा।

भारत 2022 का चैम्पियन है, जब पिछली बार यह टूर्नामेंट अंडर-17 आयु ग्रुप में खेला गया था। पिछले साल का चरण अंडर-16 आयु वर्ग के लिए कराया गया था, जिसका विजेता भी भारत ही था। मुख्य कोच इश्फाक अहमद ने इसी चांगलिमिथांग स्टेडियम में ट्राफी उठाने वाली टीम के 23 में से 16 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। एक साल पहले भारत ने शुरूआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की थी और फाइनल भी बांग्लादेश के खिलाफ हुआ था, जिसमें वह 2-0 से विजेता रहा था। इश्फाक अहमद ने टूर्नामेंट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमें बांग्लादेश के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मैच की उम्मीद है। मैं चाहता हूं कि हमारे खिलाड़ियों की परीक्षा हो और हम जानते हैं कि बांग्लादेश की टीम से खेलना इतना आसान नहीं होगा। हमें सकारात्मक शुरूआत का भरोसा है। उम्मीद है कि हर कोई मैच में अच्छी फुटबॉल का लुत्फ उठायेगा।

## बॉलीवुड हलचल

# सिटाडेल सीजन 2 में नजर आयेंगी प्रियंका चोपड़ा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 में काम करती नजर आयेंगी। प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल जीवन से जुड़ी झलकियां सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। प्रियंका ने सिटाडेल 2 के सेट से एक बीटीएस वीडियो अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस वीडियो टूर की शुरुआत प्रियंका के क्लोज-अप शॉट में मिरर सेल्फी से होती है। इससे पहले कि वह सिटाडेल-सीजन 2 के सेट पर एक शानदार काले रंग की ड्रेस में नजर आईं। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि शार्प पोनीटेल, धूप का चश्मा लगाए हुए प्रियंका का यह लुक बेहद हॉट है। इस वीडियो के साथ प्रियंका ने लिखा, नादिया वापस आ गई। इससे पहले प्रियंका ने सेट पर जाने का एक वीडियो भी साझा किया था, जिसका कैप्शन था, हैलो सिटाडेल एस 2। अगस्त में प्रियंका ने अपने नए रंग की आंखों को दिखाते हुए एक क्लिप साझा की थी।



# दुर्गापूजा पर रिलीज होगी अपराधी



**मुंबई।** ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म अपराधी दुर्गापूजा के अवसर पर देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म अपराध का निर्माण दक्षा फिल्म इंडिया के बैनर तले किया गया है, और निर्देशन शेखर शर्मा ने किया है। फिल्म अपराधी में खेसारीलाल का दमदार एक्शन और रोमांस देखने को मिलेगा, जिसमें गांव का खास अंदाज दिखाया जाएगा। फिल्म में ऋतु सिंह, मेघाश्री और रक्षा गुप्ता भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी। बिहार और झारखंड में फिल्म का वितरण रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट कर रही है। फिल्म अपराधी को लेकर खेसारीलाल यादव ने कहा, यह फिल्म मेरे दिल के बेहद करीब है। इसमें मेरा किरदार एक्शन और रोमांस दोनों का बेहतरीन मिश्रण है, जो दर्शकों को जरूर पसंद आएगा। खासकर इस दुर्गापूजा के मौके पर इसे रिलीज करना मेरे लिए खास है, क्योंकि यह फिल्म परिवार और समाज के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उजागर करती है।

# बेटों को जब वी मेट दिखाना चाहती हैं करीना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर अपने बेटों को अपनी सुपरहिट फिल्म जब वी मेट दिखाना चाहती हैं। हाल ही में, करीना कपूर के नाम पर एक फिल्म फेस्टिवल का एलान किया गया है। इस दौरान उनकी कई फिल्में दिखाई जाएगी। इस फिल्म फेस्टिवल में करीना कपूर की जब वी मेट, कभी खुशी कभी गम, अशोका, चमेली और ओमकारा समेत कई फिल्मों को दिखाया जाएगा। इसका आयोजन 20 से 27 सितंबर तक होगा। करीना कपूर चाहतीं हैं कि उनके बेटे तैमूर अली खान और जेह अली खान उनकी एक फिल्म जब वी मेट देखें। इस फिल्म में करीना कपूर ने गीत का रोल किया है, जिसे दर्शक काफी पसंद करते हैं। करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। करीना कपूर की आने वाली फिल्म में सिंघम अगेन प्रमुख है।

## पंजाब ने हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती

**जालंधर।** पंजाब ने गुरुवार को शूट आउट में उत्तर प्रदेश को 4-3 से हराकर 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता। पंजाब के लिए सुखविंदर सिंह (पांचवें मिनट), जरमन सिंह (33वें मिनट) और जोबनप्रीत सिंह (39वें मिनट) ने गोल दागे जबकि उप्र के लिए अजीत यादव (31वें मिनट), सूरज पाल (48वें मिनट) और आकाश पाल (54वें मिनट) ने गोल किए, जिससे मुकाबला 3-3 से बराबर था। शूटआउट के दौरान उप्र के आकाश पाल, नितीश भारद्वाज और अजीत यादव ने गोल किए जबकि पंजाब के लिए जपनीत सिंह, सुखविंदर सिंह, जरमन सिंह और लवनूर सिंह ने गोल दागकर खिताब सुनिश्चित किया। तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में हरियाणा ने कर्नाटक को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया। टीम के लिए अमित खासा (30वें मिनट), नवराज सिंह (50वें मिनट), नितिन (54वें मिनट), मनीष कुमार (55वें मिनट) और साहिल रुहाल (59वें मिनट) ने गोल किए।

# चैंपियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान ने ड्रॉ खेला

- 90वें मिनट में नूनो मेंडेस के गोल ने पीएसजी को 1-0 से जीत दिलाई



गोल करने का मौका चूकने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते मैनचेस्टर सिटी के इल्के गुंडोगन। • एजेंसी

**जिनेवा, एजेंसी**

यूएफा चैंपियंस लीग में बोलोगना और शखतार दोनेत्स्क के बीच बुधवार को खेला गया मैच गोलरहित ड्रॉ रहने के बाद मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान का मुकाबला भी 0-0 से बराबरी पर समाप्त हुआ। इससे पहले मंगलवार को हुए मुकाबलों में कुल 28 गोल दागे गये, जिनमें अकेले बायर्न म्यूनिख एफसी के नौ शामिल थे। वहीं अगले दिन के छह मुकाबलों में केवल 13 गोल ही हुए।

नये लीग चरण में खेले जाने वाले 144 में से अब तक 12 मैचों में ये दूसरा एकमात्र ड्रॉ है। पिछले सत्र में पूरी प्रतियोगिता में प्रति मैच औसतन तीन गोल हुए थे। पेरिस सेंट जर्मेन और गिरोना का मुकाबला भी गोलरहित ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, लेकिन 90वें मिनट में नूनो मेंडेस के गोल ने पीएसजी को 1-0 से जीत दिलाई। बोरूसिया डॉर्टमंड ने स्थानापन्न खिलाड़ी जेमी गिटेंस के दो और सेरहो गुइरासी के अतिरिक्त समय में किये गोल से क्लब ब्रुग को 3-0 से हराया। टूर्नामेंट में गुरुवार को बार्सिलोना का मुकाबला मोनाको से होगा जबकि अटलांटा की आर्सेनल से भिड़ंत होगी। साथ ही बायेर लीवरकुसेन का सामना फेयेनूर्ड से होगा। 36 टीमें जनवरी तक आठ अलग-अलग विरोधी टीमों से खेलेंगी और उन्हें एकल लीग तालिका में स्थान दिया जाएगा। नॉकआउट चरण में जाने वाली टीमों का निर्धारण होगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति पर जुर्माना

**सिंगापुर।** यहां के एक अस्पताल में उपचाराधीन भारतीय मूल के व्यक्ति पर एक सुरक्षा अधिकारी, पुलिस अधिकारियों और उसका उपचार कर रहे चिकित्सक के साथ अभद्रता करने के आरोप में सात हजार सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार, मोहनराजन मोहन (30) ने बुधवार को उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम के तहत दो आरोपों में दोष स्वीकार कर लिया।

### लाहौर में रैली से पहले कई नेता गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने गुरुवार को दावा किया कि पंजाब पुलिस ने उसके संगठन पर कार्रवाई शुरू कर दी है और शनिवार को लाहौर में होने वाले उसके प्रस्तावित शक्ति प्रदर्शन से पहले पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता अली एजाज बुट्टर ने कहा कि पुलिस ने पीटीआई के नेताओं अली इम्तियाज वराइच, अफजल फात और कई अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं को शनिवार (21 सितंबर) को लाहौर के मीनार-ए-पाकिस्तान के मैदान में होने वाले पार्टी के शक्ति प्रदर्शन से पहले हिरासत में ले लिया है।

### हैरिस को मतदाताओं का ज्यादा समर्थन मिलता दिख रहा है

**वाशिंगटन।** अमेरिका की रियल एस्टेट एजेंट लिलियन डन्समुइर अभी तक कमला हैरिस के बारे में नहीं सोचती थी और न ही उपराष्ट्रपति के बारे में उनकी कोई राय थी, लेकिन अब लिलियन का झुकाव हैरिस की ओर बढ़ रहा है। एरिजोना के बुलहेड सिटी की रियल इस्टेट एजेंट लिलियन डन्समुइर (58) ने कहा, ''वह (कमला हैरिस) बहुत मजेदार हैं। मुझे लगता है कि वह बहुत होशियार हैं। वह अच्छी तरह बोल सकती हैं।

### दिल्ली व रतलाम के विद्यालयों ने अंतिम दौर में बनाई जगह

**लंदन।** वर्ष 2024 के 'वर्ल्ड बेस्ट स्कूल' पुरस्कार के फाइनल में गुरुवार को जगह बनाने वाले विद्यालयों में दिल्ली और मध्य प्रदेश के दो नवोन्मेषी विद्यालय शामिल हैं। पुरस्कार जीतने के लिए ये दोनों स्कूल अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक संस्थानों से मुकाबला करेंगे। दिल्ली के वसंत कुंज स्थित रयान इंटरनेशनल स्कूल और मध्यप्रदेश के रतलाम स्थित सीएम आरआईएसई स्कूल ने फाइनल में जगह बनाई है। यह पुरस्कार एक्सेंचर, अमेरिकन एक्सप्रेस और लेमन फाउंडेशन के सहयोग से लंदन स्थित टी4 एजुकेशन द्वारा स्थापित किया गया है, जिसमें विजेताओं के साथ 50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि साझा की जाती है।

### खाद्य कीमतों के खिलाफ विरोध, लगा कर्फ्यू

**पेरिस।** फ्रांसीसी विदेशी क्षेत्र मार्टीनिक के अधिकारियों ने द्वीप के प्रशासनिक केंद्र फोर्ट-डी-फ्रांस शहर के कई इलाकों में बढ़ती खाद्य कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के चलते कर्फ्यू लगा दिया है। फ्रांसीसी मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, ले फिगारो अखबार ने मंगलवार को बताया है कि कैरेबियन सागर में फ्रांसीसी विदेशी क्षेत्र मार्टीनिक द्वीप पर, कई दिनों से बढ़ती खाद्य कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान छह पुलिस अधिकारी घायल हो गये।

# सलीम खान को गैंगेस्टर का नाम लेकर धमकी

**मुंबई, एजेंसी**

- पुरुष और बुर्का पहने हुए एक महिला को हिरासत में लिया गया



बांद्रा इलाके में अभिनेता सलमान खान के पिता और लेखक सलीम खान को धमकाने के बाद एक पुरुष और बुर्का पहने हुए एक महिला को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि लेखक सलीम खान बुधवार को सुबह की सैर के बाद बांद्रा बैंडस्टैंड में बैठे थे कि तब इनके पास आए महिला और पुरुष ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम लेकर उन्हें धमकी दी। एक अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान दोनों ने पुलिस को बताया कि वे सलीम खान के साथ केवल मजाक कर रहे थे। अधिकारी ने कहा, दोपहिया वाहन पर जा रहे एक पुरुष और बुर्का पहने हुए एक महिला ने बैंडस्टैंड पर सलीम खान को बैठे हुए देखा। वे यूटर्न लेकर उनके पास पहुंचे और कहा कि लॉरेंस बिश्नोई को भेजूं क्या। अधिकारी के मुताबिक सलीम खान को धमकाने के बाद दोनों वहां से चले गए। सलीम खान के सुरक्षाकर्मी ने दोपहिया वाहन का नंबर देखा और बुधवार को बांद्रा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की और दोनों का पता लगा लिया। दोनों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से उपद्रव करने और कुछ अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# आंखों को रगड़ने से हो सकती है कार्निया डैमेज

आंख हमारे शरीर के सबसे जरूरी अंगों में से एक हैं। जिसकी मदद से हम अपने आसपास की दुनिया देख पाते हैं। हमारी आंखें बहुत सेंसिटिव होती हैं। आंखों में इन्फेक्शन या आई फ्लू का खतरा ज्यादा रहता है। क्योंकि फंगस इन्फेक्शन फैलाने वाले वायरस और बैक्टीरिया हवा में रहते हैं। अधिकांश लोग इन्फेक्शन या एलर्जी के कारण आंखें रगड़ने लगते हैं। इससे कुछ देर के लिए से बहुत अच्छा महसूस हो सकता है। लेकिन बार-बार ऐसा करना खतरनाक हो सकता है। ज्यादा तेजी से आंखों को रगड़ने से कॉर्निया डैमेज हो सकता है।



### अपनी आंखें क्यों रगड़ते हैं लोग

आंखें के रगड़ने के कई कारण हो सकते हैं। जब हमारी आंखों में खुजली होती है, हम थके हुए होते हैं या ऐसा महसूस होता है कि पलकें आंखों में फंस गई हैं तो हम सभी अपनी आंखें रगड़ते लगते हैं। कुछ लोगों को आंखों को बार-बार रगड़ना एक रिफ्लेक्स या आदत भी हो सकती है। आंखों के रगड़ने से अलग-अलग उम्र के मुताबिक अलग-अलग परेशानियां हो सकती हैं। जो बच्चे आंखों को ज्यादा रगड़ते हैं, उनके कॉर्निया का आकार बदल जाता है। आंखों की ब्लड वेसल्स बहुत नाजुक होती हैं। आंखों के रगड़ने से वेसल्स टूटने लगती है। जिससे आंखों की सफेद परत पर खून आने लगता है और आंख लाल पड़ जाती है। इसके अलावा बच्चों के बार-बार आंखों को रगड़ने से डार्क सर्कल आने लगते हैं। वहीं एडल्ट के बार-बार आंखों को रगड़ने से केराटोकोनस नाम की बीमारी हो सकती है। इसमें कार्निया की सतह अनियमित और पतली हो जाती है।

### आंखों को हाइड्रेट रखने के लिए खाने-पीने का रखें ध्यान

आंखों को हाइड्रेट रखने के लिए अपनी डाइट में विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर फूड शामिल करें। इसके लिए गाजर, चुकंदर, शिमला मिर्च, मूली और हरी सब्जियों को खूब खाएं। इसके साथ ही हर रोज 2 से 3 लीटर पानी जरूर पिएं। जब आंखे हाइड्रेट रखेंगी तो आंखों में खुजली या जलन की परेशानी कम होगी।

### एलर्जी से बचाना जरूरी

आमतौर पर धूल-मिट्टी या ज्यादा स्क्रीन टाइम की वजह से आंखों में एलर्जी होती है। जिसके कारण लोग आंखों को रगड़ने लगते हैं। आंखों से पानी आना, पलकों का ड्राई होना या आंखों का लाल होना जैसी किसी स्थिति को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### स्क्रीन से ब्रेक लें

लैपटॉप, टैबलेट या मोबाइल की स्क्रीन पर लगातार टकटकी लगाकर देखने से आंखों पर खिंचाव पड़ता है। जिससे आंखें ड्राई होने लगती है और बार-बार रगड़ने का मन करता है। हर 20 मिनट में स्क्रीन से नजर हटाएं और 20 फीट दूर रखी किसी चीज कर कुछ देर देखें।

### लगातार पलक झपकाएं

पलकें झपकाना एक नेचुरल क्रिया है। इससे आंखें नम और स्वस्थ बनी रहती हैं। लेकिन जब हम स्क्रीन लगातार देखते हैं तो हमारी आंखें कम झपकती हैं, जिससे आंखें ड्राई हो जाती हैं। इसलिए नियमित पलक जरूर झपकानी चाहिए।

# फर्जी कंपनियां से भेजे थे विस्फोटक पेजर

## अमेरिकी मीडिया का दावा, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में विस्फोटों को लेकर दुनिया भर में हलचल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

लेबनान में बीते दो दिनों में हुए पेजर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में हुए विस्फोटों को लेकर दुनिया भर में पैदा कौतूहल के बीच अमेरिकी मीडिया में दावा किया गया है कि इजराइल ने विस्फोटक पेजर बनाने के लिए यूरोप में एक फर्जी कंपनी बनायी थी। न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट में तीन खुफिया अधिकारियों के हवाले से इजराइल पर यह आरोप लगाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक हंगरी स्थित कंपनी बीएसी कंसल्टिंग केएफटी के पास ताइवानी कंपनी गोल्ड अपोलो की ओर से उपकरणों के निर्माण का अनुबंध था। उनका कहना है कि वास्तव में, बीएसी कंसल्टिंग केएफटी एक इजराइली कंपनी का हिस्सा थी।

रिपोर्ट के अनुसार बीएसी कंसल्टिंग केएफटी के नाम से पेजर बनाने वाले इजराइली खुफिया अधिकारियों की असली पहचान छिपाने के लिए कम से कम दो और प्रमुख कंपनियां बनाई गईं। दरअसल बीएसी कंसल्टिंग केएफटी के पास सामान्य ग्राहक थे जिनके लिए वह बिना विस्फोटक के पेजर तैयार करता था। लेबनान में विस्फोटक युक्त पेजर की आपूर्ति 2022 की गर्मियों में शुरू हुई। उस समय हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला के सुरक्षा कारणों से मोबाइल फोन के इस्तेमाल को कम करने के निर्देश के बाद पेजरों की खरीद के ऑर्डर आने पर ऐसे पेजरों का उत्पादन बढ़ा दिया गया।



लेबनान में धमाकों के बाद कमान संभाले सुरक्षाकर्मी। एजेंसी

**ताइवान में भी मची अफरातफरी** : उधर, ताइवान में भी लेबनान की घटनाओं को लेकर अफरातफरी मची है। ताइवान की सुरक्षा एजेंसियां लेबनान में गोल्ड अपोलो से जुड़े पेजरों में विस्फोट के मामले की जांच में जुटी हैं। रेडियो ताइवान इंटरनेशनल ने ताइवान के रक्षा मंत्री वेलिंगटन कू के हवाले से गुरुवार को कहा कि ताइवान की सुरक्षा एजेंसियां फिलहाल इस मामले की गहरायी और पूरी गंभीरता से जांच कर रही हैं। ताइवानी सुरक्षा एजेंसियों ने मीडिया में आयी उस रिपोर्ट के बाद जांच शुरू की है जिसमें कहा गया था कि इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद ने लेबनानी आंदोलन हिजबुल्ला द्वारा गोल्ड अपोलो को ऑर्डर किए गए पांच हजार पेजरों में कुछ मात्रा में उच्च क्षमता वाले विस्फोटक रखे थे। हालांकि, गोल्ड अपोलो के सीईओ ने कहा कि जिन पेजरों में विस्फोट हुआ है, उनका ताइवानी कंपनी से कोई लेना-देना नहीं है।

### विस्फोट से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हुई

**बेरूत।** लेबनान के विभिन्न हिस्सों में संचार उपकरणों (वॉकी-टॉकी, मोबाइल, लेपटॉप) में हुए विस्फोटों से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन केंद्र ने कहा वॉकी-टॉकी के विस्फोटों के कारण, मरने वालों की संख्या 20 तक पहुंच गई है, जबकि 450 से अधिक घायल हुए हैं।

### इजराइल वॉकी-टॉकी उड़ाकर हिजबुल्ला को समझौते के लिए करना चाहता है राजी : रिपोर्ट

**बेरूत।** इजराइल का लक्ष्य लेबनान में हिजबुल्ला द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले वॉकी टॉकी (रेडियो) में विस्फोट कर उन्हें हमास के साथ अपने संबंधों को त्यागने और यहूदियों के साथ एक अलग सौदा करने के लिए राजी करना है। एक्सियोस समाचार पोर्टल ने सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। एक लेबनानी सूत्र ने बुधवार को बताया कि लेबनान के विभिन्न हिस्सों में पेजर के अलावा अन्य संचार उपकरणों में विस्फोट हुआ था। लेबनानी मीडिया ने बताया कि जिन वॉकी-टॉकी में विस्फोट हुआ था उन्हें लगभग पांच महीने पहले खरीदा गया था।

# पाकिस्तान बोला- प्रावधानों का हो सम्मान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

- सिंधु जल संधि को लेकर दिए गए नोटिस पर दी प्रतिक्रिया



भारत द्वारा सिंधु जल संधि की समीक्षा के लिए पाकिस्तान को औपचारिक नोटिस दिए जाने के कुछ दिनों बाद, इस्लामाबाद ने गुरुवार को कहा कि वह इस समझौते को महत्वपूर्ण मानता है और उम्मीद करता है कि नई दिल्ली भी इसके प्रावधानों का पालन करेगा।

भारत और पाकिस्तान ने नौ वर्षों की वार्ता के बाद 19 सितंबर 1960 को सिंधु जल संधि (आईडब्लूटी) पर हस्ताक्षर किये थे, जिसका एकमात्र उद्देश्य सीमा पार की नदियों का प्रबंधन करना था। नई दिल्ली में बुधवार को सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत ने 30 अगस्त को पाकिस्तान को एक औपचारिक नोटिस भेजकर 64 साल पुराने समझौते की समीक्षा की मांग की थी, जिसमें उसने परिस्थितियों में मौलिक और अप्रत्याशित बदलावों और सीमा पार से लगातार जारी आतंकवाद के प्रभाव का हवाला दिया था। भारत के नोटिस पर एक सवाल का जवाब देते हुए विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने यहां संवाददाताओं से कहा पाकिस्तान सिंधु जल संधि को महत्वपूर्ण मानता है और उम्मीद करता है कि भारत भी इसके प्रावधानों का पालन करेगा। बलूच ने बताया कि दोनों देशों के बीच सिंधु जल आयुक्तों का एक तंत्र है और संधि से जुड़े सभी मुद्दों पर इसमें चर्चा की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि संधि से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए कोई भी कदम समझौते के प्रावधानों के तहत ही उठाया जाना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि विदेश कार्यालय के प्रवक्ता की प्रतिक्रिया से पता चलता है कि पाकिस्तान उस समझौते में संशोधन में रुचि नहीं रखता है।

## गाजा में स्कूल पर इजराइल का हमला, 5 बच्चों समेत 8 की मौत

**गाजा।** शहर के पूर्व में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजराइली हमले में कम से कम आठ फिलिस्तीनी मारे गए। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजराइली विमानों ने शुजाय्या पड़ोस में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले इब्न अल-हेथम स्कूल पर बमबारी की। गाजा सिविल डिफेंस ने कहा हमारी टीमों ने इजराइली हवाई हमले के परिणामस्वरूप पांच बच्चों और दो महिलाओं सहित आठ पीड़ितों के शव बरामद किए हैं।

# बांग्लादेश में सेना को मजिस्ट्रेट पावर के दुरुपयोग की चेतावनी

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश में कानून-व्यवस्था में सुधार और विघटनकारी गतिविधियों को रोकने के लिए सेना को दो महीने के लिए मजिस्ट्रेट की शक्तियां दी हैं।

यह फैसला एक प्रमुख मीडिया आउटलेट द्वारा असाधारण उपाय बताया गया है, लेकिन इसके व्यापक दायरे और इसके संभावित दुरुपयोग को लेकर चिंताएं भी व्यक्त की गई हैं। यह निर्णय तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है, जो सैन्य अधिकारियों को पूरे देश में कार्यकारी मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य करने और अगले 60 दिनों के लिए इस पद को प्रदान की गई शक्तियों का उपयोग करने में सक्षम बनाता है। इन शक्तियों का उपयोग करके, वे संदिग्ध अपराधियों को गिरफ्तार कर सकते हैं या गिरफ्तारी का आदेश दे सकते हैं, तलाशी ले सकते हैं, गैरकानूनी सभाओं को तितर-बितर कर सकते हैं और बल का उपयोग भी कर सकते हैं।

## ग्लोबल साउथ भविष्य को आकार देने के लिए भारतपर करता है भरोसा

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र की एक राजदूत ने कहा है कि बहुपक्षीय भागीदारी के प्रति भारत का दृष्टिकोण परस्पर सम्मान और एकजुटता पर आधारित है और बेहतर भविष्य को आकार देने में योगदान देने के लिए ग्लोबल साउथ भारत के इसी दृष्टिकोण पर भरोसा करता है। संरा में सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस की स्थायी प्रतिनिधि इंगा रोंडा किंग ने कहा आज ग्लोबल साउथ में महत्वपूर्ण नेताओं में से एक आपका बेहतरीन देश भारत है। सेंटर फॉर ग्लोबल इंडिया इनसाइट्स और इंडिया राइट्स नेटवर्क की ओर से भविष्य का संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन भारत और विश्व के लिए इसके क्या मायने विषय रखा गया है

# न्यूयार्क में मंदिर के संकेतक बोर्ड को विरूपित करने पर नाराजगी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- स्वामीनारायण मंदिर के बोर्ड से छेड़छाड़ पर सांसदों ने कार्रवाइ रकी मांग की

न्यूयार्क में एक मंदिर के बाहर लगे संकेतक बोर्ड को विरूपित किए जाने की घटना को लेकर अमेरिका के शीर्ष सांसदों ने नाराजगी व्यक्त की है। यह घटना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से कुछ दिन पहले हुई है। न्यूयार्क के मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर की ओर जाने वाली सड़क और उसके बाहर लगे संकेतक बोर्ड को सोमवार को पेंट से विरूपित कर दिया गया और आपत्तिजनक शब्द लिखे गए।

लॉन्ग आइलैंड के सफोल्क काउंटी में स्थित मेलविले 16 हजार सीट वाले नासाऊ वेटरन्स मेमोरियल कोलिजियम से लगभग 28 किलोमीटर दूर है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 सितंबर को एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करने वाले हैं। सीनेट के बहुमत के नेता सीनेटर चक शूमर ने कहा इस हिंदू पूजा स्थल का अपमान निंदनीय है। लॉन्ग आइलैंड या न्यूयार्क या फिर पूरे अमेरिका में कहीं भी नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। सांसद रिच मैककॉर्मिक ने कहा मैं मेलविले, न्यूयॉर्क में बीएपीएस मंदिर के अपमान से बहुत दुखी हूं।

## श्रीलंका में चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन हुईं 11 रैलियां

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन करीब 11 चुनावी रैलियां आयोजित की गईं। मीडिया रिपोर्टों में गुरुवार को यह जानकारी दी गई। द डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, निर्दलीय उम्मीदवार रानिल विक्रमसिंघे ने बुधवार को मतारा, गाले, कालूतारा, होमगामा और मरदाना में तीन रैलियों को संबोधित किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, विपक्षी नेता सजित प्रेमदास ने भी गाले, बेरुवाला और कोलंबो सेंट्रल में रैलियां की। नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के उम्मीदवार अनुरा कुमारा दिसानायके ने कालूतारा, गम्पाहा और नुगेगोडा में रैलियों को संबोधित किया।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर भगवान गणेश की मूर्तियों के विसर्जन के बाद राज्यस्तरीय स्वच्छता अभियान स्वच्छता ही सेवा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं भी कचरा को हटाकर लोगों को प्रोत्साहित किया। एजेंसी

# कनाडा ने विदेशी छात्रों के लिए अध्ययन परमिट में कटौती की

**ओटावा, एजेंसी**

### जस्टिन ट्रूडो का एलान

- इस साल 35 फीसदी कम परमिट जारी कर रहे



कनाडा ने अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए अध्ययन परमिट में कटौती करने का ऐलान किया है जिससे बहुत से भारतीय नागरिकों के प्रभावित होने की आशंका है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार देर रात एक्स पर एक पोस्ट में कहा हम इस साल 35 फीसदी कम परमिट जारी कर रहे हैं तथा अगले साल इसमें 10 फीसदी और कमी की जाएगी।

उन्होंने कहा आव्रजन हमारी अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद है, लेकिन जब खराब तत्व व्यवस्था का दुरुपयोग करते हैं और छात्रों का फायदा उठाते हैं, तो हम कार्रवाई करते हैं। यह कदम तब उठाया गया है जब कनाडा सरकार अस्थायी निवासियों की संख्या कम करने पर विचार कर रही है। कनाडा भारतीय विद्यार्थियों के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्यों में से एक है। ट्रूडो की घोषणा से कनाडा में पढ़ने की इच्छा रखने वाले कई भारतीय छात्रों पर असर पड़ने की संभावना है। ओटावा में भारतीय उच्चायोग की वेबसाइट के अनुसार, शिक्षा भारत और कनाडा के बीच पारस्परिक हित का एक प्रमुख क्षेत्र है। भारत विदेशी छात्रों का सबसे बड़ा स्रोत है और अनुमानित तौर पर 4,27,000 भारतीय विद्यार्थी कनाडा में पढ़ रहे हैं।

ज्ञान-विज्ञान | 23 मिलियन प्रकाश वर्ष तक फैला हुआ है यह जेट

# वैज्ञानिकों ने खोज निकाला सबसे बड़ा ब्लैकहोल जेट

**संवाददाता, नैनीताल**



**अमृत विचार :** खगोलविदों ने सबसे बड़े ब्लैक होल के दो जेट की खोज की है। ब्लैकहोल का जेट अपनी आकाशगंगा से बाहर जाकर गर्म प्लाज्मा के विस्फोट करते हैं। ये जेट 23 मिलियन प्रकाश वर्ष तक फैले हुए हैं। इस विशालकाय जेट को पोर्फिरियन नाम दिया गया है।

ब्लैकहोल जेट ब्रह्मांड की भयानक विनाशकारी शक्ति है। जिसके आगे वाली कोई भी वस्तु बच नही सकती है। ब्रह्मांड में इस तरह की महाशक्तियां चारों ओर फैली हुई हैं। जिनकी खोजखबर में वैज्ञानिक खास दिलचस्पी रखते हैं। खगोलविदों का मानना है कि आकाशगंगाएँ और उनके केंद्रीय ब्लैक होल एक साथ विकसित होते हैं और इसका एक प्रमुख पहलू यह है कि जेट भारी मात्रा में ऊर्जा फैला सकते हैं। जिस कारण मेजबान आकाशगंगाओं और उनके निकट की अन्य आकाशगंगाओं के विकास प्रभावित होता है। खोज से पता चलता है कि जेट का प्रभाव जितना हमने सोचा था उससे कहीं अधिक दूर तक फैल सकता है। आकाश सर्वेक्षण के दौरान अब तक पाई गई सबसे बड़ी जेट प्रणाली है। यूरोप की एरे रेडियो टेलीस्कोप के जरिए यह खोज हुई है। वैज्ञानिकों ने इस जेट की आयु 13.8 अरब वर्ष की आंकी है। इनकी ऊर्जा खरबों सूर्यों के बराबर है। यह जेट दूर की आकाशगंगा के केंद्र में मौजूद सुपरमैसिव ब्लैक होल के ऊपर और नीचे से निकल जाते हैं। खोजे गए जेट की जोड़ी का आकार 140 आकाशगंगाओं को एक के बाद एक पंक्तिबद्ध करने के बराबर है। कैलटेक पोस्टडॉक्टरल के वैज्ञानिक व मुख्य लेखक मार्टिजन ओईई द्वारा यह खोज नेचर पेपर में प्रकाशित हुई है।

### अभी कई रहस्य उजागर होने बाकी है

**नैनीताल :** खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि सबसे बड़े ब्लैकहोल जेट का पता तो चल गया है, लेकिन लंबी दूरी तय करने जेट का रहस्य अभी बरकरार है। अपनी मेजबान आकाशगंगाओं से बहुत दूर तक कैसे बढ़ जाते हैं, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है। ब्लैक होल जेट के बारे मे बहुत कुछ जानना अभी बाकी है। जिनका भविष्य में पता चलेगा।

# भारतीय रक्षा उद्योग को अफ्रीका में साझेदारी की उम्मीद जताई

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**

- अफ्रीका एयरोस्पेस एंड डिफेंस एक्सपो में हिस्सा ले रही हैं भारतीय कंपनियां

भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की आठ और निजी क्षेत्र की दो रक्षा उपकरण विनिर्माता कंपनियां अफ्रीका एयरोस्पेस एंड डिफेंस एक्सपो में हिस्सा ले रही हैं। ये कंपनियां अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को प्रदर्शित कर रही हैं और बिक्री के बाद उनके रखरखाव में सहयोग की पेशकश कर रही हैं।

अफ्रीका एयरोस्पेस एंड डिफेंस (एएडी) में हिस्सा ले रहे अधिकारियों ने बताया कि रखरखाव को एक महत्वपूर्ण कारक मानते हुए रक्षा क्षेत्र की इन शीर्ष कंपनियों को विश्वास है कि वायु, भूमि और समुद्री उत्पादों में भारत की क्षमता को महाद्वीप और वैश्विक स्तर पर पसंद किया जाएगा। दक्षिण अफ्रीका की प्रशासनिक राजधानी च्वेन में स्थित वाटरक्लूफ वायुसेना केंद्र पर आयोजित एएडी प्रदर्शनी देश के सकल घरेलू उत्पाद में सबसे बड़ा योगदान देने वाले आयोजनों में से एक है। इस साल 18 से 22 सितंबर तक एएडी के तहत प्रदर्शनी और एयर शो आयोजित किया जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने प्रदर्शनी में भारत के पैवेलियन का बुधवार को आधिकारिक उद्घाटन करने के बाद कहा हमारे उत्पादों ने लड़ाई की स्थिति में अच्छा प्रदर्शन किया है और इसलिए वे अफ्रीकी देशों के लिए बेहतरीन विकल्प हैं। मुझे भरोसा है कि वे इन उत्पादों की खरीद करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार के उद्यम आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजय द्विवेदी ने कहा कि यह पहली बार है कि वे प्रदर्शक के रूप में भाग ले रहे हैं।